ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 07 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 301 ● पृष्ठ-12 ●मूल्य ₹ 2.00

'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के सीक्वल को ... पेज 12 पर



## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 से

### फिर से आ सकता है डोमिसाइल, आरक्षण वृद्धि और एंटी मॉब लिंचिंग बिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा और इसमें छह कार्य दिवस होंगे। यह सत्र कई मायने में अहम होगा। सरकार इस सत्र में डोमिसाइल, आरक्षण वृद्धि और एंटी मॉब लिंचिंग बिल फिर से ला सकती है। पूर्व में पारित ये तीनों बिल राज्यपाल अलग-अलग वजहों से लौटा चुके हैं।

## एल खियांग्ते झारखंड के नए मुख्य सचिव, सुखदेव सिंह हटाए गए

### सुखदेव सिंह को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान महानिदेशक बनाया गया

### नए मुख्य सचिव मिजोरम के रहने वाले हैं और 1988 बैच के अधिकारी हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह एल खियांग्ते को राज्य को नए मुख्य सचिव बनाया गया है। सुखदेव सिंह को अगले आदेश तक झारखंड के श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से बुधवार को जारी कर दी गई है। मुख्य सचिव के पद से हटाए गए सुखदेव सिंह 1987 बैच के आईएएस अफसर हैं और वे मार्च 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। पहले 1 अप्रैल 2020 से वह मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। सुखदेव सिंह मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मधु कोड़ा और हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रधान सचिव की भूमिका भी निभा चुके हैं। इसके अलावा विकास आयुक्त, वित्त आयुक्त, वन एवं पर्यावरण और कैबिनेट समेत सभी कोर डिमार्टमेंट का कार्यभार संभाल चुके हैं। नए मुख्य सचिव एल. खियांग्ते मूल रूप से मिजोरम के रहने वाले हैं और 1988 बैच से आते हैं।

क्रिश्चियन ट्राइबल कम्युनिटी से आने वाले खियांग्ते झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित कई अहम पदों पर रह चुके हैं। वह फिलहाल श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में महानिदेशक के पद पर पदस्थापित थे। इसके अलावा उनके पास वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्जन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार था। सुखदेव सिंह 2024 में सेवानिवृत्ति होंगे। झारखंड के 24वें मुख्य सचिव बने एल खियांग्ते 1988 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस ऑफिसर हैं। उनका जन्म 26 अक्टूबर 1964 को हुआ था। वह 31 अक्टूबर 2024 को रिटायर होंगे। उनके बैच के दो आईएएस ऑफिसर है जिनमें अरुण कुमार सिंह इसी साल 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं जबकि अलका तिवारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

## एक नजर

### सांसद धीरज साहू के 5 ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे



**रांची।** आयकर विभाग की टीमों ने बुधवार कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित पांच ठिकानों पर दबिश देकर सर्वे शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 दिसंबर, 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद साहू के घर पर छापा मारा था। आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को होगी। बैठक शाम चार बजे धुर्वा के प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है।

### रेवंत रेड्डी आज लेंगे सीएम पद की शपथ



**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद गुरुवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। छप्पन वर्षीय नेता का शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजकर चार मिनट पर यहां विशाल एलबी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

### पीएम करेंगे इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी शुक्रवार को देहरादून में आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 08 दिसंबर को देहरादून, उत्तराखंड का दौरा करेंगे। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से हजारों निवेशक और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें केंद्रीय मंत्रियों, विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ-साथ प्रमुख उद्योगपतियों सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

### सीएम ने 90 योजनाओं का शिलान्यास व 142 योजनाओं का किया उद्घाटन

# 15 हजार किमी. ग्रामीण सड़क का होगा निर्माण : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला/खरसावां।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं मिलेगा, जहां सरकार नहीं पहुंचेगी। आज राज्य के गांव और पंचायत में शिविर के जरिए जरूरतमंद योजना का लाभ ले रहें हैं। सरायकेला-खरसावां के नौ प्रखंड के 132 पंचायत में भी तय समय अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को खरसावां के सिमला पंचायत स्थित गोंडपुर मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य भर में लग रहे शिविर के माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान- मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा। बिजली, पानी और सड़क गांव-गांव पहुंचाने का कार्य होगा। वर्तमान में आपकी सरकार सौ यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है। इसका लाभ अबतक करीब 66 हजार लोगों को मिला है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को मजबूती के उद्देश्य से शहर में निवास करने वाले लोगों को अपने घरों एवं कैम्पस पर पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार जल्द ही 50 हजार नई नियुक्तियां करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 साल की लड़ाई के बाद हमें अलग राज्य मिला, 20 साल की लड़ाई के बाद हम सरकार में शामिल हुए, विकास का खाका तैयार किया गया, लेकिन विपक्ष को ये सब नजर नहीं आता, क्योंकि विपक्ष को टिन के चश्मे से दिखता है।

### घरों एवं कैम्पस पर पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त

### वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जाएगा

### राज्य सरकार जल्द ही 50 हजार नई नियुक्तियां करेगी



### वनोपज का मिलेगा सही मूल्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह धान क्रय को लेकर सरकार ने मिनिमम सपोर्टिंग प्राइस तय किया है उसी तरह वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जाएगा। इसके लिए सिदो कान्हो वनोपज सहकारी संघ का गठन किया गया है, ताकि वनोपज का सही मूल्य किसानों को मिल सके। बाजार से अच्छे कीमत पर वनोपज क्रय किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की कोयला रॉयल्टी का बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ का भुगतान नहीं कर रही है। यदि यह राशि झारखंड को प्राप्त हो जाती, तो वृद्ध महिला-पुरुष को ढाई हजार रुपये प्रतिमाह देते।

### राज्य सरकार देगी अबुआ आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब राज्य सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अर्हता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहे इसके लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने बार-बार सरकार गिराने का प्रयास किया लेकिन, हर बार मुंह की खानी पड़ी, अब 29 दिसंबर को सरकार अपने 4 साल पूरे करेगी।

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना

प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार मदद दे रही है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने का काम हो रहा है। इसकी गारंटर सरकार बनेगी। इसलिए माता - पिता अपनी बच्चियों को पढ़ाएं। मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है। वर्तमान में आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के 50 बच्चों को यह स्कॉलरशिप मिल रहा है। यह देश की पहली ऐसी योजना है। मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन संवाद में ईचागढ़ की सविता देवी को 10 गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री से संवाद में सविता ने कहा कि उसे एक गाय मिली है लेकिन वह 10 गाय लेना चाहती है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, ईचागढ़ को 10 गाय उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी उतारेंगे रामलला की पहली आरती



### रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम का उद्घाटन भाषण भी होगा

### राम लला मंदिर में पूजा अर्चना से पहले बलिदान के प्रतीक जटायु मंदिर में होगी पूजा, प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 150 वैदिक आचार्य करेंगे

### वैदिक विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ की निगरानी में होंगे सभी अनुष्ठान

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

श्री राम जन्मभूमि परिसर में नवनिर्मित रामलला मंदिर में रामलला की नई मूर्ति की पहली आरती पीएम नरेंद्र मोदी उतारेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 150 वैदिक आचार्यों को लगाया जा रहा है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि काशी के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती के मार्गदर्शन में आचार्यों की टोली का चयन हुआ है। काशी के वैदिक विद्वान लक्ष्मीकांत दीक्षित प्रमुख आचार्य रहेंगे। उनके साथ डेढ़ सौ पुरोहितों की टोली रहेगी, जो विभिन्न पारायण, पाठ, यज्ञ आदि करेगी। काशी के ही प्रसिद्ध वैदिक विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ की निगरानी में सारे अनुष्ठान होंगे। 17 जनवरी को रामलला की अचल मूर्ति की भव्य शोभायात्रा निकालकर राम जन्मभूमि परिसर में स्थापित की जाएगी। उसके बाद 18 जनवरी से पूजन, अर्चन अनुष्ठान की प्रक्रिया शुरू होगी। गोविंद देव गिरी ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचने के बाद सबसे पहले जटायु मंदिर जाएंगे। जटायु उन कारसेवकों, बलिदानियों के प्रतीक हैं, जिन्होंने भगवान के कार्य के लिए जीवन को न्योछावर किया। उन सबके प्रतिनिधि के रूप में जटायु को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। फिर उद्घाटन भाषण को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद देशभर से आए साधु संतों से आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद समारोह में देश विदेश से आए अतिथियों को रामलला के दर्शन कराया जाएगा।

## 5 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर सरकार ने पांच लाख रुपये इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार नक्सली लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बरियातू जागीर गांव का रहने वाला है। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर प्रदीप सिंह इन दिनों अपने गांव के आसपास देखा जा रहा है। इस सूचना के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित कर प्रदीप सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस को देखते ही प्रदीप सिंह भागने लगा लेकिन पुलिस ने उसे चारों ओर से घेर कर गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली प्रदीप ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाईकोर्ट ने शीर्ष नक्सली प्रशांत बोस को जमानत देने से किया इंकार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शिला देवी को बेल देने से इंकार कर दिया है। प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका पर बुधवार को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने पक्ष रखा। प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने बहस करते हुए कहा कि प्रशांत बोस नक्सलियों के थिंक टैंक हैं और इनके खिलाफ झारखंड के अलग-अलग जिलों में कई मामले दर्ज हैं। इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

## ईडी के समन पर नहीं हाजिर हुए एसपी नौशाद आलम

**रांची।** विजय हांसदा को दिल्ली भेजने की व्यवस्था करने के आरोप में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ईडी के राडार पर हैं। उन्हें ईडी की तरफ से दोबारा बुधवार को पूछताछ के लिए रांची स्थित कार्यालय बुलाया गया था लेकिन वो नहीं आये। नौशाद आलम ने ईडी को चिट्ठी लिख कर समय मांगा है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लॉ एंड ऑर्डर का हवाला दिया है। अब ईडी तीसरी बार नौशाद आलम को समन कर बुला सकता है। इससे पहले नौशाद आलम से ईडी पूछताछ कर चुका है।

## दिल्ली में 17 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की होगी बैठक : लालू


### अब देखना है नीतीश, अखिलेश, सोरेन व ममता क्या कहते हैं?

**ब्यूरो। नई दिल्ली**




राजद प्रमुख लालू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 17 दिसंबर को दिल्ली में होगी। अब देखना है कि लालू की इस घोषणा के 11 दिन बाद होने वाली इस बैठक तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत ठीक हो जाती है या नहीं, प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का, पहले न बताने के कारण कहीं और कार्यक्रम होगा या नहीं, उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 17 की बैठक में आने से कन्नी काटते हैं या नहीं। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई थी। उसमें आने के लिए असली शिवसेना धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने हामी भर दी थी। राकांपा नेता शरद पवार ने भी हामी भर दी थी। लेकिन पहले ममता, फिर नीतीश, उसके बाद अखिलेश ने पहले से व्यस्तता व अन्य किसी बहाने कन्नी काट ली। अब तो लालू यादव ने ही अगली तिथि की घोषणा की है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अनमोल जीवन को त्यागते लोग कारण और समाज



सुनील बादल

सभी जीवों में श्रेष्ठ माने जानेवाले मनुष्य को मानव संसाधन कहा जाता है क्योंकि सभी का योगदान महत्वपूर्ण होता है। किसी के भी घर में गूंजने वाली किलकारियां सारे दुख और कटु अनुभव को भुला देती हैं। पर बढ़ती भागदौड़, गलाकाट प्रतिस्पर्धा और अतिमहत्वकांक्षा के बीच राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में हर रोज 468 लोगों ने अपनी जान ली और उनमें से एक तिहाई दिहाड़ी पर काम करने वाले, कृषि मजदूर और किसान या खेती करने वाले थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल 1.71 लाख आत्महत्याएं दर्ज की गईं जो 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। डेटा यह भी दशार्ता है कि प्रति व्यक्ति आत्महत्या की दर लाख आबादी पांच साल पहले 10.2 की तुलना में 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई है। मेट्रो शहरों में से, दिल्ली (3,367), बेंगलुरु (2,313), चेन्नई (1,581), और मुंबई (1,501) में आत्महत्याओं की अधिक संख्या दर्ज की गई है। इन चार मेट्रो शहरों में कुल आत्महत्याओं की हिस्सेदारी लगभग एक तिहाई है जहां कुल 26,282 मौतें दर्ज की गईं। दिल्ली में 2021 की तुलना में पिछले वर्ष सबसे अधिक 22% की वृद्धि दर्ज की गई. लव अफेयर और शादी के कारण 9.3% आत्महत्याएं दर्ज की गईं। शोध से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



> 2022 में कारोबारियों के आत्महत्या करने के मामलों में कर्नाटक राज्य आगे रहा। कुल आत्महत्या के मामलों में 14.3 फीसदी कारोबारी इस राज्य से थे। कुल आत्महत्या के मामलों में 14.3 फीसदी कारोबारी इस राज्य से थे। दूसरे नंबर पर 13.2 फीसदी के साथ महाराष्ट्र और तीसरे स्थान पर 11.3 फीसदी के साथ मध्य प्रदेश था।

### 2030 तक आत्महत्या दर एक तिहाई कम करने का लक्ष्य

विश्व स्वास्थ्य संगठन का मार्गदर्शन 2030 तक आत्महत्या दर को 1/3 तक कम करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जन जागरूकता और कारणों को दूर करना आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ के अनुमान के अनुसार आत्महत्या दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक बनी हुई है और हर साल, एचआईवी, मलेरिया या स्तन कैंसर या युद्ध और हत्या की तुलना में आत्महत्या से अधिक लोग मरते हैं। विश्व स्तर पर आत्महत्या के कई कर्ण पाए गए नौकरी छूटना, वित्तीय तनाव और सामाजिक अलगाव। 15-29 आयु वर्ग के युवाओं में, सड़क दुर्घटना की चोट, तपेदिक और पारस्परिक हिंसा के बाद आत्महत्या मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण था। महिलाओं की तुलना में दोगुने से अधिक पुरुष आत्महत्या के कारण मरते हैं (प्रति एक लाख पुरुषों में 12.6 जबकि प्रति लाख महिलाओं पर 5.4)। उच्च आय वाले देशों में पुरुषों में आत्महत्या की दर आम तौर पर अधिक है (16.5 प्रति लाख)। महिलाओं के मामले में, सबसे अधिक आत्महत्या दर निम्न-मध्यम आय वाले देशों (7.1 प्रति लाख) में पाई जाती है। विश्व स्तर पर आत्महत्या की दर कम हो रही है, अमेरिका में यह ऊपर जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन आत्महत्या की रोकथाम के लिए अपने लाइव लाइफ दृष्टिकोण को लागू करने के लिए व्यापक मार्गदर्शन जारी कर रहा है। इस दृष्टिकोण की चार रणनीतियां हैं अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों और आग्नेयास्त्रों जैसे आत्महत्या के साधनों तक पहुंच को सीमित करना, आत्महत्या की जिम्मेदार रिपोर्टिंग पर मीडिया को शिक्षित करना, किशोरों में सामाजिक-भावनात्मक जीवन कौशल को बढ़ावा देना, और आत्मघाती विचारों और व्यवहार से प्रभावित किसी भी व्यक्ति की शीघ्र पहचान, मूल्यांकन, प्रबंधन और अनुवर्ती कार्रवाई।

## बोकारो एयरपोर्ट से 28 फरवरी से शुरू होंगी नियमित उड़ानें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बहुप्रतिक्षित राज्य के चौथे बोकारो एयरपोर्ट से अगले साल की शुरूआत में विमान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अगले साल 28 फरवरी से इस हवाई अड्डा से परिचालन शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि रांची, देवघर और जमशेदपुर के बाद यह राज्य का चौथा एयरपोर्ट है, जहां से कॉमर्शियल घरेलू उड़ानें शुरू की जाएगी। भारत सरकार की योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत इस एयरपोर्ट से रेगुलर एयर कनेक्टिविटी की मंजूरी पहले ही दे दी गई थी लेकिन कई तरह की तकनीकी औपचारिकताओं के चलते इसमें विलंब हो रहा था। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्थित एयरपोर्ट को सेल ने विकसित किया है लेकिन यहां से फिलहाल कॉमर्शियल उड़ानें नहीं हैं।

यहां सेल ने कॉमर्शियल उड़ानों के लिए आवश्यक तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं। यहां एटीसी टावर, रनवे, फायर फीट, पैसेंजर लॉबी, मेन गेट सहित अन्य संरचनाओं का काम पूरा हो चुका है। बोकारो एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने के लिए एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया का एमओयू जनवरी में दोबारा हुआ था। इसके बाद से ही लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी लेकिन पेड़ों की कटाई नहीं होने के कारण प्रक्रिया धीमी हो गयी थी।

# एक साल से जलापूर्ति ठप्प पानी को तरस रहे ग्रामीण

बेंगाबाद में पानी की टंकी बनी शोभा की वस्तु



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के मोतिलेदा में 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पानी टंकी शोभा की वस्तु बन कर रह गई है. इस टंकी से पिछले करीब एक साल से जलापूर्ति ठप है. ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. अपनी इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार आवाज उठाई, लेकिन अधिकारियों ने अनसुनी कर दी. विभागीय उदासीनता और संवेदक की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है. स्थानीय ग्रामीण दिनेश वर्मा, रीतलाल वर्मा, नरेश राय, लक्ष्मण तुरी, दीपन शर्मा, रंजीत पंडित आदि ने मंगलवार को गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को आवेदन देकर जलापूर्ति जल्द शुरू कराने का आग्रह किया है. डीसी ने बेंगाबाद बीडीओ को आवेदन अग्रसारित करते हुए समस्या का समाधान जल्द करने का निर्देश दिया है. ग्रामीण दिनेश वर्मा ने बताया कि पेयजलापूर्ति योजना शुरू होने के बाद कुछ दिनों तक पंचायत की बड़ी आबादी को पीने का पानी नियमित मिला. लेकिन पिछले करीब एक साल से टंकी से जलापूर्ति बंद है. जलापूर्ति बहाल कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों को कई बार आंदोलन का भी सहारा लेना पड़ा. पंचायत के पंसस प्रतिनिधि रीतलाल वर्मा ने कहा कि वह कई बार इस मामले को पंचायत समिति की बैठक में उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई. स्थानीय ग्रामीण इंद्रलाल वर्मा ने कहा कि जलापूर्ति शुरू होने के समय से ही क्षेत्र के कुछ गांवों को पानी नहीं मिल रहा था.पेयजलापूर्ति बाधित रहने से पंचायत के सभी गांवों के अलावा कर्णपुरा पंचायत के बिजलीबथान के लोग भी प्रभावित हैं. लोगों ने बताया कि संवेदक टर्म पूरा होने की बात कहकर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. इस संबंध में पूछे जाने पर पेयजल विभाग के जेई मणिकांत ने बताया कि 2 साल का टर्म पूरा होने तक संवेदक ने योजना का संचालन किया. इसके दो साल बाद भी पानी टंकी की मेंटेनेंस समेत अन्य जरूरी काम किए गए. इसके बाद ग्राम जल स्वच्छता समिति को योजना के संचालन का जिम्मा दिया जाने लगा. लेकिन स्थानीय मुखिया व समिति ने जिम्मा नहीं लिया. विभागीय स्तर पर भी कई बार मुखिया व समिति से बात कर उन्हें संचालन के लिए बोला गया, मगर इस दिशा में किसी ने पहल नहीं की.

## सरकार से वतन वापसी की लगाई गुहार

# सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर



**नवीन मेल संवाददाता**

बोकारो। झारखंड के बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है. झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला एक बार फिर सामने आया है. इस बार झारखंड के 45 प्रवासी मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं. मजदूरों को काम के बदले कंपनी के द्वारा पांच महीने से मजदूरी नहीं दी जा रही है. इससे मजदूरों के समक्ष खाने- पीने का संकट उत्पन्न हो गया है. मजदूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से वतन वापसी की गुहार और बकाया मजदूरी की भुगतान किए जाने की मांग की है. प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार से मजदूरों की मदद करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं. लोग रोजी रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं, वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं. ऐसे हालात में मजदूर बड़ी मुश्किल से अपने वतन लौट पाते हैं.ऐसे सरकार को मजदूरों का पलायन रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है. इसके अलावा भी झारखंड के 5 मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं.

### ये मजदूर फंसे हुए हैं

गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के तारानारी के अर्जुन महतो, भागिरथ महतो, टेकलाल महतो, बेको के संतोष साव, महेश साव, कामेश्वर साव, खेतको के महेश महतो, रीतलाल महतो, विजय महतो, मुंडरो के अशोक महतो जरमुने सोहन कुमार, डुमरी प्रखंड के बरियारपुर इंद्रदेव महतो, चैनपुर के राजेश कुमार महतो, पोरदाग गणेश साव, डुमरी के सुभाष कुमार, जानकी महतो, बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के पोखरिया जगदीश महतो, गोनियाटो रामचंद्र महतो, गोमियां प्रखंड के करी के प्रदीप महतो, सीधाबारा के मनोहर महतो हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ प्रखंड के अचलजामू के सहदेव राजवार, रूपलाल महतो, करगालो के बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, सीतल महतो, रोहित महतो, मेघलाल महतो, रंजन राज मेहता, सारूकुदर के भैरो महतो, उच्चाघाना के सुकर महतो नंदलाल महतो, लोकनाथ महतो, सुनिल महतो, बलकमक्का के तिलक महतो, थानेश्वर महतो, अम्बाटांड महानंद पटेल, प्रमोद महतो, अनंतलाल महतो, खरकट्टो के तापेश्वर महतो, सीरैय के टोकन सिंह, अलखरी के धानेश्वर महतो, नागी चुरामन महतो, केन्दुवाडीह के भुनेश्वर महतो, जितेंद्र महतो, बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर के बालगोविंद महतो शामिल है.

## किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में मना डॉ भीमराव अंबेडकर का 67वां निर्वाण दिवस

# बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलकर उनके सपनों को साकार करें : सीजीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सेवा स्तम्भ किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के तत्वावधान में डॉ भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय ने लोगों को अम्बेडकर के प्रति शपथ दिलाकर किया. तत्पश्चात डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर सभी ने पूजा-अर्चना एवं एक-एक कर माल्यार्पण किया. मुख्य अतिथि सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि डॉ अम्बेडकर अर्थशास्त्री, शिक्षाविद, संविधान निमार्ता, गरीब, शोषित, पीड़ितों के मसीहा थे. उन्होंने लोगों को शिक्षा का महत्व बताया एवं सभी को शिक्षित करने का अभियान छेड़ा. डॉ अम्बेडकर महिलाओं को अधिकार, समाज में जात-पात, भेद-भाव के खिलाफ आवाज बुलंद किया. आज भी उनके अनेक सपने अधूरे हैं, जिसे पूर्ण करना है एवं उनके बताये मार्ग पर चलना है. सीजीएम एसएस साहा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा रास्ता है जो सामाजिक बुराइयों को खत्म कर सकता है. महिलाएं शिक्षित होकर बच्चों व समाज को आगे बढ़ा सकती है. ऐसा डॉ अम्बेडकर की सोच थी. उन्होंने इस दिशा में कार्य किया. मेघाहातुबुरु के महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम ने कहा कि डॉ अम्बेडकर अगर और कुछ दिन रहते तो हमारा देश काफी आगे गया होता. वह सिर्फ विशेष वर्गों के मसीहा नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितकारक थे. विश्व का सबसे सुदृढ़ संविधान हमारा है, जिसमें महिलाओं को अधिकार दिया था. सेवा स्तंभ सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु प्रबंधन से सहयोग मांगें, ताकि यह संस्था डॉ अम्बेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर सकें. किरीबुरु के महाप्रबंधक राम सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर सामाजिक समानता लाने में अहम योगदान दिया, उन्होंने देश व समाज के उत्थान के लिये अहम योगदान दिया. मेघाहातुबुरु के सहायक महाप्रबंधक अजीत कुमार ने कहा का डॉ अम्बेडकर के एक-दो विचारों जैसे शिक्षा आदि को अपना लें तो हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे.

## जमशेदपुर : बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर आजाद समाज पार्टी ने दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी की जिला इकाई ने बुधवार को बाबा साहब अम्बेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किया. आजाद समाज पार्टी के साकची स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा उपस्थित थे. उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित कर बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर को याद किया. कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर देश ही नहीं बल्कि दुनिया के महान विद्वान थे. जिनके द्वारा लिखा गया संविधान आज इस देश की आत्मा है. इसी संविधान ने इस देश के शोषित वंचित समाज को उनका हक और अधिकार दिलाया. गरीबों और वंचितों को आरक्षण के माध्यम से उनके जीवन का उत्थान किया. बाबा साहब केवल दलितों के नहीं बल्कि समस्त देश वासियों के बारे में सोचते थे. उन्ही के कारण आज देश के अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े और आदिवासी सुरक्षित है.

# अमन सिंह की चलती थी हुकूमत, रिंकू सिंह को हल्के में लेना पड़ा महंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत पांच लोगों की हत्या में जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की जेल से लेकर पूरे कोयलांचल में हुकूमत चलती थी. यूपी के अंबेडकर नगर निवासी अमन सिंह को भी पता था कि वह प्रयागराज (इलाहाबाद) के रिंकू सिंह की बदौलत ही धनबाद में अपराध जगत का बादशाह बना हुआ है. वह कोयला कारोबारियों और व्यवसायियों से रंगदारी में हर महीने 30 से 50 लाख रुपये कमाने लगा. वहीं, रिंकू को कुछ हिस्सा देकर नजरअंदाज करने लगा. हीरापुर के आशीष रंजन उर्फ छोटू के साथ भी अमन ने ऐसा ही किया, जो उसके लिए काल बन गया. सूत्रों के अनुसार, 23 मार्च 2017 को नीरज सिंह की हत्या के मामले करीब डेढ़ महीने बाद मई 2017 में मिजार्पुर की एसटीएफ टीम ने अमन को गिरफ्पतार किया था. बारी-बारी से रिंकू, कुर्बान, शिबू समेत कई आरोपी पकड़े गए और सभी को धनबाद जेल भेजा गया. अमन सिंह धनबाद जेल में रहकर लोकल गैंग के संपर्क में आया. फिर, व्यवसायियों और कोयला कारोबारियों के मोबाइल नंबर जुगाड़ कर उनसे रंगदारी मांगना शुरू कर दिया. इसी बीच 2019 में सरायढेला के जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या हो गई. इस कांड में कोयलांचल के कुख्यात शूटर आशीष रंजन और सतीश साव उर्फ गांधी को पुलिस ने गिरफ्केतार कर धनबाद जेल भेज दिया. जेल में पहले से मौजूद अमन सिंह ने चालाकी दिखाई और कोयलांचल में मजबूत पकड़ बनाने के लिए छोटू और गांधी से दोस्ती कर ली.

### लाला खान की हत्या के बाद हिस्सा नहीं मिलने पर अमन से अलग हुआ था छोटू

सूत्रों के अनुसार, 12 मई 2021 को वासेपुर में लाला खान की हत्या के बाद तय हिस्सा नहीं मिलने पर अशीष रंजन उर्फ छोटू अमन सिंह से अलग हो गया. अमन सिंह ने छोटू को कह दिया कि वह अपने दम पर कोयलांचल में राज कर रहा है. छोटू जैसे दर्जनों युवक उसके साथ हैं, जो रंगदारी मांगने और गोलियां चलाने का काम करते हैं. छोटू उसके साथ रहे या न रहे, कोई फर्क नहीं पड़ता है. लाला से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी. नहीं देने पर छोटू ने गैंग के साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी. अमन व छोटू में अदावत होने के बाद अमन ने छोटू को रास्ते से हटाने को योजना बनायी थी. भनक मिलने के बाद उसे रिंकू का सहयोग मिला और अमन का अंत हो गया.

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**चाईबासा।** किरीबुरु थाना क्षेत्र अन्तर्गत निवासी मंदबुद्धि नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी का नाम सनिका मुन्डारी (39 वर्ष), पिता बचु मुन्डारी एवं समराय सोय (24 वर्ष) पिता जपना बंधु सोय है. दोनों बकल हाटिंग निवासी को किरीबुरु पुलिस ने घटना के महज कुछ घंटे बाद गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया. घटना के बाबत पीड़िता की मां ने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ 5 दिसम्बर को किरीबुरु स्थित साप्ताहिक मंगलाहाट में सब्जी बेच रही थी. इसी दौरान लगभग साढे.तीन बजे मेरी बेटी हमारे पास से अलग हुई. हम सब्जी बेचने में व्यस्त थे. तभी मोटरसाइकिल सवार दो लोग आये और मेरी बेटी को बाजार से जबरन बड़ाजामदा मार्ग पर सारंडा के घने जंगल में ले गये.

## 75 प्रतिशत स्थानीय को नौकरी के लिए बीएसएल का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** विस्थापित युवाओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बोकारो इस्पात संयंत्र के चीफ जनरल मैनेजर हरि मोहन झा के सेक्टर 5 स्थित आवास का सुबह 3 बजे से घेराव कर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया गया. विस्थापित युवाओं ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन को आंदोलन की सूचना देने के बावजूद प्रबंधन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया. जिसके कारण प्रदर्शन करना पड़ा. एक तरफ सेल के अध्यक्ष के दौरे को लेकर अधिकारी तैयारी में जुटे थे, मौके की नजाकत को देखते हुए विस्थापितों ने सेल मैनेजर के लाइब्रेरी मैदान स्थित आवास पर प्रदर्शन शुरू कर दिया. दुर्गा चरण महतो और अरविंद महतो के नेतृत्व में विस्थापित युवा आंदोलन के दौरान कहा कि बीएसएल से अप्रेंटिस ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद भी सेल प्रबंधन विस्थापितों को नजरअंदाज कर रहा है. इसी को लेकर महाप्रबंधक आवास का घेराव किया है. विस्थापितों ने माना कि वर्तमान स्थिति में सेल प्रबंधन इतने लोगों को नौकरी नहीं दे सकता तो उसके स्थान पर प्लांट के अंदर हाई स्कील वर्कर के तहत रोजगार मुहैया करवाई जाय. सरकार द्वारा 75% स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार का नियम है, बीएसएल में करीब 500 आउटसोर्सिंग कंपनियां काम कर रही है. कई बड़ी-बड़ी का ठेका कंपनी काम ले रही है, बावजूद इन विस्थापितों के साथ भेदभाव हो रहा है. बीएसएल प्रबंधन अगर इसी प्रकार से विस्थापित स्किल युवाओं को ठगने का काम करेगी तो सेल के खिलाफ विस्थापितों द्वारा उग्र आंदोलन होगा।

### रामगढ़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को शूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के स्थानीय कार्यालय एमएसएमई विकास कार्यालय रांची द्वारा गोला प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन चोकाद में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक एमएसएमई गौरव ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण एवं पीएम विश्वकर्म योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने भावी उद्यमियों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आह्वान किया।

## सरकारी अस्पताल के परिसर में फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा

### आवागमन बाधित



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच के परिसर में इन दिनों फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा है. इससे परिसर में अक्सर जाम की स्थिति रहती है, जिससे मरीजों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के गेट से लेकर मुख्य गेट तक फुटपाथियों ने ठेला-खोमचा पर बाजार लगा दिया है. इससे रास्ते में आवागमन बाधित हो रहा है. गंभीर मरीज भी यहां हर दिन जाम में फंस रहे हैं. इसकों लेकर डॉक्टर और कर्मचारियों की बाजार लगाने वालों के साथ अक्सर झड़प हो जा रही है. इस संगध में मरीज और 108 एंबुलेंस के चालकों ने बीते दिनों अस्पताल अधीक्षक डॉ अनिल कुमार से शिकायत की थी. लेकिन आश्वाशन के बाद भी आज तक बाजार नहीं हटाया जा सका.108 एंबुलेंस के चालकों का कहना है हर दिन यहां जाम लगा दिया जा रहा है. इससे मरीजों को ले जाने में परेशानी हो रही है. अस्पताल की सुरक्षा में 15 होमगार्ड जवान तैनात हैं. जाम हटाने के लिए उन्हें यहां ड्यूटी पर लगाया गया है. इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि होमगार्ड के जवान कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. परिसर में हर दिन ठेला-खोमचा के साथ खिलौने की दुकानें भी सज रही हैं. सड़क पर ही बाइक व अन्य छोटे वाहनों की पार्किंग से भी मरीजों और उनके परिजनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. आरोप है कि अस्पताल में ड्यूटी दे रहे होम गार्ड के जवान ठेले-खोमचे वालों से हर दिन वसूली करते हैं. नगर निगम की ओर से लगभग 6 लाख रुपए की लागत से अस्पताल परिसर में वाटर प्लांट स्थापित किया गया था. इस प्लांट से मरीजों के लिए काफी सस्ती दर पर पानी की व्यवस्था की गई थी. लेकिन कुछ ही दिनों में यह वाटर प्लांट बंद हो गया. एक दुकानदार ने इसे किराना स्टोर बना दिया है. वाटर प्लांट में चाय और पकौड़े भी बेले जा रहे हैं. इस संबंध में पूछे जाने पर एसएनएमसीएच के अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि अस्पताल परिसर में जाम से अक्सर समस्या उत्पन्न हो रही है. इससे मरीजों के साथ डॉक्टरों को भी परेशानी हो रही है. होमगार्ड जवानों को जाम हटाने के लिए कहा गया है. दोषियों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी.

## जलापूर्ति ठप्प | गिरिडीह के बगोदर में नल जल योजना बदहाल

# ड्राई बोरिंग में स्ट्रक्चर खड़ा कर बिछा दी पाइप







**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बगोदर प्रखंड के खेतको गांव में नल जल योजना का बुरा हाल है. नल जल योजना के मापदंडों का पालन यहां नहीं किया गया है. कहीं ड्राई बोरिंग में स्ट्रक्चर खड़ा कर घरों पाइप बिछाकर घरों तक नल लगा दिया गया है तो कहीं नल जल योजना से जलापूर्ति शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही जलापूर्ति ठप पड़ गयी है. गिरिडीह के बगोदर प्रखंड के खेतको गांव में नल जल योजना बदहाल स्थिति में है. बिना किसी प्लान के तहत जैसे-तैसे घरों तक पाइप बिछाया तो कई घरों में ना नल लगा और ना ही वहां तक पानी पहुंच पाया. इस कारण यहां जलापूर्ति योजना शुरू होने से पहले ही ठप पड़ गयी. इसके अलावा कुछ जगहें ऐसी भी हैं जहां लोग नदी का पानी पीने को विवश हैं, लेकिन वह न तो बोरिंग की गई है और न हीं जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है. कुछ ऐसे भी बोरिंग जहां पर नल से दो-चार बाल्टी ही पानी निकलता है. कुल मिलाकर कहें तो सरकार की अति महत्वाकांक्षी नल जल योजना खेतको गांव में अबतक सार्थक साबित नहीं हुआ है. इससे मुखिया सहित ग्रामीणों में विभाग और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश है. मुखिया शालीग्राम प्रसाद ने मामले को लेकर डीसी को आवेदन भेजकर मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है. डीसी को भेजे पत्र में ड्राई बोरिंग में स्ट्रक्चर खड़ा करने, पाइप बिछाने के लिए गड्ढा कम खोदने एवं जलापूर्ति योजना के सामग्रियों का गुणवत्ता पर सवाल उठाया है. इधर जेई लालू प्रसाद ने कहा है कि वे मामले की जांच करेंगे. ड्राई बोरिंग में अगर स्ट्रेक्चर खड़ा किया गया है तो यह गलत है, इसकी जांच की जाएगी.

झारखण्ड सरकार
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)
गेट नं० – 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची – 834008
E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com

खेल संघों से अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रण संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के वैसे राज्य खेल संघों जिनके राष्ट्रीय महासंघ की मान्यता भारतीय ओलम्पिक संघ से हो एवं राज्य इकाई की मान्यता झारखण्ड ओलम्पिक संघ से प्राप्त हो तथा विभागीय अधिसूचना संख्या – 32 दिनांक 20.12.2022 में वर्णित शर्त्तों/अहर्त्ताओं को पूर्ण करते हों, से वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन अथवा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी के पूर्व राज्य के चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु विहित प्रपत्र में अनुदान राशि हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। यह आवेदन विभागीय संकल्प संख्या – 04 दिनांक 10.06.2022 (झारखण्ड खेल नीति–2022) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या – 32 दिनांक 20.12.2022 (खेल संघों को अनुदान हेतु मार्गदर्शिका) द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अधीन आमंत्रित की जा रही है।

राज्य के अहर्त्ताधारी राज्य खेल संघ दिनांक 15.12.2023 के अप० 05:00 बजे तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची अवस्थित खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय में अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन (सभी वांछित अभिलेखों/कागजातों सहित) समर्पित कर सकते हैं। "खेल संघों को सहायता अनुदान" हेतु आवेदन का विहित् प्रपत्र, विभागीय संकल्प संख्या – 04 दिनांक 10.06.2022 (झारखण्ड खेल नीति–2022) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या – 32 दिनांक 20.12.2022 की प्रति इस निदेशालय के वेबसाईट – https://sports.jharkhand.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। इस सूचना से संबंधित अनुवर्ती/बाद की आवश्यक संशोधन एवं अन्य सूचनाएँ आदि निदेशालय के वेबसाईट https://sports.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

ह०/–निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय,
झारखण्ड, राँची

PR 312848 (Art Culture Sports and Youth Affairs)23-24*D

## एक नजर

### डॉ रजनी शर्मा को मिला जापान हिंदी सेवी सम्मान



रांची। हिंदी कल्चरल सेंटर टोक्यो हिंदी साहित्य की अमूल्य सेवाओं के लिए हिंदी की गूंज अंतरराष्ट्रीय पत्रिका की ओर से 'विश्व हिंदी गौरव सम्मान' से डॉ रजनी शर्मा को 'हिंदी की गूंज' पत्रिका की संस्थापक अध्यक्ष डॉ रमा शर्मा के द्वारा विभूषित किया गया। डॉ रमा शर्मा जापान में हिंदी की सेवा हेतु मासिक पत्रिका का प्रकाशन करती हैं । पत्रिका में गीत, गजल, कविता, बाल गीत ,लघु कथा ,कहानी, संस्मरण, व्यंग्य , स्वास्थ्य संबंधी आलेख इत्यादि का प्रकाशन होता है। डॉक्टर रजनी शर्मा को हिंदी की गूंज पत्रिका में साहित्यिक सहयोग के लिए 'जापान हिंदी सेवी सम्मान' भी प्रदान किया गया। यह सम्मान दिल्ली के हिंदी भवन में देश के गणमान्य साहित्यकारों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात साहित्यकार विनोद पाण्डेय ने किया। डॉ रजनी शर्मा को इस उपलब्धि हेतु समाज के गणमान्य लोगों ने तथा साहित्यकारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### हरमू नदी के अतिक्रमण मामले में आरआरडीए चेयरमैन से पूछे सवाल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान की बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में आरआरडीए के वाइस चेयरमैन अमित कुमार एवं टाउन प्लानर स्वप्निल मयूरेश कोर्ट के समक्ष समक्ष उपस्थित हुए। जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरआरडीए वाइस चेयरमैन पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि जब कोर्ट के संज्ञान में हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण की बात आई और हाई कोर्ट के निर्देश पर एडवोकेट कमिश्नर ने उस क्षेत्र का दौरा किया था। इसके बाद आपने उस क्षेत्र का सर्वे क्यों नहीं किया, वहां कितने मकान बने हैं, कितने अवैध है, इसके बारे में सर्वे आरआरडीए की ओर से क्यों नहीं किया गया।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हुआ मॉक ड्रिल

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को रेस्क्यू टीम ने मॉक ड्रिल किया ताकि आपात स्थिति में किसी भी हादसे से निपटा जा सके। टीम के सायरन के बजते ही सभी लोग अलर्ट हो गए। रनवे पर फ्लाइट लैंड करते ही वहां मौजूद रेस्क्यू टीम उसकी ओर भागने लगते हैं जबकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आग बुझाने के लिए तैयार हो जाती है। इसके ठीक पीछे एंबुलेंस की कतार लगी रहती है और रेस्क्यू में तैनात टीम स्ट्रेचर के साथ घायलों को निकालने में जुट जाती हैं। इस दौरान सीआईएसएफ की टीम, जिला पुलिस के जवान, फायर ब्रिगेड की टीम, अस्पताल के कर्मचारी, एंबुलेंस और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लोग सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### एक्सआईएसएस में आज इंटरएक्टिव बुक रीडिंग सत्र

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) और ड्रीम ए ड्रीम, बेंगलुरु स्थित एक संगठन के सहयोग से छात्रों, फैकल्टी सदस्यों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों के साथ एक इंटरैक्टिव पुस्तक के पठन और बातचीत का एक सत्र 7 दिसंबर को एक्सआईएसएस के ऑडिटोरियम में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। सत्र में डॉ. कोनी के चुंग की पुस्तक ड्रीम ए ड्रीम ऐसे लोगों की कहानियों को दर्शाती है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़कर सफल हुए। यह पुस्तक उनकी यात्रा को प्रदर्शित करती है। डॉ. कोनी के चुंग हार्वर्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन से हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय जगत में शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। वे एक उच्च मान्यता प्राप्त लेखक भी हैं। वह आर्थिक सहयोगिता और विकास के लिए संगठन (ओईसीडी) से भी जुड़ हुए हैं, जो एक वैश्विक नीति मंच है। यह मंच दुनिया भर के लोगों के आर्थिक और सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए नीतियों को बढ़ावा देता है।

---

### आज भी राज्य के कई हिस्सों में कहीं हल्की तो कहीं होगी मध्यम बारिश

# मिचौंग का असर : होती रही बारिश, बढ़ी ठंड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में साइक्लोन मिचौंग का आज जोरदार असर देखने को मिला। मिचौंग के कारण मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव आया। साइक्लोन के असर से राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य हिस्सों में मंगलवार की देर शाम से हल्की-हल्की बारिश हो रही है। आज की सुबह राजधानी वासियों के लिए हल्की बारिश के बीच हुई। अहले सुबह से हल्की बारिश शुरू हुई, जो दिन ड्ढार रूक रूक जारी रही। आसमान में धने बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। रांची में आज का न्यूनतम तापमान चार डिग्री घटकर 14 डिग्री सेल्सियस हो गयी। सुबह से हल्की बारिश और हवा चलने से ठंड ड्ढी बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार मिचौंग तूफान की वजह से राज्य के कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई इलाकों में बारिश हो रही है। बारिश के कारण आज सारा दिन जनजीवन प्रभावित रहा। लोगों को बारिश से बचने के लिए एक तरफ रैन कोर्ट तो ठंड से बचने के लिए एक से अधिक गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

**सिमडेगा में सबसे ज्यादा बारिश**

मौसम विभाग ने राज्य के मध्य और दक्षिणी इलाकों में बारिश की संभावना जाहिर की है। इनमें से कई जगहों पर हल्की बारिश हो रही है। हल्की बारिश की वजह से मौसम का मिजाज भी बदला है हल्की ठंड बढ़ी है। सिमडेगा जिले के कई इलाकों में 10 एमएम बारिश हुई है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। तापमान में चार डिग्री की गिरावट आयी है।

**अभी रहेगा असर :** मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अड्ढी झारखंड में इसका और असर दिखेगा। बुधवार के बाद गुरुवार को साइक्लोन मिचौंग का असर राज्य के कई हिस्सों में ज्यादा नजर आयेगा। मौसम विड्ढाग ने कहा है कि आज से ही राज्य के कई हिस्सों में तूफान का असर दिखने लगेगा। गुरुवार को भी तूफान का असर राज्य के कई हिस्सों में दिखेगा।

**शुक्रवार को मौसम होगा साफ**

मौसम विभाग ने शुक्रवार से मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है। मौसम में ठंडक बढ़ेगी। राज्य में गुरूवार तक इसी तरह का मौसम रहेगा।

### झारखंड स्टेट ओपन विवि का वार्षिक समारोह

**रांची।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का वार्षिक समारोह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया (एफएसीआई) नई दिल्ली के सहयोग से चलाए जा रहे कोर्सेस के बारे में ड्ढी जानकारी दी गई। समारोह में उपस्थित एफएसीआई के अध्यक्ष डॉ शबाब आलम ने बताया कि जून 2023 में एफसीआई और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी की बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। जिसके मुताबिक दो कोर्स शुरू किए गए हैं। एक प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ में डिप्लोमा और दूसरा जन स्वास्थ्य रक्षक में डिप्लोमा कोर्स। उन्होंने बताया कि कोर्स का संचालन शुरू हो चुका है और इनमें एडमिशन ओपन हैं। उन्होंने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के जो ड्ढी स्टूडेंट्स इन कोर्सेस में दाखिला लेंगें। उन्हें राज्य सरकार की ओर से फुल स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई है।

### इनसे मिलिए : डॉक्टर राजेश पटेल

# शुरू में टालने पर बाद में महंगा हो जाता है इलाज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मेट्रो गली स्थित वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ राजेश पटेल का कहना है कि जानकारी के अभाव में बहुत से मरीज तब उनके पास आते हैं जब घरेलू इलाज और आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक इलाज से दांतों की समस्या का समाधान नहीं होता और केस इतना बिगड़ चुका होता है कि उन्हें इलाज में ज्यादा परेशानी होती है। पायरिया बहुत लोगों को परेशान करता है जिसमें दांत मसूढ़े में पत्थर हो जाता है मसूढ़े से खून आने लगता है,मुंह से बदबू भी आती है और इस संक्रमित मवाद से पेट की सामान्य पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है । दांत कमजोर हो जाते हैं कई बार दाँत निकालने की नौबत आ जाती है जिसकी स्केलिंग और रूट प्लानिंग करनी पड़ती है । लोगों को लगता है कि दांतों का इलाज बहुत महंगा है इसलिए शुरू में लोग इसे टालते हैं पर बाद में इलाज मजबूरी बन जाती है और खर्च भी ज्यादा होता है। बच्चों को भी चॉकलेट और फास्ट फूड जैसी चीजों से बचाना चाहिए जिसके अवशेष दांतों में सड़न पैदा करते हैं । सभी को चाहिए कि सुबह और रात सोने से पहले दो बार ऊपर नीचे हल्के हल्के से ब्रश करें। विदेशों की तरह साल में दो बार तो नहीं पर एक बार दांतों की जांच करानी चाहिए। आधुनिक सुविधाओं वाले इलाज से अब दुर्घटना में नष्ट हुए दांतों को सुंदर बनाया जा सकता है।

---

### जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता 3 से

# निगम प्रशासक ने किया जयपाल सिंह स्टेडियम का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सरना समिति 3 जनवरी से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस दिन सबसे पहले जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। इसके बाद जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जयपाल सिंह मुंडा जयंती कार्यक्रम को देखते हुए केंद्रीय सरना समिति का एक दल और नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन के साथ कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन नगर निगम के कर्मियों को पूरे स्टेडियम परिसर की साफ सफाई और समतल करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टेडियम में आयोजित होने वाले फुटबाल प्रतियोगिता को देखते हुए सभी आवश्यक कार्य करने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पाहन जगलाल पाहन, शोभा कच्छप, विश्वास उरांव, जगरनाथ तिर्की, मोहन तिर्की, सूरज टोप्पो, अशोक कच्छप, रंजन मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, राजेश पाहन, सुनील टोप्पो, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, महावीर उरांव, मुन्ना लकड़ा, खेल प्रभारी मंगल मिंज, कृष्ण भगत और सरोज नाथ महतो आदि शामिल थे।

### हत्याकांड में शामिल अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी देने की उठी मांग

# करणी सेना अध्यक्ष की हत्या के विरोध में क्षत्रिय समाज ने निकाला आक्रोश मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में क्षत्रिय समाज के लोग ड्ढी रांची के सड़कों पर उतर कर विरोध किया। समाज के लोगों ने करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हत्यारों का जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देने की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के हत्या के विरोध में शहीद चौक स्थित जिला स्कूल में सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग जुटे। जिसके बाद हत्या के विरोध में हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च अल्बर्ट एक्का चौक पहुंच कर सड्ढा में बदल गया। सड्ढा में सड्ढी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यह एक जघन्य अपराध है। ऐसे अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देना चाहिए। ऐसे अपराधी गैंग के लीडरों को तुरंत फांसी पर लटकाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के हत्या में शामिल अपराधियों पर कड़ी सी कड़ी कार्यवाई की जाय। लोवर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ऐसे अपराधियों पर त्वरित सुनवाई होते हुए इन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मार्च में शामिल क्षत्रिय समाज के लोगों ने मिलकर शपथ लिया कि एकजुटता के साथ समाज को और मजबूत किया जायेगा। आक्रोश मार्च में नन्द किशोर सिंह चंदेल, वीनू सिंह, प्रतुल शाहदेव, इंदरजीत सिंह, संजीत सिंह, श्याम सिंह, विपिन सिंह, रवि सिंह, नीतू सिंह, विनय सिंह, मुकेश सिंह, काली सिंह, ललन सिंह, शिवजी सिंह, रणधीर सिंह, डीके सिंह, बी एन सिंह, राकेश सिंह, बैजनाथ सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अजीत सिंह, बालाजी सिंह, बबन सिंह राठौर, धर्मेंद्र सिंह, अविचल सिंह, निखिल राणा, बलराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, अनूप सिंह, शिवम सिंह, विजय सिंह, सतीश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मधुवेंद्र सिंह, गणेश सावाल, संजीत सिंह, अमर सिंह, राजकुमार सिंह, दीपक सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, शिवराज सिंह, अंकित शाहदेव, विक्रांत राणा, आर्यन राजपूत, पंकज सिंह, सुरेश सिंह, कमलाकांत सिंह, संतोष सिंह, सुधाकर सिंह, अमन सिंह, रवि सिंह, कौशल सिंह, सुमन सिंह, अजय कुमार सिंह, सुप्रिया सिंह, मधु सिंह, अर्जुन नारायण सिंह, अमरजीत सिंह, अनु रंजीता सिंह, सुनील सिंह, पिंटू सिंह, विनय सिंह, अजय सिंह, मिंटू सिंह, श्याम सुंदर सिंह, आकाश रजवार, संजय सिंह, प्रशांत तिवारी, प्रड्ढात सिंह, प्रणव सिंह, अड्ढिषेक सिंह, विकास सिंह, विनय सिंह, अजीत सिंह, सुधीर सिंह, चंदन चौधरी, निड्ढा सिंह, करनल बीके सिंह, नीरज सिंह, कुंदन सिंह, गुड्डू सिंह और हरि सिंह सहित अन्य शामिल थे।

---

# बीआईटी मेसरा में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग में आज से दो दिवसीय सेमिनार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लालपुर सेंटर के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन का विषय है- अंतराष्ट्रीय मशीन बुद्धिमत्ता के साथ प्रयोग इस पुरे आयोजन को संचालित करने के लिए एक टीम बनाई गई हैं जिसकी अध्यक्षता डॉ. वंदना भट्टाचार्य को बनाया गया है, साथ ही संयोजक के रूप में डॉ पार्थ सारथी विष्णु सह संयोजक डॉ उमेश प्रसाद और डॉ सोमित्रो चक्रवर्ती को बनाया गया है। कार्यक्रम की विषय में डॉ विष्णु ने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम 7 और 8 दिसम्बर से शुरूआत की जाएगी जिसमें इन विषयों के विशेषज्ञ अपने ज्ञान को विभिन्न सत्र के निर्धारित समय पर विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय छात्र शामिल होने जा रहे हैं, इसके लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन उपस्थित प्राप्त होनी है। इस प्रकार के आयोजन के होने से विस्व भर के एकेडमिक और ओधोगिक पेशेवर को एक मंच मिलेगा, दूसरे सत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मशीन लिविंग और डीप लर्निंग के जानकारों द्वारा प्रदान की जाएगी अंतिम सत्र में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जायेगा।

# इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची ने ट्रांसजेंडर्स को कराया भोजन




**नवीन मेल रांची**

इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची के सदस्य लैंगिक समानता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अध्यक्ष माला श्रीवास्तव के निवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित करके ट्रांसजेंडर्स को सम्मानित किया। इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची ने जरूतमंदों के बीच 11 ऊनी शॉल, वोलेन सॉक्स के 11 जोड़े, स्वेटशर्ट, सौंदर्य प्रसाधन और फ्री में ब्लड प्रेशर चेक-अप भी किया गया। इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची उन लोगों के जीवन में खुशी का क्षण लाने में सफल रहे, जो ज्यादातर उपहास के पात्र होते हैं। इस अवसर पर प्रेसिडेंट माला श्रीवास्तव, सचिन सोमा भादुड़ी, सीजीआर नीता नारायण, पीपी दीपा चौहान, आईएसओ अर्चना त्रिवेदी, संगीता सिन्हा, अंबुजा शरण, निशी श्रीवास्तव, ज्योति तिवारी, रीता मौजूद थे।

### झारखंड में जदयू को मजबूत करने का काम निरंतर जारी : चौधरी

**रांची।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री एवं झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड में पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम निरंतर जारी है। उम्मीद है कि पार्टी को अपेक्षित सफलता मिलेगी। जल्द ही पार्टी गतिविधियों को और रफ्तार देने तथा समीक्षा के लिए यहां बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी आयेंगे। अशोक चौधरी बुधवार को रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में जदयू के लिए बहुत सभावना है। कभी यहां पार्टी के आठ विधायक, मंत्री भी हुआ करते थे। प्रयास है कि पार्टी को एक बार फिर यहां मजबूत किया जाय। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। एयरपोर्ट पर जदयू नेता डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, महेश्वर चौधरी, रामजी प्रसाद, प्रवीण झा एवं अन्य ने उनका स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री में आदिवासियों के लिए कोई संवेदना नहीं : बाबूलाल मरांडी



**जनजाति क्षेत्र के उत्पाद को विश्व व्यापार से जोड़ा जा रहा है**

**केंद्र में आठ आदिवासी मंत्री, जनजाति समाज की बेटी है देश की राष्ट्रपति**

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को भारी बारिश के बीच अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में संथाल परगना में आयोजित बाइक रैली का नेतृत्व किया। दो दिवसीय रैली के द्वितीय चरण का बुधवार को दूसरा दिन था।

रैली में कुमार भाजा लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक सैकड़ों आदिवासी युवा शामिल हुए। जगह-जगह पुष्प वर्षा एवम पारंपरिक रूप से मरांडी का स्वागत हुआ। महिलाएं घंटों तक छाता लगाए अपने नेता के स्वागत में खड़ी रहीं। रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज को उसका हक और अधिकार दिलाने, विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है।

मोदी सरकार लगातार जनजातियों के लिए योजनाएं चला रही। चाहे जनजाति गांव का विकास हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन सभी क्षेत्र की योजनाएं चलाई जा रहीं। युवाओं को ऋण के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा। जनजाति क्षेत्र के उत्पाद को विश्व व्यापार से जोड़ा जा रहा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग राज्य दिए। जनजाति मंत्रालय बनाया। आज मोदी मंत्रिमंडल में आठ मंत्री जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानी, महापुरुषों को आजादी के बाद कभी सम्मान नही मिला लेकिन मोदी सरकार ने जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया। देश में जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी होने का केवल दंभ भरते हैं। उनके मन में समाज के लिए न कोई सोच है, न सम्मान है और न संवेदना है।

## सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में झारखंड से हो रहे पलायन का मामला उठाया



**रांची।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा के शून्यकाल में झारखंड से हो रहे पलायन के मामले को बुधवार को उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य लोहा, तांबा, सोना, अभ्रक, बॉक्साइट, यूरेनियम सहित कई अन्य खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है। इस आधार पर कई उद्योग यहां लग सकते हैं लेकिन राज्य सरकार की नीति के कारण इसमें बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सभी अर्हता को पूरा करने के बावजूद राज्य सरकार की गलत नीयत के कारण झारखंड के माइंस आज बन्द हैं। केंद्र सरकार के द्वारा खदानों का लीज आवंटन किया जा रहा है लेकिन राज्य सरकार की गलत नीति और नीयत के कारण उद्योगपतियों के लिए भूमि अधिग्रहण नहीं हो पा रहा है। उद्योग लगने से रोजगार सृजित होता है लेकिन वर्तमान राज्य सरकार की नीति और नीयत में खोट के कारण आज वहां से उद्योग और उद्योगपति पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग नहीं लग पाने के कारण झारखंड के युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। साथ ही आपराधिक संगठनों में शामिल हो रहे हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड के माइंस नहीं खुलने के कारण के पीछे सरकार के संरक्षण में संगठित अपराधियों और दलालों का गिरोह काम कर रहा है।

## लोस में पलामू सांसद की मांग : गढ़वा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाया जाय



**पलामू।** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन (एनआईसीडी) जो कोलकाता अमृतसर इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के नाम से भी जाना जाता है, उसके तहत झारखंड के गढ़वा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाने की मांग की गई है। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने लोकसभा के शून्य काल में मामले को उठाया है। दरअसल राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक ने गढ़वा डीसी से 6 बिंदुओं पर प्रतिवेदन मांगा था, डीसी ने सभी बिंदुओं पर प्रतिवेदन झारखंड सरकार को भेज दिया है। लोकसभा में बोलते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखंड के आर्थिक ढांचे में परिवर्तन होगा। गढ़वा जिले में बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। सांसद ने कहा कि वह केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि झारखंड सरकार के साथ बातचीत कर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए पहल की जाए। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन गढ़वा के भवनाथपुर स्थित जमीन और बोकारो स्थित सेल की जमीन का कॉम्परेटिव इवोल्यूशन करवा ले। सांसद ने कहा कि भवनाथपुर में 1180 हेक्टर जमीन ऑफर किया गया है जबकि बोकारो में 700 हेक्टर जमीन है।

# फैक्ट्री प्रबंधन ने मृत सुरक्षा प्रहरी के आश्रित को दिया नौकरी व मुआवजा

**समझौता के बाद झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का आंदोलन खत्म**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
टाटीसिलवे स्थित ईसीएल फैक्ट्री में सुरक्षा प्रहरी के रुप में कार्यरत तमाड़ निवासी तारकेश्वर महतो की आकस्मिक मृत्यु हो गयी। उनके आश्रित को स्थायी नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर बुधवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में ईसीएल नाश्ता फैक्ट्री का घेराव किया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि ईसीएल नाश्ता फैक्ट्री में कार्यरत तारकेश्वर महतो की ड्यूटी के दौरान मृत्यु की खबर परिजनों के माध्यम से मिलते ही जेबीकेएसएस टीम ने फैक्ट्री का घेराव किया। परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे। फैक्ट्री अधिकारी और आंदोलनकारी के बीच लगभग पांच घंटे तक गहमा गहमी रही। इसके बाद सूचना पर टाटीसिल्वे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारियों और प्रबंधन के बीच वार्ता कराया। जिसमें आश्रित परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी तथा सात लाख रुपये मुआवजा देने की लिखित समझौता के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। फैक्ट्री एचआर मिथलेश सिंह के माध्यम से 50 हजार रुपए नकद राशि दिया गया तथा आगामी 20 दिसंबर तक बकाया साढ़े छह लाख देने का लिखित आश्वासन दिया गया। घेराव करने वालों में फलींद्र करमाली, खतियानी सुमित, कैप्टन योगेश मुंडा, दमयंती मुंडा, विराट कुमार, लक्की रामू, महेंद्र महतो, सूरज, सुधांशु, महावीर, राजकिशोर, आकाश, प्रवीण, संजीत और मंटू आदि शामिल थे।

## पीवीटीजी के लिए 24,000 की पीएम जन मन योजना शुरू

**रांची/नई दिल्ली।** जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के उत्थान के लिए करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन मन) योजना मौजूदा वित्त वर्ष में शुरू की है। मुंडा ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौ संबंधित मंत्रालयों के माध्यम से इस योजना का कार्यान्वयन किया जाएगा। इस योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को आवास, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, सड़क और दूरसंचार संपर्क और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मुंडा ने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में 75 समुदायों को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि इन समूहों के लिए मौजूदा प्रावधानों में ढील दी गई है और अब 100 लोगों से कम की बस्तियों तक भी विकास कार्य पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।

## एक नजर

### हिंडालको इंडस्ट्रीज के सौजन्य से निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**मुरी।** हिंडालको इंडस्ट्रीज के सी एस आर विभाग के सौजन्य से 8 दिसंबर को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन मुरी पश्चिमी और 9 दिसंबर को सामुदायिक भवन कोकोरोना में अनुभवी एवं लोकप्रिय नेत्र रोग विशेषज्ञ शंकर नेत्रालय के द्वारा आयोजित किया गया है। शिविर में नेत्र संबंधी रोगों की आधुनिक उपकरणों द्वारा विश्व स्तरीय जांच व ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में मशीन द्वारा जांच, मशीन द्वारा ऑपरेशन, चश्मा का नंबर मोतियाबिंद, काला पानी (ग्लूकोमा), पर्दे की जांच, आंखों की एलर्जी, आंखों में मांस का बढ़ना, कम दिखाई देना इत्यादि का भी जांच का आयोजन किया गया है। संपर्क करने के लिए सी एस आर विभाग के मोबाइल नंबर 7707020790 पर संपर्क किया जा सकता है।

### केनरा बैंक ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की



**सिल्ली।** केनरा बैंक सिल्ली शाखा के द्वारा सीएसआर, एक्टिविटी के अन्तर्गत, केनरा ज्योति स्कीम के तहत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बनवाडीह में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 10 के एसी एसटी लड़कियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए हुए विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। मौके पर सुब्रतो नायक, केनरा बैंक शाखा प्रबंधक सिल्ली, रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार, विद्यालय के शिक्षक गौरीशंकर महतो आदि उपस्थित रहे।

### रांची में पुलिस का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन जवान घायल

**रांची।** राजधानी में एक अधिकारी को एस्कॉर्ट कर रही पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये हैं। तीनों को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। हादसे का कारण पीसीआर गाड़ी का स्टेयरिंग जाम होना बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र में यह गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। जानकारी के मुताबिक, पिठोरिया थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी मानवाधिकार आयोग की अधिकारी सुचित्रा सिन्हा की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहे थे। तभी आशंका है कि पीसीआर गाड़ी का स्टेयरिंग जाम हो गया। जिसके कारण यह हादसा हुआ। जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। घटना के बाद तीनों पुलिसकर्मियों को तुरंत रिम्स भेजा गया।

# परिवहन विभाग के कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने के आदेश पर रोक लगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग की एफएफपी बिल्डिंग स्थित कार्यालय की पूरी संपत्ति को अटैच करने के कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को चार सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने कॉमर्शियल कोर्ट के द्वारा परिवहन विभाग की पूरी संपत्ति को अटैच करने के 13 जुलाई एवं 24 नवंबर के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले को लेकर परिवहन विभाग द्वारा हाई कोर्ट में दीवानी याचिका दाखिल की गयी थी। झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के धुर्वा स्थित परिवहन विभाग के एफएफपी बिल्डिंग स्थित कार्यालय की पूरी संपत्ति को सिविल कोर्ट रांची के आदेश पर मंगलवार को टीम द्वारा अटैच कर ली गयी थी। संपत्ति को अटैच कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश पर किया गया था। अदालत ने यह आदेश मुंबई की कंपनी मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दाखिल केस की सुनवाई के दौरान पिछले दिनों दिया था। मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का झारखंड सरकार पर 10 करोड़ 6 लाख 71 हजार रुपये से अधिक का बकाया है। इस राशि पर 15 फीसदी की दर से ब्याज भी भुगतान करना था। कंपनी के साथ परिवहन विभाग झारखंड सरकार ने 2004 में नौ इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बनाने का अनुबंध किया था लेकिन दो साल बीतने के बाद भी कंपनी को केवल पांच स्थानों पर जमीन दी गयी। उस पर भी अलग-अलग विभागों से क्लीयरेंस नहीं दिया गया। 12 अप्रैल, 2013 को जमीन अधिग्रहण और अन्य समस्याओं को देखते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव द्वारा काम को रोक दिया गया। जब झारखंड सरकार द्वारा बकाया पैसा कंपनी को नहीं दिया गया तब कंपनी के द्वारा कॉमर्शियल कोर्ट रांची में इसी साल केस दायर किया गया था। कोर्ट ने 13 जुलाई को संपत्ति जब्त करने का आदेश पारित किया था।



## गृह मंत्री शाह से मिले सुदेश महतो

**रांची।** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने तीन राज्यों के चुनाव में मिली प्रचंड जीत के लिए उन्हें बधाई भी दी।

**डीडीसी ने किया निरीक्षण**

## रातू में आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के तिगरा पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डीडीसी ने शिविर का निरीक्षण किया व विभिन्न विभागों के लगे स्टालों में जाकर जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने पदाधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को बात कही। शिविर में ग्रामीणों की ओर से कुल 1479 आवेदन दिया गया। अबुआ आवास के लिए 715 आवेदन दिये गये। इसके अलावा सोना सोबरन योजना के तहत 337 साड़ी धोती दिया गया। गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच 217 कंबल का भी वितरण किया गया। वही राशन कार्ड, पेंशन योजना, दाखिल खारिज, खाद्य आपूर्ति, पेंशन के अलावा पशुपालन, पेयजल, कृषि, कल्याण विभाग, पंचायती राज व महिला प्रसार में भी लोगो ने आवेदन दिये। कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, कृषि विभाग, थाना, पशु पालन, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, मनरेगा, कल्याण, पंचायती राज, महिला प्रसार, सहकारिता व 15 वित्त आयोग विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल अधिकारी हरिशंकर बारीक, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, पंचायत सेवक मनोज कुमार, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेख कुमार, सीआई संतोष उरांव, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंह, बीपीओ अनिता कुमारी, अबुआ आवास के बीपीएम अल्बर्ट एंथोनी, मुखिया सुखदेव उरांव के अलावा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सुदेश के पहल पर विस क्षेत्र के चौक चौराहे होंगे रोशन, लगेंगे हाईमास्ट सोलर लाइट



**ये चौक चौराहे होंगे हाईमास्ट सोलर लाइट से रोशन**

सिल्ली समेत विधानसभा क्षेत्र के सोनाहातु, राहें एवं अनगड़ा प्रखंड के कई चौक चौराहों पर विधायक के पहल पर ज्रेडा द्वारा हाईमास्ट सोलर लाइट लगेंगे। जिसमें सिल्ली प्रखंड के साहेदा चौक, गोड़ाडीह बाजार चौक, लोटा मंदिर चौक, लगाम, बाजार टांड़ बड़ामुरी, बाजार टांड़ छोटामुरी, नागेडीह पंचायत भवन चौक, आड़ाल नवाडीह चौक (मंदिर) सोनाहातु प्रखंड के सतीघाट चौक, बाड़ेडीह चौक, चोकाहातु चौक, दुलमी चौक, सोनाहातु बाजार चौक, जाड़ेया चौक, नरसिंग लवाडीह, हेंसाडीह (पंचायत भवन के पास), लांदुपडीह अनगड़ा प्रखंड के सिंगारी बाजार चौक (पार्टी पंचायत), राहें प्रखंड के बालु चौक, बी नवाडीह चौक, बसंतपुर मंदिर चौक, निलामंबर पितामंबर चौक कोकरोडीह शामिल हैं।

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
पुर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा क्षेत्र के चोक चौराहों पर हाईमास्ट सोलर लाइटें लगाने की कवायद शुरू कर दी है। इसको लेकर विधायक ने ज्रेडा को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह ने बताया कि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो की पहल पर ज्रेडा की ओर से हाई मास्ट सोलर लाइट लगाई जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि सिल्ली प्रखंड के कई चोक चौराहों पर लाईट लगाया गया है। जल्द ही सिल्ली समेत विधानसभा क्षेत्र के सोनाहातु, राहे एवं अनगड़ा प्रखंड के चिन्हित चौक चौराहे हाईमास्ट सोलर लाइट की रोशनी से रोशन होंगी। इससे लोगों को चौक चौराहों पर अंधेरे से मुक्ति मिलेगी।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा** | **6776 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया**

# 2202 लाभार्थियों को मिले आयुष्मान कार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के दौरान 06 अक्टूबर तक 2202 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए गए हैं वहीं इन शिविरों के माध्यम से 6776 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया है। आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और केंद्र द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के हर ग्राम पंचायतों तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के साथ-साथ विशेष रूप से डिजाइन की गई पांच आईईसी (सूचना, शिक्षा, संचार) वैन भी ग्राम पंचायत तक जाकर लोगों को जागरुक कर रहा है। किसानों को दी जा रही ड्रोन तकनीक की जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इफको के सहयोग से किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक ड्रोन एवं इफको नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग के बारे मे भी जानकारी दी जा रही है। किसानों के खेतों में लगे मटर, आलू, सरसों, मक्का आदि फसलों में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एवं तरल सागरिका का स्प्रे ड्रोन कराकर उन्हें जानकारी भी दी जा रही है।




## गागर में सागर

### विधायक ने तीन पंचायतों की तीन सड़कों और एक स्वास्थ्य केंद्र का किया शिलान्यास

**चान्हो।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पथ निर्माण की योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़कर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। रघुनाथपुर पंचायत के ग्राम गणेशपुर में सोमेश्वर टाना भगत के घर से मसना मैदान तक पीसीसी पथ निर्माण, पंडरी पंचायत के ग्राम होन्हे पाकर टोली में काबुर मासना से लेकर पाकर टोली होते हुए होन्हे तालाब तक पीसीसी पथ, पतरातू पंचायत के ग्राम पतरातु में राजेश महतो के घर से संतोष महतो के घर होते हुए तेतर टोली तक पीसीसी पथ निर्माण, पतरातू पंचायत के ग्राम पतरातू मे उप स्वस्थ्य केंद्र का निर्माण कार्या। पतरातू पंचायत मे उप स्वास्थ्य केंद्र की कमी से गांव के पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए गांव से काफी दूर जाना पड़ता था अब गांव मे नया उप स्वास्थ्य केंद्र के खुल जाने के पश्चात ग्रामीणों को गांव से दूर जाना नही पड़ेगा। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, इरशाद खान, शशि साहू, अजित सिंह, प्रमोद लाल, जीवन खलखो, मुखिया शिव उरांव, महादेव भगत एवं अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड पुलिस को मिले सात नए आईपीएस

**रांची।** झारखंड पुलिस को सात नए आईपीएस मिले हैं। साल 2022 बैच के गौरव गोस्वामी, शिवम प्रकाश, ललित मीणा, शुभम कुमार खंडेलवाल, वेदांत शंकर, अमित आनंद और एस मो याकूब ने बुधवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में योगदान दे दिया। प्रशिक्षु सभी आईपीएस अधिकारियों का अटैचमेंट प्रशिक्षण 6 जनवरी तक हजारीबाग के झारखंड पुलिस अकादमी में होना है।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**मांडर।** पतरातु पंचायत स्थित बनिया बगईचा मैदान में विधायक मांडर शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। आप सभी योग्यता अनुसार योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना, के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना, शिक्षा विभाग के द्वारा साइकिल वितरण योजना से संबंधित सांकेतिक चेक का वितरण, अंचल कार्यालय से विद्यार्थियों के बीच जाति प्रमाण पत्रों सहित प्रखंड स्तरीय कई योजनाओं से संबंधित परिसंपतियों का वितरण किया। उप प्रमुख शिवनारायण उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मूखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य जीबलाल महतो, पंचायत सचिव राकेश रोशन लकड़ा, जनसेवक सोहराब खलील, कृषक मित्र सहित अन्य सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 13 दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी पोशाक आभूषण उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवासीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी पोशाक आभूषण उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि सुब्रतो नायक, मैनेजर केनरा बैंक सिल्की के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिले रांची, ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 23 महिलाओं ने भाग ली। मुख्य अतिथि ने संदेश दिया की आज के आधुनिक युग मे शादी विवाह, पार्टी फंक्शन के मौके पर आर्टिफिशियल ज्वेलरी पोशाक आभूषण का बाजार में ज्यादा डिमांड है, इस में रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दुसरो को भी रोजगार दे सकते है। आप मालिक बनना सीखिए। वित्तीय सहायता के लिए हमारा केनरा बैंक सिल्ली आप के साथ हमेशा खडा है। साधन आप के पास नही है तो बैंक से लोन लेकर भी स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### मिसफिका हसन पर एसीबी ने दर्ज किया केस

**रांची।** भाजपा की प्रवक्ता मिसफिका हसन पर एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। पाकुड़ के इलमी पंचायत की मुखिया रहते पद का दुरूपयोग कर संपत्ति अर्जित करने का आरोप मिसफिका हसन पर लगा था। इस मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने अगस्त महीने में मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग को पीई दर्ज करने की अनुमति दी थी। विभाग ने इस संबंध में 16 नवंबर को एसीबी को पत्र भेजा था। जिसके बाद एसीबी ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। एसीबी के डीएसपी रैंक के अधिकारी अब इस मामले की जांच करेंगे। मिसफिका हसन पर आरोप है कि मुखिया के पद पर रहते हुए उन्होंने छह से आठ जगहों पर अचल संपत्ति की खरीद थी। साल 2018 में मिसफिका हसन के खिलाफ परिवाद दायर किया गया था। दायर परिवाद के आधार पर एसीबी ने पहले इस मामले में आईआर दर्ज किया था। आईआर के आधार पर ही पूरे मामले में अब पीई दर्ज की गई है।

## बरही के तिलैयाबस्ती में 10 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प, लोग हुए आक्रोशित

# दिन का चैन और रात की नींद हराम

### बिजली विभाग के खिलाफ महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन



**400 घर अंधेरे में**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीते दस दिनों से डीवीसी प्रबंधन ने तिलैया बस्ती का विद्युतापूर्ति बंद कर दिया है. इससे बस्ती के लगभग चार सौ से अधिक घर दस दिनो से अंधेरे में डूबा है. जानकारी के अनुसार इस संबंध में जानकारी लेने डीवीसी पावर प्लांट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों के साथ डीवीसी प्रबंधन पुलिसिया भय दिखाते हुए दुर्व्यवहार किया. साथ ही ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी भी करने का काम किया है. इससे आक्रोशित बस्तीवालों ने डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ बुधवार से अनिशिचितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है. 12 घंटे के अंदर विद्युतापूर्ति प्रारंभ करने की मांग की है. ऐसा नहीं करने पर इंटेक वेल की जलापूर्ति बाधित करने के बात कही है. संबंधित मामले को लेकर बस्तीवालों ने मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव के नेतृत्व में एसडीओ को ज्ञापन भी दिया है. ज्ञापन के अनुसार तिलैया बस्ती वाले डीवीसी से विस्थापित लोग है. जिन्हे डीवीसी ने निःशुल्क पानी, बिजली, शिक्षा, सड़क, सिंचाई की सुविधा सहित स्थानीय लोगो को रोजगार, प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल करने आदि संबंधित कई लिखित आश्वासन दिया था. उसी के तहत स्थानीय लोग बिजली पानी का निःशुल्क उपयोग कर रहे थे.परंतु दस दिन पूर्व डीवीसी ने पूरे बस्ती का विद्युत विच्छेद कर दिया है. जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूब गया है. इस संबंध में डीवीसी ने 2020 में भी स्थानीय लोगो को परेशान किया था. उस वक्त भी धरना प्रदर्शन के बाद डीवीसी ने लिखित आश्वासन दिया था. जिसे तीन वर्ष बाद एक बार फिर से दोहराने का काम किया गया है. धरना प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों सहित कई महिला भी शामिल है. सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव ने डीवीसी को चेतावनी देते ही अतिशीघ्र बिजली बहाल करने की मांग किया है. उन्होंने कहा कि बस्तीवालो का घर भी छीना गया और लाभ भी नही मिले या यह असहनशील है.

### डीवीसी प्रबंधन के अधिकारी ने कहा

प्रबंधन के अधिकारी मो कादिर ने बताया कि गांव वाले अवैध रूप से बिजली जल रहे थे जिससे पावर स्विच जल गया है. ग्रामीणों के दिए आश्वासन के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में ग्रामीण उचित प्रक्रिया के तहत संपर्क करे. हालांकि अन्य सवाल का जबाव देने के पहले ही उन्होंने अपना फोन डिस्कनेक्ट कर दिया.

- सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में एसडीओ को सौंपा ज्ञापन
- इंटेक वेल से जलापूर्ति बाधित करने का किया एलान

## बेमौसम बारिश से प्रखंड में किसानों के मुरझाए चेहरे



बासुदेव मरांडी

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार सुबह से ही बेमौसम बारिश के कारण धान उपजाये किसानों के चेहरे पर मायूसी लेकर आई । ज्ञात हो कि धान के फसल को किसानों द्वारा काटकर खेत खलिहानों में लाकर रखा गया है। वहीं बरसात के कारण धान की बालियां पूर्ण रूप से भींग चुकी है। इस निमित डुमरडीहा के कृषक बासुदेव मरांडी बताते हैं कि बेमौसम बारिश से धान भींग जाने से हमलोगों को काफी नुकसान पहुंचा है।वहीं बेलकपी निवासी देवाचंद यादव ने बताया कि यह बारिश खेतों में रखे धान को काफी नुकसान करेगी ।कहा कि अगर सप्ताह दिन बाद बारिश होता तो किसान धान काटकर घर ले जाते। खैर मौसम की कोई गारंटी नहीं है।बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के किसानों द्वारा धान कि खेती शत प्रतिशत किया जाता है ।वहीं आज दिन भर के रिमझिम बारिश से ठंढ ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया तथा तापमान में अधिक गिरावट आई।लोग अपने घरों में दुबके नजर आये।बाजार व सड़को पर सुनापन छाया रहा।

## चार दिनों से लापता का कुएं से मिला शव

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चामरोम स्थित छोटकी बगीचा के कुएं से बुधवार को 4 दिन से लापता 65 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान जामसिंघ निवासी दिनेश्वर महतो के रूप में की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग 10:00 बजे कुछ लोगों के द्वारा गांव के छोटकी बगीचा स्थित एक कुएं में शव को तैरता हुआ देखा गया। इसके बाद पूरे गांव में या खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते दर्जनों लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच ग्रामीणों ने घटना की सूचना रजरप्पा थाने को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। काले रंग का जैकेट और ब्लू रंग का जींस पहने मृतक व्यक्ति की पहचान ग्रामीणों द्वारा नहीं हो सकी। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा शव की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। इस बीच मृतक व्यक्ति की पहचान मृतक व्यक्ति के एक पुत्र संजय कुमार महतो द्वारा किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक व्यक्ति के पुत्र संजय कुमार ने बताया कि मेरे पिता गत शनिवार से घर से लापता थे। उनकी खोजबीन सभी संभावित स्थान पर किया पर उनका कहीं पता नहीं चला। मृतक व्यक्ति अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री छोड़ गए हैं।

## सड़क हादसे में चार घायल

**रामगढ़ ।** मांडू प्रखंड मुख्यालय से 100 मीटर दूरी पर मंगलवार रात्रि 12:30 बजे में स्कॉर्पियो के पलट जाने से चार लोग घायल हुए। दुर्घटना में घायल लोग गया जिले के रहने वाले थे। वे रांची से जा रहे थे। उसी दौरान अपने सफेद रंग की स्कॉर्पियो नंबर जेएच 01 एफए 9275 से गया जाने के क्रम में प्रखंड मुख्यालय मांडू से 100 मीटर की दूरी में अज्ञात वाहन की चकमा देने से स्कॉर्पियो रोड पर पलट जाने से राधा देवी 40 वर्ष,यशवंत कुमार गुप्ता 16 वर्ष अनंता कुमारी 14 वर्ष सुनील कुमार गुप्ता घायल हो गए। दुर्घटना में राधा देवी स्कॉर्पियो पलटने से वाहन में ही दब गई। जिससे उनके सर में चोट आई है। मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू पहुंचाया। जहां राधा देवी के सर में टांका लगाया गया। जबकि दुर्घटना में घायल अन्य लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया।

## बसपा ने मनाया भीमराव का निर्वाण दिवस



**हजारीबाग।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में युग पुरुष संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर का 68 वा परी निर्वाण दिवस कुशवाहा मेहता हॉल में मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव प्रभारी सूरज कुमार ने की।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शीला देवी, विशेष अतिथि जिला प्रभारी विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना राम पासवान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि शीला देवी ने बाबा साहेब के चित्र पर फूल माला चढ़ाया साथ में सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ अंबेडकर जानते थे कि अधिकार कभी मांगने से नहीं मिलता बल्कि इसके लिए संघर्ष करना पड़ता है।बाबा साहेब नारी सम्मान के मुक्तिदाता कमजोर व उपेक्षित वर्गों के मसीहा थे।कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारिणी रंजीत कुशवाहा ने किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष शहजाद खान,सचिव पप्पू खान, जिला सचिव प्रवीण सोनी, सदर विधानसभा सचिव चंद्रिका रविदास, राजेश कुमार, इंद्रदेव पासवान, निर्मल दास, सौरभ गुप्ता, हरिंदर रवि, नानी गुप्ता ,शिव आशीष गुप्ता,श्रुति गुप्ता ,मो मनीर कुमार,दिवाकर रणवीर सिंह,राकेश सेठ, मो शाहिद,जलेसर पासवान,एडवोकेट वीरेंद्र साहू एवं नंदू साहू उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** संयुक्त विहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व श्री कृष्ण वल्लभ सहाय जी के पौत्र आशीष सहाय अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में बुधवार को शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय के नेतृत्व में आयोजन हुआ।मौके पर आशीष सहाय ने कहा कि कायस्थ समाज के लिए किये जाने वाले कार्य की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। उक्त शिविर का आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के मार्गदर्शन, गिरवर नंदन प्रसाद के आशीर्वाद एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का युवा संगठन के द्वारा संपन्न हुआ। इस ब्लड डोनेट कैंप में अरुण प्रभात सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद अनूप सिन्हा, कृष्णा किशोर प्रसाद, गौतम किशोर प्रसाद, अजय अम्बष्ठा, अर्चना सिन्हा संजय सिन्हा, रूपेश बिहारी लाला, रश्मि लाला, मोहित सिन्हा एवं प्रियंका सिन्हा उपस्थित थे।

## श्रीदस का छात्र राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता के लिए चयनित, झारखंड का करेगा प्रतिनिधित्व



**बरही ।** राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता के लिए श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा के 9वीं के छात्र पंचमाधव निवासी रौशन कुमार का चयन हुआ है. उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने दिया. उन्होंने बताया कि यह खबर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है. आगामी राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में उनका यह विद्यार्थी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा. बुधवार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मान खो खो प्रतियोगिता में चयनित छात्र को प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में उनके विद्यालय के कई छात्रों ने स्थानीय, जिलास्तरीय और राज्यस्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओ में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है. विद्यालय अपने विद्यार्थियों को हर एक मोर्चे पर सफल और बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित है. राष्ट्रीय टीम में चयन किए जाने पर विद्यालय परिवार सहित परिजनों और स्थानीय लोगो ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी है.

## एक नजर

### विद्यालय से कंप्यूटर उपकरण चोरी

**बरकट्ठा ।** थाना क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा के कम्प्यूटर कक्ष से बीते रात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए के उपकरण चोरी कर ली। इस बाबत प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति मंगलवार को स्कूल छुट्टी होने के बाद विद्यालय के सभी कमरों को ताला बंद कर चले गये। अगले दिन बुधवार को स्कूल पहुंचा तो देखा कि कम्प्यूटर कक्ष का ताला टूटा हुआ है। इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी को दी गई। तत्पश्चात मुखिया समेत अन्य लोग जब कक्ष के अंदर देखा तो पाया कि कम्प्यूटर के 7 सीपीयू, बैटरी, इनवाइटर, प्रिंटर मशीन समेत अन्य उपकरण गायब है। इस बाबत प्रधानाध्यापक ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर मामले की तहकीकात में जुट गई है।

### मुर्गे से भरी वैन पलटी कई मुर्गे मरे, कई लुटे

**बरही ।** पंचमाधव स्थित अर्धनिर्मित ओवर ब्रिज के समीप अहले सुबह मुर्गी लोड पिकप पलटने से कई मुर्गा-मुर्गी का सड़क पर मौत हो गया. कई लोग घायलों को बचाने के स्थान पर मुर्गा अपने कब्जा में लेने की चक्कर में लग गए. इस क्रम में कई लोग आपस में उलझ गए. जानकारी के अनुसार पिकअप वैन पद्मा बरही की ओर से धनबाद की ओर जा रही थी.वर्षा और धुंध के कारण अर्धनिर्मित ओवर ब्रिज के समीप विपरीत दिशा में आ रही गाड़ी से चकमा खाकर अंसांतुलित होकर पलट गया. जिसमें चालक और खलासी को हल्का चोट आई है. चालक घटना स्थल से फरार हो गया. वही खलासी को स्थानीय लोगो की मदद से निकालते हुए लने पुलिस को जानकारी दिया. पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त चालक और मुर्गा और गाड़ी को बचाने का काम किया.

## मुखिया ने निजी खर्च से कराई अलाव की व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दूसरे दिन भी लगातार घना कोहरा तथा कड़ाके की ठंड रही। वहीं बुधवार की सुबह से क्षेत्र में रिमझिम बारिश रही। विदित हो कि कोहरे के चलते गाड़ियों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा रहा। साथ ही दोपहर तक गाड़ियों के हेडलाइट जला कर चलती दिखाई दी। वहीं हाड़ कंपाने वाली ठंड के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। लोग अलाव व गर्म कपड़े के साथ जगह-जगह पर दिखाई दिए। जरूरी काम को लेकर ही लोग घरों से निकल रहे थे अन्यथा रजाइयों में दुबके पड़े रहे। सड़के वीरान पड़ी रही। कंपकपाती ठंड को देखते हुए लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से अलाव व्यवस्था करने की मांग की है ताकि राहगीरों एवं ग्रामीणों को सुविधा हो। ठंड को देखते हुए स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी के द्वारा अपने निजी खर्चे से बरकट्ठा चौक व अन्य स्थानों पर राहगीरों व आसपास के लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की गई । वहीं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने बताया कि बरकट्ठा क्षेत्र कोहरे की आगोश और कड़ाके की ठंड के चपेट में है। इसलिए प्रशासन को यथाशीघ्र जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

### नहीं रहे पूर्व नप अध्यक्ष गुलाम मोइनुद्दीन अहमद

**हजारीबाग।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुलाम मोइनुद्दीन अहमद का मंगलवार रात्रि को जामा मस्जिद रोड़ स्थित आवासीय परिसर में इंतकाल हो गया। वह करीब 84 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत नासाज चल रही थी और घर पर ही इलाज के साथ रहते थे। बुधवार को खिरगांव स्थित कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज के साथ उन्हें सुपूर्द-ए-खाक किया गया। गुलाम मोइनुद्दीन अहमद के इंतकाल की खबर सुनते ही उनके आखिरी दीदार के लिए बड़ी तादाद में लोग उनके घर पहुंचने लगे। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल भी उनके इंतकाल की खबर सुनकर उनके आखिरी दीदार को उनके घर पहुंचें और ईश्वर से उनके आत्मा की शांति की कामना की साथ ही उनके शोकाकुल परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया और मृतक के अंतिम यात्रा में बारिश के बीच शामिल हुए। श्री जायसवाल ने बताया कि गुलाम मोइनुद्दीन अहमद हजारीबाग के लोगों के दर्द को अपना समझते थे और बढ़-चढ़कर लोगों की खिदमत करते थे।

## गैड़ा में आपके द्वार कार्यक्रम में 334 आवेदनों का निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गैड़ा में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया सुमन देवी, पंसस सोनिया देवी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 289 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के 34, गुरू जी क्रेडिट कार्ड के 4, बिरसा सिचाई कुप के एक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 13, केसीसी के 2, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 10, जन्म प्रमाणपत्र एक, मृत्यु प्रमाणपत्र एक आवेदन प्राप्त हुआ। जबकी जाति प्रमाण पत्र 15, आय प्रमाण पत्र 5, लगान रसीद 12, मनरेगा जॉबकार्ड 14, बिजली समस्या के एक, राशन कार्ड में संसोधन 15 लोगों का किया गया। मौके पर साईकिल के लिए डीबीटी 52, जरूरत मंद 168 लोगों में 40 को कंबल, एसएचजी क्लस्टर सदस्यो के बीच कार्ड 130 तथा 65 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 834 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 334 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया जबकी 500 प्रोग्रेस में है। इस अवसर पर उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय, श्यामा साव, एमओ मिंटू रजक, डॉ निशात बेक, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, इम्तियाज अंसारी, मुकेश कुमार, संतोष कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## लोजपा ने डॉ अंबेडकर को निर्वाण दिवस पर किया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने 6 दिसम्बर को डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शहर के थाना चौक अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा की बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। जबकि 6 दिसम्बर 1956 को उनका महापरिनिर्वाण हुआ। पासवान ने कहा की बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर शिक्षा के महत्व को समझते थे। इसलिए वे कमजोर वर्ग के लोगों को आजीवन शिक्षा ग्रहण करने के लिए जागरूक करते रहे। केवल पासवान ने कहा की जब देश के संविधान बनाने का कार्य आरंभ हुआ तब संविधान सभा के प्रारूप समिति का उन्हें अध्यक्ष बनाया गया। उनके नेतृत्व में एक ऐसा संविधान बना जिसमें देश के सभी वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा की गई।

## नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने गाजियाबाद एवं देहरादून में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ी पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता गाजियाबाद के गगन पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता मे सम्मिलित हुए, यह कार्यक्रम पांच दिवसीय 22 नवंबर से 26 नवंबर तक चला जिसमें हजारीबाग की बेटी सलोनी नयन शर्मा एवं उदित किशोर ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। वहीं दूसरी और तीन दिवसीय 6 वी राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में किया गया जिसमें नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के तीन खिलाड़ियों प्रतियोगिता में भाग लिए तीनों खिलाड़ियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। खिलाड़ियों में सुधांशु कुमार, सलोनी नयन शर्मा, उदित किशोर शामिल थे। खिलाड़ियों हजारीबाग पहुंचने पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने बुधवार को अपने कार्यालय परिसर में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों पर हजारीबाग को काफी गर्व है, आप सदैव खेल की और ध्यान को आकृष्ट रखें हम सब आपके साथ सदैव खड़े हैं।

**उन्नत कृषि**

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मृदा संरक्षण पर सेमिनार, बोले कुलसचिव

# हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती किसानों के लिए लाभदायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में मृदा संरक्षण को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक की अध्यक्षता में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर सेमिनार की शुरूआत की गई। सभी अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत करते हुए कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने मृदा संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों को बताई। उन्होंने जैविक खेती को अहम बताया और इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कृषि के क्षेत्र अपनाई जा रही नई तकनीकों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी समस्त जीव के लिए अहम है, इसलिए मृदा संरक्षण की महत्ता अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना तो जरूरी है, साथ ही कृषि के नए तकनीकों को अपनाया जाना भी जरूरी है। उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से भी खेती करने की सलाह लोगों को दी। उन्होंने कहा कि फायदे के इस दौड़ में हमने मिट्टी की सेहत खराब कर दी है, जिस पर ध्यान देना हम सभी का दायित्व है। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि जमीन की ऊपरी परत जिसे हम मृदा कहते हैं, इसका निर्माण करने में प्रकृति को काफी वक्त लगता है। इसकी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है और जिस तरह हमलोग अंधाधुंध रासायनिक खादों और दवाइयों का उपयोग कर रहे हैं, समय-समय पर मिट्टी परीक्षण कराकर मिट्टी की सेहत को जानना किसान भाइयों के लिए बेहद जरूरी है, ताकि अच्छी उपज के साथ साथ मिट्टी की सेहत भी बरकरार रहे। डॉ सत्यप्रकाश ने माइक्रोवेव्स में मृदा की उपलब्धता, प्रो. प्रिया सिंह ने मृदा संरक्षण के उपाय और प्रो. फरहीन ने मृदा मानव जीवन के कितना उपयोगी है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। सीएस एंड आईटी विभाग डीन डॉ बिनोद कुमार ने भी किसानों की वर्तमान और पूर्व की स्थिति पर चर्चा करते हुए इस ओर आवश्यक सुधार की जरूरत बताई। मंच संचालन कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रभात किरण व धन्यवाद ज्ञापन छात्रा पल्लवी कुमारी ने किया।

### आकांक्षी जिला प्रभारी आईएएस पहुंचे सिमडेगा, डीसी ने किया स्वागत

# लिफ्ट इरिगेशन से संबंधित कार्यों को अधिक से अधिक बढ़ावा दें : कमलेश पंत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारत सरकार के आकांक्षी जिला प्रभारी अधिकारी आईएएस कमलेश कुमार पंत का आगमन बुधवार को हुआ। सिमडेगा परिसदन पहुंचने के साथ ही उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जिसके बाद प्रभारी अधिकारी ने नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल सिमडेगा जिले के विकास कार्यों का जायजा लिया।जिला प्रभारी ने परिसदन भवन में पदाधिकारियों के साथ आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। निर्धारित इंडिकेटर्स यथा- हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, फाइनेंशियल इंक्लूजन सहित अन्य बिन्दुओं पर संबंधित प्रक्षेत्र, आधारभूत संरचना एवं वित्तीय समावेशन तथा कौशल विकास हेतु क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। सभी इंडिकेटर्स के लिए निर्धारित लक्ष्यों के प्रति कार्य करते हुए ससमय लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन, जल शक्ति, बुनियादी शिक्षा अभियान सहित मछली पालन, कुपोषण, एनीमिया एवं अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। आकांक्षी जिला प्रभारी ने उपायुक्त सहित सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि नीति आयोग के इंडिकेटर्स जिनमें और अत्यधिक बेहतर कार्य करने का स्कोप है उस इंडिकेटर्स पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देते हुए विकास कार्य किया जाए। पंथ ने जिला प्रशासन द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने उपायुक्त सहित जिले के टीम को लिफ्ट इरिगेशन से संबंधित कार्यों को और अधिक से अधिक बढ़ावा देने की बात कहीं। मिट्टी प्रोजेक्ट के तहत बने मार्केट शेड एवं चबूतरा शेड, एवम पुस्तकालय निर्मार्ण की सराहना की । इसके अलावा आकांक्षी प्रखंड बांसजोर के विकास कार्यों से श्री पंथ जी अवगत कराया गया। एडीएफ असीम कुमार सिन्हा के द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम मनीषा सांचा एलडीएम सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिमडेगा में भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर झामुमो ने दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना और जिला सचिव सफीक खान की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई ।मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि बाबा साहब ने विस्तृत संविधान लिखा जो समयानुकूल परिवर्तनों को अपने अंदर समाहित करने की क्षमता रखता है। इसी वजह से भारत में आज भी लोकतंत्र मजबूत है।वही जिला सचिव सफीक खान ने कहा बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो सफीक खान, कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साबिर अंसारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष असीसन बिलुँग,युवा सचिव राजेश टोप्पो,मो सिकंदर, जावेद वारसी,जाफर खान सहित अन्य लोक उपस्थित थे।

### सिमडेगा जेल में चला छापेमारी अभियान

**सिमडेगा।** धनबाद जेल में हुई घटना के बाद सिमडेगा प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। इधर सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार देर रात सिमडेगा जेल में एसडीओ महेंद्र छूटन उरांव के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। करीब 3 घंटे तक चले छापेमारी अभियान में किसी प्रकार की जेल में कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। इधर एसडीओ के अधीनस्थ और पदाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में जेल के सभी वार्ड एवं कैदियों की तलाशी ली गई ,जहां पर किसी प्रकार का कोई भी सामान बरामद नहीं हुआ। बताया गया कि धनबाद में जेल के अंदर हुई अमन सिंह हत्या की वारदात के बाद लगातार सिमडेगा जेल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा जेल पर पैनी नजर रखी जा रही है ,ताकि किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना ना हो।

## एक नजर

### डोमचांच थाना प्रभारी को हटाए जाने पर रोष, सीएम को ज्ञापन

**कोडरमा।** अंजुमन कमेटी कोडरमा ने डोमचांच थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किए जाने पर अल्पसंख्यक समाज में रोष की बात कहते हुए मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में बताया है कि जिले में एकमात्र अल्पसंख्यक थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, जो कि डोमचांच थाना में पदस्थापित थे, उन्हें राजनीतिक दबाव में हटाए जाने से अल्पसंख्यक समाज में काफी रोष है. साथ ही कहा कि डोमचांच थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र में हत्या, चोरी, छिनतई सहित कई कांडों का उद्भेदन करते हुए आपराधिक घटनाओं पर रोक और अमन का माहौल कायम रखे हुए थे. ज्ञापन में जावेद अख्तर, फैयाज कैसर, परवेज अहमद, मो. असलम, असरफ अंसारी, नौशाद आलम, गालिब हुसैन, मो. रफीक, मो. रिजवान आदि ने हस्ताक्षर हैं.

### 11 दिसंबर को कांग्रेस जिला कार्यालय का उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रिंस चौक में बने नए कार्यालय का उद्घाटन 11 दिसम्बर को होगा जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय जाकर सिमडेगा जिला के पदाधिकारी के द्वारा निमंत्रण पत्र प्रदेश अध्यक्ष को सौप है जिला प्रवक्ता रनधीर रंजन ने बताया है कि उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव ,मंत्री बन्ना गुप्ता एवं मंत्री बादल पत्रलेख इसके अलावा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ,जलेश्वर महतो एवं गीता कोड़ा मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधायक मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। साथ ही साथ बताया गया कि इस दिन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में क्रिसमस मिलन समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा ।इसके अलावा सिमडेगा परिषदन में खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के पदाधिकारी की भी बैठक की जाएगी।

### लचरागढ़ में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के अंतर्गत लचरागढ़ पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख दुतामी हेमरोम, प्रखड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो, प्रखंड अंचल अधिकारी अनूप कच्छप, पंचायत मुखिया जिरेन मड़की के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर सभी आम जनों की ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे स्टालों के बारे में बताया गया। जिसमें सभी योजनाओं का भी लाभ दिया गया। वहीं शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगायें गए जिसमें अबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति आय प्रमाण पत्र संबंधित मामलों का निष्पादन करना, राजस्व से जुड़े मामले, समुदायिक वन पट्टा/ व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए एफआरसी द्वारा आवेदन प्राप्त करना, झारखंड राज्य खाद्य योजना अंतर्गत राशन कार्ड उपलब्ध कराना,उज्जवला योजना अंतर्गत लाभार्थियों के बीच परिसंपत्ति का वितरण, 15 वें वित सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी, जन्म मृत्यू निबंधन की जानकारी, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सबरन धोती साड़ी वितरण, कम्बल वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, स्वास्थ्य कैंप में स्वास्थ्य जांच साइकिल क्रय हेतु चेक वितरण, बिजली बिल से सम्बंधित शिकायत एवं कनैक्शन हेतु त्वरित निष्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद्य बीज का वितरण, आधार कार्ड पंजीकरण एवं सुधार कार्य, जल जीवन मिशन पेय जल एवं एसबीएम से संबधित कार्यों का स्टॉल लगाया गया। वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री सृजन योजना 1200 चिकित्सा 1,बिजली विभाग 14,जेएसएलपीएएस आईडी कार्ड वितरण 880,फूलो झानों योजना 3,आधार 50,पेंशन 102,मनरेगा 210,राजस्व विभाग में 151,लगान रसीद 11,पंजी 2 सुधार 34,राशन कार्ड 20,धोती साड़ी 320,कृषि केसीसी 15,सावित्री बाई फुले 15,मातृ वंदना 03,कन्यादान 01,कम्बल वितरण 334 आवेदन प्राप्त हुए ,अबुआ आवास में 300 आवेदन प्राप्त हुआ।

### 16 जनवरी को सूढ़ी समाज सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा में आगामी 16 जनवरी को होने वाले सूढ़ी समाज की जिला स्तरीय सम्मेलन को लेकर बीरू गांव के कालीचरण प्रसाद के घर में ज़िला सूढ़ी संघ बीरू इकाई की बैठक सतीश प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया बैठक में 16 जनवरी को होने वाली जिला सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा की गई ।सम्मेलन में नेपाल ,छत्तीसगढ़ ,उड़ीसा बिहार एवं राँची ,गुमला लोहरदगा आदि के नेता और प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम वाद विवाद, खेलकूद आदि प्रस्तुत कर समाज के लोग अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करेंगे ।जिसके लिए बालक बालिकाएं अभी से तैयारी आरंभ कर दिए हैं। बताया गया सम्मेलन में समाज की एकता, अंधविश्वास, नशापान अशिक्षा, युवा वर्ग के रोजगार , सिमडेगा जिला में आरक्षण पर विमर्श किया जाएगा ।बताया गया कि जिला समिति की अगली बैठक रायबोगा इकाई की रायबोगा में ,कोलेबिरा लचड़ागढ़ बानो इकाई की बैठक लचरागढ़ में आयोजित की जाएगी ।

### बोलबा तीन दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का समापन

## खेलों में रोजगार के अवसर तलाश करें युवा : संदेश एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा के भुटकूदर में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी टूनार्मेंट का समापन बुधवार को किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी जिलाध्यक्ष मतीयस बागे,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। फाइनल मैच उड़ीसा के काटाझार बनाम झारखंड महतो टोली के बीच आयोजन हुआ ,जहां पर अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की। जहां पर शानदार पारी खेलते हुए उड़ीसा काटाझार की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस दौरान विजेता टीम को बड़ा खस्सी एवं उप विजेता को खस्सी तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा आज सिमडेगा किसी पहचान के मोहताज नहीं रही और इस जिले को देशभर में लोग खेल के माध्यम से और खासकर हॉकी के क्षेत्र में जानते हैं ।इसी प्रकार सभी खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ,ताकि आने वाले दिनों में सिमडेगा हर खेल के मामले में देश भर में जाना जाए । उन्होंने सभी को बताया कि खेल के क्षेत्र में रोजगार के बहुत साधन है इसलिए युवा वर्ग प्रयास करते हुए हर संभव आगे आए ताकि उनका चयन जिला स्तरीय राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर हो सके और जिले का नाम रोशन हो।उन्होंने कहा झारखंड पार्टी खेल को आगे बढ़ाने का हमेशा प्रयास करती है और आगे भी प्रयासरत है ताकि खेल के क्षेत्र में यहां के युवा आगे बढ़ सके। इस मौके पर जोसेफ डुंगडुंग, सन्दीप कुजूर,रसाल खलखो,विजय तिर्की वहीं आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष असिसन डुंगडुंग, उपाध्यक्ष ऑस्कर सोरेंग,संचालक प्रभात डुंगडुंग, मनोज डुंगडुंग, रजित डुंगडुंग आदि लोगों की भूमिका रही।

## फाइलेरिया रोकथाम के लिए जिले में चलेगा ब्लड नाइट सर्वे : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** एएनएम स्कूल सभागार में बुधवार को ब्लड नाइट सर्वे अभियान को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सीएस डॉ अजित खलखो उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में 8 से 12 दिसम्बर तक फाइलेरिया बीमारी के रोकथाम हेतु ब्लड नाइट सर्वे कार्यक्रम चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी रात के समय गांव-गांव जाकर ग्रामीणों का निःशुल्क में रक्त पट्ट संग्रह करेंगे। रक्त पट्ट संग्रह के माध्यम से ग्रामीणों के रक्त में फाईलेरिया के वायरस है अथवा नहीं की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि रक्त पट्ट संग्रह रात्रि आठ बजे से रात के 12 बजे तक चलेगा। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया मुक्त जिला बनाने के लिए चयनित कुछ गांवों में ही यह अभियान चलाया जाएगा। सीएस ने जिलेवासियों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। साथ ही कार्यक्रम स्थल में जाकर निःशुल्क में अपना खून जांच कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि फाईलेरिया के वायरस रात के समय ही एक्टीव होते हैं।

## कोडरमा : संविधान निर्माता बाबा साहेब को कांग्रेसियों ने किया नमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कांग्रेस जिला कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई. सर्वप्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का हर साल 6 दिसंबर को महा परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है. वे एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और न्यायविद थे. वहीं प्रदेश कांग्रेस सचिव नारायण बरनवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के राष्ट्रीय योगदान का आज तक सही मूल्यांकन नहीं हुआ. उनके जीवन दर्शन को हम जानने समझने का प्रयत्न करते हैं तो एक बात स्पष्ट रूप से सामने आती है कि उनका पूरा जीवन दो लक्ष्य पर केंद्रित समर्पित था, एक शोषित, पीड़ितों की सेवा जबकि दूसरा राष्ट्रहित सर्वोपरि. इस दौरान जिला परिषद सदस्य कांग्रेस नेता लक्ष्मण यादव, प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, कांग्रेस युवा नेता सईद नसीम, जिला उपाध्यक्ष सह डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, कोडरमा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सरवन सिंह, जिला महासचिव फैयाज अब्बू केसर, जिला सचिव मोहम्मद गालिब, जिला सचिव मोहम्मद गुलजार ने भी संबोधित किया. उक्त कार्यक्रम में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दशरथ पासवान, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशरफ अली, उमाशंकर दास, दिलीप राम, बजरंगी राम, सीताराम पासवान, भोला तुरिया, लाल तुरिया, विवेक यादव,कुन्दन साव, गुड्डु कुमार, लाल मोहन साव, मनोज साव, लखन यादव, मंतोष कुमार, जमाल अंसारी, तस्मिर खान, इनाम इंसरी, उर्फ रावन उपस्थित थे.

## आयुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा के सभागार में उत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने जिले के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक की. बैठक में विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किये गये कार्यो की जानकारी ली. कार्यक्रम के तहत फार्म 6,7 और 8 के कलेक्शन के बारे में भी जाना. साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, मतदाता सूची से त्रुटियां को दूर करने, निर्वाचन से संबंधित एप्प की जानकारी ली. फार्म 6, 7 और 8 ,100 सौ वर्ष के ऊपर मतदाता, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, बिना फोटो और खराब गुणवत्ता वाली फोटो का अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो के बदलने के बारे में आयुक्त ने विस्तार से जानकारी ली. आयुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित कार्यो को तय समय-सीमा पर पूरा करें.

### आयुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बैठक के बाद उन्होंने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया. मतदान केंद्र यथा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, राज्यकीय+2 उच्च विद्यालय, और आदर्श मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने बीएलओ द्वारा मतदान सूची से संबंधित कार्यो की जानकारी ली. उन्होंने बीएलओ से कहा कि कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने से वंचित न रहे, सभी कार्यों को अच्छे से करें. वहीं बैठक में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमन और सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे.

## महिला सशक्तीकरण

### सदर अस्पताल में किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# किशोर-किशोरियों को सही राह दिखाने की जरूरत : सीएस





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा में किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस के मौके पर बुधवार को सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो, लक्ष्मण पदाधिकारी डॉक्टर आनंद खाखा, सिनी संस्था प्रोग्राम मैनेजर अमित घोष के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की ।कार्यक्रम में किशोर स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही वर्तमान में चल रहे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम पर संक्षिप्त जानकारी दी गयी। मौके पर सिनी के जिला समन्वयक शुभब्रत बासु द्वारा किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस में अपनाए गए नवाचार के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सिमडेगा के 4 प्रखंडों से 42 गांवो को शामिल किया गया था।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अजित खलखो ने कहा कि यही उम्र होती है जब लोग अपनी पहचान बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी किशोर किशोरियों को सही राह दिखाने की जरूरत है साथ ही उन्होंने कहा कि गलत संगति से भी दूर रखना है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से किशोर किशोरियों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है ।जिससे हम सब को मिलकर गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण पर कहा कि महिलाओं को सक्त और प्रबल होना चाहिए तथा अपने आस पास हो रहे इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर बानो के चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा भी संबोधित किया गया। इस दौरान संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह आदि चीजों को लेकर जानकारी दी। मौके पर डीएस डॉ राजेश कुमार डीपीसी प्रीति, सुभानी भेंगरा,सितामुनि कुमारी, बिलास कुमार मैनेजर अलका कुल्लू, भरत सिंह, नीलम कुमारी सहिया एवं साथिया उपस्थित थे।

## एक नजर

### गाड़ी मांगकर दोस्त ने रख दिया बंधक

**रांची।** रोहित कुमार से उसके दोस्त ने अपने काम के लिए गाड़ी लिया। इस गाड़ी को बाद में उसने दूसरे के पास गिरवी रख पैसे लेकर फरार गायब हो गया। इस संबंध में रोहित ने ठाकुरगांव निवासी राज कुमार साव के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रोहित ने पुलिस को बताया कि राज कुमार उनसे निजी कार्य के लिए 4 नवंबर को गाड़ी लिया था। इसके बाद आरोपी गाड़ी अपने पास ही रखा रहा। इसी क्रम में तीन दिसंबर दोपहर में एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया। कहा कि उनकी गाड़ी डालटगंज में गिरवी रखा हुआ है। आरोपी ने उससे पैसे लेने के एवज में गाड़ी को गिरवी रखा है। उन्हें अगर गाड़ी चाहिए तो वह पैसा देकर गाड़ी ले जा सकता है। इसके बाद रोहित सीधे सदर थाना पहुंचा और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### निर्वाण दिवस पर याद किए संविधान निर्माता

नवीन मेल संवाददाता। मेराल सामाजिक परिवर्तन केंद्र मेराल के तत्वावधान में गुरु रविदास आश्रम संगवरिया स्थित बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबासाहेब का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस मौके पर झारखंड बामसेफ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रघुराई राम कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ज्ञान के प्रतीक थे। इन्होंने अपने विद्वता के बल पर पूरे विश्व में अपने को स्थापित किया। मौके पर शिक्षक सुभाष कुमार रवि, शिक्षक सुबेश्वर राम, हवलदार सुरेंद्र राम, गणेश राम, लालू कुमार भारती, अरुण कुमार, निर्मल कुमार, सूंदन कुमार, जितेंद्र कुमार रवि, आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी, बसपा के प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राम, बसपा नेता संजय राम, उमेश राम, उपेंद्र राम, अमित कुमार, गोपाल चंद्र वंशी, अरविंद राम, मधू कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं समाज सुरक्षा संघ लोवादाग के तत्वावधान में डॉक्टर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, समाज सुरक्षा संघ के निदेशक बटेश्वर राम, अजय राम, सुनय राम, जगदीश राम, अक्षय, परीखा राम, रामप्यारी राम, बैजनाथ यादव, अश्वनी, संजीव, अरविंद, सनेश, बालमुकुंद, वार्ड सदस्य फूलकुमारी देवी, पुष्पा देवी, आदि उपस्थित थे।

### सोनाहातू में 1118 और राहे में 1765 नए मतदाता जोड़े गए

सोनाहातू/राहे । प्रखंड में नए मतदाताओं को जोड़ने का काम तेजी से किया जा रहा है। इस काम में आंगनबाड़ी सेविका जो बीएलओ के पद पर नियुक्त हैं वे हर घर में जाकर नए मतदाता को जोड़ने के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। बूथ पर शिविर लगाकर नया नाम जोड़ने के साथ संशोधन का काम भी किया जा रहा है। अभी तक सोनाहातू प्रखंड में 1118 और राहे प्रखंड में 1765 मतदाताओं को जोड़ा गया है जो अभी तक जारी है। बीएलओ हर घर में जाती हैं और 18 वर्ष के युवक-युवती को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

### आशुलिपिक प्रतियोगिता की रद्द परीक्षा के इंतजार में छात्र परेशान, विभाग मौन

# जेएसएससी विज्ञापन नहीं निकालेगा तो छात्र करेंगे आन्दोलन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार झारखंड के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने की बात करती है। रोजगार के लिए लगातार विज्ञापन और प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके बावजूद नौकरी मिलने को लेकर युवाओं में कोई उत्साह नहीं है। इधर, सरकारी नौकरी की मांग को लेकर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि जारी की गयी थी लेकिन वर्ष 2022 के दिसंबर माह में इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया। यह परीक्षा उस वक्त रद्द कर दिया था जब इसकी परीक्षा चल रही थी। छात्रों का कहना है कि वह लंबे समय से इसकी तैयारी कर रहे थे, लेकिन सरकार ने छात्रों के भविष्य की अनदेखी कर यह फैसला ले लिया, जो गलत है। छात्र अब इसे लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने ट्विटर पर जेएसएससी सचिवालय स्टेनो जारी करो टैगलाइन के साथ अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान में काफी संख्या में छात्रों ने सरकार के इस कार्रवाई का जोरदार विरोध किया है।

**क्या है मामला :** आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा जेएसएससी ले रही थी। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर उस समय अचानक रद्द कर दिया गया था, जब उम्मीदवार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे हुए थे। हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को परीक्षा से संबंधित नियमावली में कुछ सुधार करने का आदेश दिया था। इस परीक्षा का विज्ञापन फिर से प्रकाशित करने का भी आदेश दिया। छात्र इंतजार करते रहे लेकिन इस परीक्षा का दोबारा विज्ञापन अबतक जारी नहीं किया गया है। जिससे छात्रों में आक्रोश है।

**परीक्षा कैलेंडर में जिक्र तक नहीं**
छात्रों ने कहा कि जेएसएससी की ओर से 21 अप्रैल 2023 को विज्ञापनों के लिए तैयार किए गये परीक्षा कैलेंडर में भी इसका जिक्र तक नहीं है। जबकि सभी तरह की रद्द परीक्षाओं के लिए विज्ञापन निकालने की तिथि प्रकाशित है। जून 2022 में रद्द की गयी आशुलिपिक परीक्षा का इसमें जिक्र ना होने से छात्र निराश हैं।

### अधिकारी मिलना नहीं चाहते

ट्विटर पर इस अभियान से पहले छात्रों ने कई बार कार्मिक सचिव से मिलने का प्रयास किया था। छात्रों का कहना है कि सूचना भोजने पर हमें गेट से ही बाहर कर दिया गया। अधिकारी बराबर मिलने से कतराते रहे। वे अभ्यर्थियों को मिलने के बदले सिर्फ तारीख देते है। सरकार नहीं सुनी तो छात्र आगे उग्र आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है। एक छात्र सुमित ने बताया कि हमने इस बार ट्विटर पर आंदोलन चलाया है। अगर इसी तरह हमारे आंदोलन और मांग को नजरअंदाज किया गया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। सभी छात्रों ने अपने ट्वीट में जेएसएसी सचिवालय स्टेनो जारी करो हैस टैंग के साथ सीएम हेमंत सोरेन, चंपई सोरेन, बाबूलाल मरांडी और अंबा प्रसाद सरीखे नेताओं को भी टैग किया है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इन्क्लूसिविटी पर कई कार्यक्रम आयोजित



रांची। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने बाल विकास और मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, दीपशिखा के छात्रों के साथ एक इनडोर टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह एक मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम था, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर हर्डल रेस, क्रॉलिंग द सर्कल, नम्बर गेम, अम्ब्रेला एवं क्रिकेट जैसे खेल खेला। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी, टाटा स्टील के एचओडी, स्पोर्ट्स और झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में अरुण दत्ता, टाटा स्टील के टेनिस कोच और अन्य एथलीट अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक पर एक ऑरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त क्वालिफाइड साइक्लिंग कोच सतबीर सिंह सहोता उपस्थित थे। इन्होंने राष्ट्रीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में 5 बार हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने छात्रों को बौद्धिक विकलांगता वाले लोगों के संबंध में जागरुक किया। साथ ही स्पेशल ओलम्पिक के उद्देश्य के संबंध में कई जानकारी प्रदान की। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के आयोजन के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर छात्रों के साथ उनके मैत्रीपूर्ण मैचों में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में एक विशेष क्षमता होती है और भगवान ने सभी को एक उद्देश्य पूरा करने के लिए बनाया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इंन्क्लुसिविटी और इक्विटेबल क्वालिटी वाली शिक्षा पर सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल की पूर्ति की दिशा में एक कदम के रूप में स्कूल द्वारा शुरू की गई एक पहल है।

### हेमंत सरकार ने एक भी बालू घाट का टेंडर नहीं किया : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**चिनिया।** गढवा रंका विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने चिनिया दौरे के मौके पर चिनिया बस स्टैंड में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से बात करते हुए कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार निकम्मी है। इस सरकार में एक भी बालू घाट का टेंडर नहीं किया गया है और यह सरकार सिर्फ बालू बेचवा रही है। आज बालू के अभाव में 18500 आवास बन नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो सरकार अबूआ आवास के लिए जनता दरबार लगा रही है, जितने आवास बनने हैं उसके लिए सरकार के पास 16500 करोड रुपये चाहिए, जिसकी राज्य सरकार को अलग से व्यवस्था करनी होगी। सरकार जनता को ठगने के लिए आवास का आश्वासन दे रही है। सरकार 23000 करोड़ रुपये लोन लेकर खर्च नहीं कर पाई। आज तक 5 वर्ष बीतने जा रहा है और इस सरकार द्वारा एक भी बहाली नहीं कर पाई। मौके पर भाजपा नेता कपिल प्रसाद, शिवलाल सिंह, चंद्रिका सिंह, संजय गुप्ता मौजूद थे।

### 150 महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उम्मत इंडेन ग्रामीण गैस वितरक ने बुधवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला स्कीम के तहत डेढ़ सौ बीपीएल परिवारों की महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया। प्रोपराइटर दानिश मुराद ने बताया कि बीपीएल से संबंधित 150 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन और चूल्हे दिए गए हैं। जबकि बचे हुए बीपीएल लाभार्थियों को भी जल्द कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके लिए हमारे कर्मचारी डोर टू डोर पहुंच रहे हैं। मौके पर गोदाम के इंचार्ज इम्तियाज अंसारी, कर्मचारी अनिल कुमार यादव रविंद्र रवि अरबाज राजा आदि मौजूद थे।

### डालसा ने अनगड़ा के बोंगाईबेड़ा में चलाया जागरूकता अभियान

# कानूनी समस्या आये तो लें जिला विधिक सेवा से मदद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अनगड़ा प्रखंड के बोंगाईबेड़ा में ग्रामीणों को जागरूक किया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति एस चंद्रशेखर के सौ दिनों के परिकल्पित आउटरीच योजना के तहत बोंगाईबेड़ा के पंचायत ड्रावन में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी सिन्हा, लता कुमारी, मुन्नी देवी, तारा मिंज एवं राजा वर्मा ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट एवं पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच एलएडीसी चीफ प्रवीण श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों को बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला। प्रवीण श्रीवास्तव ने एमएसीटी एक्ट के बारे में, बेबी सिन्हा एवं लता कुमारी ने सड़क दुर्घटना, पीएलवी मुन्नी देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी। ग्रामीणों को जानकारी दी गयी कि आपके समक्ष कोई कानूनी समस्याएं आये तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते हैं। पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया।

### आज से संस्था के नेता और कार्यकर्ता धरना में देंगे पोदना का साथ

# धरना पर बैठे पूर्व सैनिक को राष्ट्रीय युवा शक्ति का समर्थन



नवीन मेल संवाददाता। रांची। भारत पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध में घायल सैनिक पोदना बलमुचू के समर्थन में राष्ट्रीय युवा शक्ति भी आ गया है। राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने आज राजड्रावन के समक्ष धरना पर बैठे पोदना बलमुचू के साथ बैठ कर उन्हें नैतिक समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि गुरूवार से राष्ट्रीय युवा शक्ति की पूरी कमिटी धरना पर बैठेगी। कहा कि हमारे सिपाहियों के बलिदान को सरकार को भुलाना नहीं चाहिए। सरकार की ओर से जो ड्डी वायदा किया गया था। उसे सरकार पूरा कर सैनिकों को सम्मान देने का काम करे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुखद है कि जो 1965 एवं 1971 के युद्ध में शहीद लांसनायक अल्बर्ट एक्का के साथ शामिल सैनिक थे। जिन्हें गोली लगने के बाद भी वह हमारे बीच है, उन्हें सम्मान नहीं मिला है। उत्तम यादव ने कहा कि जब तक पोदना बलमुचू को सरकार की ओर से सम्मान नहीं मिलता है।

# एमिटी यूनिवर्सिटी और जेयूटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए बुधवार को झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर हस्ताक्षर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के श्रीवास्तव, एमिटी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रड्डाकर त्रिपाठी और राज्यपाल के अकादमिक सलाहकार ई बालागुरुसामी की उपस्थिति में हुए। झारखंड के डॉ. संजीव राय, राज्यपाल के ओएसडी, डॉ. डीके सिंह, निशांत कुमार, डॉ. वीके पांडेय, स्नेह कुमार उपस्थित रहे। डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने ड्डारतीय समाज के विकास और तेजी से परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में राज्य के शैक्षणिक माहौल में बदलाव की लहर लाने के लिए प्रतिष्ठित संस्थान के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार ई. बालागुरुसामी ने झारखंड के उत्थान के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता को स्वार्थी से निस्वार्थ सेवा में बदलने पर जोर दिया।

### 18 वर्षों से शिक्षाकर्मियों के मानदेय और सुविधाओं में वृद्धि नहीं

**रांची।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची झारखण्ड के अंतर्गत सभी जिलों के उपायुक्त की अध्यक्षता वाली समिति से चयनित होकर विगत 18 वर्षों से अत्यंत अल्प मानदेय पर बिना किसी बुनियादी सुविधा यथा भविष्य निधि कटौती, ग्रुप बीमा, चिकित्सा भत्ता, परियोजना भत्ता के कार्य कर रहें हैं। ज्ञातव्य है कि बी०आर०पी०सी०आर०पी० सेवाशर्त नियमावली हेतु गठित विभागीय समिति द्वारा सेवाशर्त नियमावली संबंधी प्रस्ताव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को दिसंबर 2022 को ही प्राप्त है, किन्तु उसे अभी तक कैबिनेट में नहीं लाया गया है। फलतः इससे बी०आर०पी०/सी०आर०पी० लाभांवित नहीं हो पा रहे हैं। बी०आर०पी०सी०आर०पी० की स्थिति परियोजना में कार्यरत अन्य संविदा कर्मी की तुलना में काफी खराब है। पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक) की सेवाशर्त नियमावली जनवरी 2022 से लागू कर दिया गया है।

# कुड़माली एक स्वतंत्र भाषा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कुड़माली भाषा सम्मेलन का उदघाटन हुआ। आयोजक साहित्य अकादमी के पदाधिकारी, विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य गण्यमान्य का सभागार के मुख्य द्वार से कक्ष तक कुड़माली विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ कुड़मालि संस्कृति के अनुरूप परछन कर स्वागत कर लाया गया।

अकादमी की ओर से आये सचिव के. श्रीनिवासराव ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि कुड़माली एक स्वतंत्र भाषा है। इसकी अपनी लोक साहित्य है, लोक संस्कृति है, अपनी शिष्ट गीत है। अपना आधुनिक रचित साहित्य, व्याकरण, सुर, ताल, लय आदि काफी समृद्ध है। विषय प्रवेश लेखक डॉ. एच. एन. सिंह ने कराया । छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, मुंबई के कुलपति प्रो. (डॉ.) केशरी लाल वर्मा ने कहा यह पहला मौका है जिसमें कुड़माली विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर कोई सम्मेलन हो रहा है। उधवा, डाइड़धरा, डमकच, बिहा, कुंवारी झुपान, करम, टुसु आदि लोकगीत काफी समृद्ध हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं आयोजक के रूप में उपस्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शाण्डिल्य ने कुड़मालि को अंतराष्ट्रीय भाषा बताते हुए युवाओं को कुड़माली भाषा की प्रचार-प्रसार पर जोर देने की सलहा दी । उदघाटन सत्र के मंच का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश्वरी प्रसाद महतो ने एवं धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन साहित्य अकादमी के उपसचिव एन. सुरेश बाबु ने करते हुए कहा कि कुड़माली पर यह पहला सम्मेलन करने का मौका मिला। इसके लिए उन्होने डीएसपीएमयू के कुलपति सहित सबों को धन्यवाद कहा। दो दिवसीय कुड़माली भाषा सम्मेलन के टेकनिकल सत्र की अध्यक्षता डॉ. पुलकेश्वर महतो ने करते हुए कहा कि कुड़माली साहित्य राष्ट्रीय स्तर पर है। डॉ. मंजय प्रमाणिक ने कुड़माली साहित्य के विविध पक्षों का ऐतिहासिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। संगीता कुमारी ने कुड़माली कथा साहित्य पर चर्चा करते हुए इसके समृद्ध शिष्ट साहित्य होने की बात कही। इस सत्र के मंच संचालन डॉ. परमेश्वरी प्रसाद महतो ने किया।

### पीडीएस डीलरों को दिया गया आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर बुधवार को अंचल कार्यालय के सभागार में सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने कहा कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को बताया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड वैसे सभी लोगों का बनाया जाना है, जिनके पास राशनकार्ड है।

उन्होंने कहा कि राशनकार्ड में जितने लोगों के नाम होंगे उन सभी का अलग अलग आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिनके पास आयुष्मान कार्ड होगा वे एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। प्रशिक्षण में जिला से आये सीएसई प्रबंधक कौशल कुमार, मनीष कुमार, सदर अस्पताल के सुनील कुमार तथा योगेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को आयुष्मान कार्ड बनाने से सबंधित जानकारी दी।

# बरसात के बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ पड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को चंदवा पूर्वी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, बीपीओ रतन कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। खराब मौसम के बावजूद शिविर में भारी भीड़ जमा थी। सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, अंचल जमीन सुधार रसीद, लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, साइकिल का चेक, जॉब कार्ड, पौधा, कंबल आदि का वितरण किया गया। मौके पर चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा, पंसस झामुमो नेता मो सरफराज, प्रखंड समन्वयक रितेश, आवास कोऑर्डिनेटर कुशध्वज, पंचायत सचिव घूरा राम, रोजगार सेवक सीताराम कुमार, संवयसेवक राजन कुमार, सभी वार्ड सदस्य, प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

### शिविर में आए 1811 आवेदन 304 आवेदन निष्पादित

**बरवाडीह।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को प्रखंड की खुरा पंचायत में किया गया। शिविर में बारिश के बावजूद पूरे पंचायत से काफी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम का उद्घाटन बीड़ीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, झामुमो नेता सह 20सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, मुखिया जितेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सीडीपीओ अनीता देवी आदि ने किया। शिविर में 1811 आवेदन पत्र आए, जिनमें 304 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

### मुख्यमंत्री से मिले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल

रांची/जमशेदपुर। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को विभिन्न संघों और संगठनों के प्रतिनिधिमंडल तथा आम जनता ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी जो भी समस्याएं हैं, उसका यथोचित निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं कि जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की तकलीफों को ना सिर्फ सुन रही है, बल्कि उसका समाधान भी कर रही है। अभी हर पंचायत में ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम चल रहा है। इन शिविरों में आप आएं और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दें। यहां उपस्थित अधिकारी आपकी समस्या को दूर कर रहे हैं।

### साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद, पुलिस कर रही जांच

# एटीएम कार्ड बदल दो लोगों के खाते से उड़ाये दो लाख

**नवीन मेल संवाददाता। रातू/रांची**
साइबर अपराधियों का आतंक दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। बुधवार को तुपुदाना और रातू के दो लोगों को इन्होंने शिकार बनाया। और एटीएम कार्ड बदलकर दो लाख रूपये उठा लिए। पहली घटना तुपुदाना ओपी क्षेत्र के सेवई बगान भुसूर की है। यहां रहने वाले करीम एसके से साइबर अपराधियों ने एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से 85 हजार रुपए की निकासी कर ली। इस संबंध में करीम ने तुपुदाना ओपी में दो अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। मूलरूप से पश्चिम बंगाल के मुशीर्दाबाद के रहने वाली करीम की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह तुपुदाना चौक के समीप पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से तीन दिसंबर को पैसा निकालने के लिए गए थे। लेकिन एटीएम से राशि की निकासी नहीं हुई तो वह बाहर निकलने लगे। इसी दौरान दो व्यक्ति पहुंचे और कहा कि एटीएम में गड़बड़ी है। इस वजह से पैसा नहीं निकल रहा है। यह कहते हुए दोनों आरोपियों ने उनसे पैसा निकालने की झांसा देकर उनसे एटीएम कार्ड ले लिया। जब एटीएम मशीन से पैसा नहीं निकला तो आरोपियों ने बदलकर दूसरा कार्ड उन्हें थमा दिया। कुछ देर बाद उनके खाते से तीन बार में 85 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गयी। दूसरी घटना रातू की है। यहां काठीटांड में एटीएम पर मदद करने के बहाने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर साइबर अपराधियो ने उसके खाते से 1 लाख 15 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गये।

### 100 से ज्यादा लोगों के हथियार के लाइसेंस रद्द किए गए

# कई और लाइसेंस रद्द करने की तैयारी



**लाइसेंस को सरेंडर किया है। वहीं जिला प्रशासन कई लोगों का लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला प्रशासन ने वैसे आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जिनपर हाल के दिनों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। आंकड़े बताते हैं कि रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के आदेश पर पिछले करीब 18 महीने में 100 से ज्यादा लोगों के हथियार के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। इनमें वैसे लोगों का नाम भी शामिल है, जिनका लाइसेंस उम्र ज्यादा होने के कारण रद्द किया गया है। कई लोगों ने अपनी स्वेक्षा से भी आर्म्स के लाइसेंस को सरेंडर किया है। वहीं जिला प्रशाशन कई ऐसे लाइसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है, जिनके खिलाफ हथियार के दुरूपयोग की शिकायत आई है। आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद भी हथियार का लाइसेंस लेने की चाहत रखने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। जानकारी के मुताबिक, हर महीने रांची में हथियार के लाइसेंस के लिए लगभग 30 से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। लेकिन सभी तरह की प्रक्रिया पूरी करने और सभी अहताओं को पूरा करने वाले लोगों को ही लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसकी संख्या काफी कम है। फिलहाल 350 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस के आवेदन लंबित हैं।

# प्रतिभा को सम्मान मिले


झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की बीमारी को लेकर कई बार अटकलें लगाई जाती हैं। जिसका सबूत रांची के रिनपास में निदेशक का पद प्रभार में चलना माना जा सकता है। स्थाई निदेशक की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया चल रही थी,लेकिन योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने से अब दोबारा विज्ञापन प्रकाशित करने की योजना है। दूसरी तरफ रिम्स में भी निदेशक का पद खाली है। इस प्रकार देखा जाये तो बड़े चिकित्सक संस्थानों में योग्य चिकित्सकों का रूचि नहीं लेना चिंता की बात है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि बीमार इन संस्थानों की लचर व्यवस्था के कारण ऐसी स्थितियां सामने आ रही हैं। यह चिन्ता जायज भी है। बीमार संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर रिक्तियां यह बताने के लिए काफी हैं कि यहां अराजकता का माहौल है। यही कारण है कि निदेशक जैसे पदों पर किसी की रूचि नहीं है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि हमारे स्वास्थ्य महकमे के आंगन में आकाश का रंग घोर काला क्यों है। देखा जाये तो राज्य के कई स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों को मिलने वाली सुविधा नगण्य है। बुनियादी सुविधा और मान सम्मान की कमी होने की वजह से योग्य चिकित्सक वहां जाना नहीं चाहते हैं। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि योग्य चिकित्सकों की कमी हो जाने से असमय कई जानें भी जा रही हैं। आधुनिक समाज की चकाचौंध में सभी जगहों पर हॉस्पिटलों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। लेकिन चंद पैसों की खातिर इन हॉस्पिटलों में अमानवीय व्यवहार होते हैं। यही नहीं सरकारी अस्पतालों से निजी संस्थानों में बीमार व्यक्ति को भर्ती कराने के लिए मोटी रकम वसूले जाते हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो कहीं भी किसी संस्थानों में योग्य व्यक्ति का टोटा लगा हुआ है। यही कारण है कि चिकित्सा के साथ कई संस्थानों में योग्य व्यक्ति नहीं के बराबर हैं। हमारी भ्रष्ट व्यवस्था सही आदमी को भी भ्रष्ट बनाने में जुटी हुई है। आश्चर्य यह कि योग्यता की पूछ कहीं नहीं के बराबर है। चाटुकार और मतलबी लोगों की जमात ने इन संस्थानों को कहीं का नहीं छोड़ा है। ऐसे में सरकारी संस्थानों के साथ-साथ प्राइवेट संस्थानों को भी योग्य व्यक्ति की कद्र करनी चाहिए । तभी योग्य लोग सेवा दे पायेगें। ऐसा नहीं होने की स्थिति में अमुक संस्थानों में अराजकता का होना स्वभाविक है। हालांकि प्रतिभा को सम्मान विलंब होने के बाद भी अवश्य मिलता है। लेकिन संस्थानों को उसका खामियाजा अवश्य भुगतना पड़ता है। इस बात को सरकार के साथ-साथ प्राइवेट संस्थानों मसलन निजी हॉस्पिटलों को समझना होगा। स्वास्थ्य महकमा सिर्फ पैसा कमाने का माध्यम नहीं अपितु सेवा भाव भी है। इस बात को सभी को समझने की जरूरत है। दूसरी तरफ सरकार को भी ऐसे विषय पर गंभीर होकर सोचने की जरूरत है। अगर राजधानी में निदेशक का पद रिक्त है तो इसके पीछे की वजहों की तलाश अवश्य होनी चाहिए। कारण स्वास्थ्य व्यवस्था का किसी राज्य की तरक्की में खास मतलब है।

**बीमार संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर रिक्तियां यह बताने के लिए काफी हैं कि यहां अराजकता का माहौल है। यही कारण है कि निदेशक जैसे पदों पर किसी की रूचि नहीं है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि हमारे स्वास्थ्य महकमे के आंगन में आकाश का रंग घोर काला क्यों है। देखा जाये तो राज्य के कई स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों को मिलने वाली सुविधा नगण्य है। बुनियादी सुविधा और मान सम्मान की कमी होने की वजह से योग्य चिकित्सक वहां जाना नहीं चाहते हैं।**

इन दिनों

# चुनावी जनगणमना क्या बोले?





गिरीश्वर मिश्र

***भारत*** के चार प्रमुख राज्यों में हुए विधानसभा के ताजे चुनाव नतीजे कई अर्थों में आम आदमी और राजनीति के पंडितों हर किसी के लिए बेहद चौंकाने वाले साबित हुए हैं। पांचवा राज्य पूर्वोत्तर का मिजोरम है जहां जेडपीएम को जीत मिली। इस क्षेत्रीय पार्टी ने मिजो अस्मिता को आधार बनाया। लाल दुहोमा की पार्टी ने कुछ ही वर्षों में अपने लिए पर्याप्त समर्थन जुटा लिया। तीन प्रदेशों में भाजपा और एक में कांग्रेस की भारी जीत दर्ज हुई है। कांग्रेस ने दो राज्य गंवाये और एक नया राज्य हासिल किया। जनमत की सघन और तीव्र अभिव्यक्ति करते इन आशातीत परिणामों की व्याख्या किसी एक सूत्र से नहीं की जा सकती। जनता ने स्थानीय परिस्थितियों और राष्ट्रीय स्तर पर उभरते घटना क्रम की निजी व्याख्या की। इस चुनाव में प्रत्याशियों की अपनी साख की भी खास भूमिका रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री जू देव और तेलंगाना में बीआरएस के मुख्यमंत्री केसीआर और कांग्रेस के मोहम्मद अजहरूद्दीन, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री रहे नरोत्तम मिश्र जैसों की पराजय इसी के उदाहरण हैं। चुनाव के लिए सामान्य परिवेश रचने में भ्रष्टाचार के आरोप, राजनीतिक दलों की अंदरूनी खींचतान, योजनाओं और वादों का जमीनी स्तर पर लागू न होना, और जातीय संतुलन साधने में विफलता ने मतदाता की प्रेरणाओं को निश्चित रूप से प्रभावित किया। दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जनादेश ने एक भिन्न चित्र प्रस्तुत किया। वहां के मुख्यमंत्री लम्बी अवधि से सत्ता में रहे। सोशल मीडिया पर मामा की विदाई का वीडियो खूब चला परंतु शिवराज सिंह की जनाभिमुखी यात्रा अनथक चलती रही। लाड़ली बहना जैसे महिला सशक्तीकरण के उनके प्रयास विशेष रूप से प्रभावी साबित हुए। परिस्थिति की जटिलता को देखते हुए केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारा गया। प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों ने पूरे माहौल में जान भरी और इन सब प्रयासों के परिणाम एंटी इन कंबेंसी और राजनीतिक थकान को झुठला दिया। चौहान छठीं बार बुधनी से चुनाव जीते। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल की वापसी को लेकर सब लोग आश्वस्त लग रहे थे। रमन सिंह जरूर बहुमत का दावा कर रहे थे जो भाजपा की रणनीति, मोदी जी का आकर्षण और सरकार की कमजोरियों के चलते सही साबित हुआ। भाजपा द्वारा धान की खरीद की राशि बढ़ाने का प्रस्ताव किया, महतारी वंदन योजना प्रस्तुत की, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी आई और भावी मुख्यमंत्री का नाम घोषित न करना भी सहायक हुआ। दक्षिण में तेलंगाना में कांग्रेस की जीत जनता में एक दशक पुरानी सत्ता के विरोध की मनःस्थिति का परिणाम था और कांग्रेस की भारत जोड़ो रैली का भी योगदान रहा। कांग्रेस की रणनीति बेहद प्रभावी साबित हुई और केसीआर को उनकी प्रलोभन वाली तमाम योजनाओं का लाभ न मिल सका। के सी आर के बेटे का हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार की आरोप उनके लिए मुसीबत हो गये। कांग्रेस ने महालक्ष्मी, इंदिरम्मा, और गृह ज्योति जैसी योजनाओं का वादा कर महिला मतदाता को रिझाया। कांग्रेस का पेशेवर चुनाव अभियान बाजी मार ले गया। राजस्थान में कांग्रेस ने बड़ी तैयारी की थी और मुख्यमंत्री गहलोत ने दावे भी किये थे और अपनी योजनाओं को मुख्य औजार बनाया पर जनता अपने पुराने ढर्रे के मुताबिक बाजी पलट दी। विधायकों को लेकर जन आक्रोश, पार्टी नेताओं के बीच तनाव, कानून व्यवस्था की बढ़ती मुश्किलों ने जनता के मन से भरोसा हटा दिया था। युवा वर्ग भी असंतुष्ट था। काफी बड़ी संख्या में कांग्रेसी मंत्रियों को हार का मुंह देखना पड़ा है। चुनाव में कांग्रेस की स्पष्ट अस्वीकृति उभर कर सामने आई। भाजपा ने गुटबाजी को रोका, कानून व्यवस्था की चूकों को लेकर कांग्रेस को घेरा। प्रधानमंत्री की गारंटी ने जनता में आश्वस्ति का भाव पैदा किया। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इस बार मुख्य मंत्री के रूप में किसी का नाम प्रस्तावित नहीं किया था जब कि कांग्रेस ने इनकी घोषणा की थी । संभवतः जनता और प्रत्याशियों के बीच इसका भी सकारात्माक संकेत गया। इन चुनावों ने प्रधानमंत्री मोदी की जन-स्वीकृति के ग्राफ को और ऊपर उठाया है।

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री जू देव और तेलंगाना में बीआरएस के मुख्यमंत्री केसीआर और कांग्रेस के मोहम्मद अजहरूद्दीन, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री रहे नरोत्तम मिश्र जैसों की पराजय इसी के उदाहरण हैं। चुनाव के लिए सामान्य परिवेश रचने में भ्रष्टाचार के आरोप, राजनीतिक दलों की अंदरूनी खींचतान, योजनाओं और वादों का जमीनी स्तर पर लागू न होना, और जातीय संतुलन साधने में विफलता ने मतदाता की प्रेरणाओं को निश्चित रूप से प्रभावित किया। दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जनादेश ने एक भिन्न चित्र प्रस्तुत किया। वहां के मुख्यमंत्री लम्बी अवधि से सत्ता में रहे। सोशल मीडिया पर मामा की विदाई का वीडियो खूब चला परंतु शिवराज सिंह की जनाभिमुखी यात्रा अनथक चलती रही। लाड़ली बहना जैसे महिला सशक्तीकरण के उनके प्रयास विशेष रूप से प्रभावी साबित हुए। परिस्थिति की जटिलता को देखते हुए केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारा गया। प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों ने पूरे माहौल में जान भरी और इन सब प्रयासों के परिणाम एंटी इन कंबेंसी और राजनीतिक थकान को झुठला दिया। चौहान छठीं बार बुधनी से चुनाव जीते। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल की वापसी को लेकर सब लोग आश्वस्त लग रहे थे। रमन सिंह जरूर बहुमत का दावा कर रहे थे जो भाजपा की रणनीति, मोदी जी का आकर्षण और सरकार की कमजोरियों के चलते सही साबित हुआ। भाजपा द्वारा धान की खरीद की राशि बढ़ाने का प्रस्ताव किया, महतारी वंदन योजना प्रस्तुत की, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी आई और भावी मुख्यमंत्री का नाम घोषित न करना भी सहायक हुआ।**

## आप की बात

### शहर में जलजमाव से परेशानी

मेदिनीनगर शहर की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन परिणाम शून्य है। शहर में जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोइ ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इतना ही नहीं नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के अन्य गली-मोहल्ले की नालियां बजबजा रही हैं। शहर के छह मुहान चौक पर रिमझिम फुहार में भी तालाब जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। सड़क पर पानी जमा होने की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राह चलने वाले लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में भी कई जगहों पर नाली की सफाई नहीं होने की वजह से नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदार भी परेशान हैं। हर साल नाली बनाने व मरम्मति करने पर नगर निगम लाखों रुपये पानी की तरह बहा देता है, लेकिन बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं बह पाता है। बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है और धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है। शहरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर की समस्याएं हर साल बढ़ती जा रही हैं। शहर में जगह-जगह जलजमाव जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां गली-मोहल्लों से लेकर सड़कों पर जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मुहल्लों में जलजमाव व नाला का पानी घरों में जमा होने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

**– सुबोध कुमार डालटनगंज**

प्रकृति

# बौखलाहट है हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना



ललित गर्ग

***तीन*** राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं शानदार जीत से इंडिया गठबंधन के विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है तमिलनाडु की सत्ताधारी दल डीएमके पार्टी के सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार के द्वारा संसद में हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना। उनके ऐसा बोलते ही संसद से लेकर बाहर के राजनीतिक गलियारों में हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा ने सेंथिल कुमार के इस बयान का विरोध किया तो सांसद ने माफी मांग ली और लोकसभा की कार्यवाही से उनका बयान अब हटा दिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने भी उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। भारतीय गोवंश को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए उन्हें 'गौमाता' कहते है, हमारे शास्त्रों में गाय को पूजनीय बताया गया है। हमारी माताएं बहनें रोटी बनाती है तो सबसे पहली रोटी गाय को ही देती हैं। गाय का दूध अमृत तुल्य होता है। । इन दिव्य अमृत पंचगव्य का उपयोग यज्ञ, आध्यात्मिक अनुष्ठानों, बीमारी से निजात पाने और संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए किया जाता है। इसलिये गौमाता को आधार बनाकर भाजपा की जीत पर हमला करने की यह कुचेष्टा न केवल मानसिक दिवालियापन है बल्कि इससे भारत की जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान हुई है। गौमाता पर की गयी यह टिप्पणी एक सम्पूर्ण परम्परा एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा है। ऐसी कुचेष्टाएं एवं साजिशें पूर्व में भी हुई है। तब भी गौमाता की तरह ही सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानों से देश को तोड़ने की षडयंत्र हुआ। तब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया था।

**राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है।**



बोधि वृक्ष

# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

***राजा*** प्रभावित हुए और उन्होंने ऋषि से पवित्र गाय सुरभि उन्हें देने का अनुरोध किया। ऋषि ने इनकार कर दिया। राजा क्रोधित हो गये और उन्होंने अपनी सेना को बलपूर्वक गाय को पकड़ने का आदेश दिया। ऋषि जमदग्नि की एक नजर में, सुरभि ने एक जवाबी सेना बनाई और इसके बाद हुई लड़ाई में, राजा की सेना हार गई। यह खेल बीस बार चला और हर बार, सुरभि द्वारा बनाई गई दिव्य सेना विजयी हुई। राजा की हार हुई धैर्य ने ऋषि जमदग्नि को मार डाला (ताकि सुरभि की दिव्य शक्ति कम हो जाए) और सुरभि की खोज शुरू कर दी, लेकिन वह कहीं नहीं दिखी। वह गायब हो गई और स्वर्ग वापस चली गई। रेणुका ऋषि जमदग्नि के साथ चिता पर जाना चाहती थीं। ऋषि भृगु (जमदग्नि के दादा) ने उन्हें रोका और ऋषि जमदग्नि के साथ उन्हें जीवित कर दिया। घटनाओं के मोड़ पर परशुराम बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने युद्ध में राजा कार्तवीर्यार्जुन को मार डाला (भगवान दत्तात्रेय द्वारा दिये गये वरदान के अनुसार)। जब परशुराम युद्ध से लौट आये और अपने प्रसिद्ध पिता को इसके बारे में बताया, तो ऋषि ने उन्हें बताया कि भूमि के राजा को मारना गलत था (राजा को विष्णु का अंश माना जाता है और राजा को मारना और राज्य को अराजकता में उजागर करना पाप है) और शुद्धि प्राप्त करने के लिए अपने बेटे को एक वर्ष के लिए तीर्थयात्रा (पवित्र स्थानों की यात्रा) पर जाने के लिए कहा। अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए, परशुराम तीर्थयात्रा पर निकल पड़े। इस अवसर का लाभ उठाकर कार्तवीर्यार्जुन के पुत्रों ने जमदग्नि को मार डाला। अपने पिता की रक्षा के लिए रेणुका ने अपने दिव्य पुत्र को इक्कीस बार पुकारा। नियति के अनुसार और सूर्य देव के श्राप के अनुसार, अपने बेटे को माँ की पुकार अनुत्तरित रही और ऋषि जमदग्नि का अंत हो गया। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से

**भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि यह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख में वृद्धि करता है।**

अपने पत्र हमें इमेंल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

# शीत लहरी में समस्या बनते 'धुँआ,धुंध व धूल'



निर्मल रानी

***साधन*** संपन्न लोगों के लिये बेशक सर्दी का मौसम प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल सौगात है। क्योंकि वे अपनी सुविधानुसार गर्म कपड़ों, मंहगे कंबल रजाई, घरों में तापमान गर्म रखने के लिये विभिन्न प्रकार के ब्लोअर ,हीटर आदि यहाँ तक कि अपनी गाड़ियों में भी गर्म हवा की सारी व्यवस्था कर पाने की आर्थिक सामर्थ्य रखते हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत मंहगाई के इस दौर में जबकि इंसान का दो वक़्त की रोटी का प्रबंध कर पाना भी मुश्किल हो रहा हो, ऐसे में कोई भी गरीब आदमी सर्दियों से बचने के लिये इस तरह की सुविधाओं की बात सोच भी नहीं सकता। परन्तु वह गरीब व्यक्ति या उसका परिवार भी शीत लहरी के प्रकोप से स्वयं को बचाने के उपाय जरूर ढूंढता है। अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे गरीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिये सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं। परन्तु सही मायने में भारत जैसे विशाल देश में खास कर उत्तर भारत के शीत लहरी प्रभावित घनी आबादी वाले राज्यों में हर गरीब व बेघर तक न तो सरकार के 'अलाव' की आंच पहुँचती है न ही सरकार द्वारा अलाव जलाने हेतु आवंटित पूरी धनराशि लकड़ियां खरीदने पर खर्च की जाती होंगी। इसी ठण्ड से बचने के लिये जब गरीबों, भिखारियों व बेघर लोगों को कुछ नहीं सूझता तो वे जगह जगह झुण्ड के रूप में इकट्ठे होकर स्वयं आग जलाने की व्यवस्था करते हैं। परन्तु इनके द्वारा जलाई गयी आग में अधिकांशत : पॉलीथिन, प्लास्टिक, पाऊच, दूध की खाली थैलियां यहाँ तक कि रबड़, टायर ट्यूब और पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोतलें जैसी जहरीला धुआं छोड़ने वाली वस्तुयें जलाई जाती हैं। इसके दुष्प्रभाव से अनजान इस वर्ग को इस बात का ज्ञान ही नहीं कि उनके द्वारा जलाई गयी सामग्री से उठने वाला जानलेवा धुआं न केवल उनके अपने लिये धीमा जहर का काम कर रहा है बल्कि यह आस पास के पूरे वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है और दूसरे तमाम राहगीरों या उस क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ के लिये भी समस्या खड़ी कर रहा है।

**अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे गरीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिये सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं।**

## टेक वर्ल्ड

# ये गैजेट होंगे सर्दियों में आपके लिए फायदेमंद

प्रौद्योगिकी के हमारे जीवन में एकीकृत होने के साथ, कुछ अच्छे गैजेट भी हैं जो बहुत आवश्यक आराम और गर्मी प्रदान करते हैं। यहां 1500 रुपये से कम कीमत वाले 10 शानदार विंटर गैजेट हैं। सर्दियां आ गई हैं या यूं कहें कि, गर्माहट के लिए कंबलों और रजाइयों में घुसने का समय आ गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी के हमारे जीवन में एकीकृत होने के साथ, कुछ अच्छे गैजेट भी हैं जो बहुत आवश्यक आराम और गर्मी प्रदान करते हैं।



### krien care electric food warmer

इलेक्ट्रिक फुट वार्मर सर्दियों में पैरों को गर्म रखने और दर्द से पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे सर्दियों में आराम मिलता है। साथ ही आपको गर्म भी रखने में सहायक है। वहीं इस पर 38 प्रतिशत छूट है जिस कारण इसकी कीतम महज 1890 रुपये में मिल रहा है।

### Go home double bed heating electric blanket with controllers

अगर सर्दियों में जब आप बिस्तर में जाते हैं तो बेडशीट ज्यादातर ठंडी रहती है। लेकिन अब बाजार में इलेक्ट्रि कंबल आसानी से उपलब्ध है। जो आपके गर्म रखने में फायदेमंद है। इसकी कीमत फिलहाल, 1899 रुपये तक है। इस पर 53 प्रतिशत की छूट है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### एनआईए को धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**पटना।** बेंगलुरु पुलिस ने कर्नाटक की राजधानी में एनआईए दफ्तर को धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी बिहार के समस्तीपुर जिले का निवासी है। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी की बेंगलुरु की एक शादीशुदा महिला से दोस्ती हो गई थी और वे पिछले कुछ महीनों से एक-दूसरे से चैट कर रहे थे। जब महिला के पति को इस बारे में पता चला, तो उसने अपनी पत्नी को अपने फोन मित्र से संपर्क तोड़ने की सख्त हिदायत दी। युवक अपनी दोस्त के पति से नाराज था। इसलिए, उसे फंसाने के लिए उसके पति के नाम पर एनआईए दफ्तर को एक धमकी भरा ईमेल भेजा और उसका फोन नंबर भी साझा किया। मामला गंभीर था, इसलिए केस को बेंगलुरु पुलिस की साइबर सेल को ट्रांसफर किया गया। जांच के दौरान, साइबर सेल ने ईमेल भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए सर्वर के आईपी एड्रेस को समस्तीपुर के रोसेरा सब-डिवीजन में ट्रेस किया।

### यूपी में सड़कों की मरम्मत में लापरवाह एजेंसियों पर करोड़ों का जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की 'हर घर जल योजना' के तहत गांव-गांव में बिछाई जा रही पाइप लाइनों को डालने के बाद सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक में करीब आधा दर्जन कार्यदायी एजेंसियों पर करोड़ों का जुमार्ना ठोका है। गोमती नगर के किसान बाजार स्थित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय में समीक्षा बैठक में जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ. बलकार सिंह, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव भी मौजूद रहे।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक

**दोनों शूटर रोहित राठौड़ मकराना और नितिन फौजी की पहचान कर ली गई है**

# गोगामेड़ी की हत्या के खिलाफ बंद रहा राजस्थान

**एजेंसी। रायपुर**

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के बाद पूरा राजस्थान विरोध प्रदर्शन की आग से सुलग उठा है। सर्वसमाज के आह्वान पर बुलाए गए राजस्थान बंद के कारण राजधानी जयपुर से लेकर जैसलमेर तक शहर और कस्बे बंद रहे। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर और अजमेर समेत पूरे सूबे में जगह-जगह प्रदर्शन हुआ। आक्रोशित लोग सड़कों पर जमा हो गए और जगह-जगह टायर जलाकर, नारेबाजी कर विरोध जताया गया। हत्या के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी या फिर एनकाउंटर की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने जयपुर-आगरा हाईवे पर जगह-जगह टायर जलाकर उसे जाम कर दिया। इससे जयपुर दौसा, लालसोट, महुआ, बालाजी, सिकंदरा अलवर, बांदीकुईं और भरतपुर से लेकर आगरा तक के यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



**दोनों शूटर्स की हुई पहचान :** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या प्रकरण में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। शूटर रोहित राठौड़ मकराना और नितिन फौजी की पहचान कर ली गई है। पुलिस को रोहित और नितिन की फोटो मिली है, जिसके आधार पर दोनों बदमाशों की तलाश की जा रही है। फिलहाल आरोप पुलिस की पकड़ से दूर है। बदमाशों के विदेश में भी संपर्क होने की बात बताई जा रहे है। नितिन पोद्दार हरियाणा का रहने वाला है तो वहीं रोहित राठौड़ नागौर राजस्थान का रहने वाला है। आरोपी नितिन की जयपुर के झोटवाड़ा में कपड़े की दुकान बताई जा रही है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बुधवार को कहा कि सख्त नाकाबंदी कर दी गई है और आरोपियों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने आम जनता से धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील की और पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

### मायावती ने केंद्र सरकार की पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना पर उठाए सवाल

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने बुधवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर सवाल उठाए हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, लगभग 140 करोड़ की विशाल आबादी वाले भारत के गरीबों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, अतिपिछड़ों सहित उपेक्षित बहुजनों के मसीहा व देश के मानवतावादी समतामूलक संविधान के निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आज उनके परिनिर्वाण दिवस पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने आगे लिखा, देश के 81 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के मोहताज का जीवन बना देने जैसी दुर्दशा ना यह आजादी का सपना था और ना ही उनके लिए कल्याणकारी संविधान बनाते समय बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने सोचा था।

# सब लोग साथ मिलकर काम करेंगे तभी सफलता मिलेगी : नीतीश



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आजकल में खबर छप रहा था कि हम नहीं जा रहे हैं लेकिन हम तो बात ही दिए थे कि और भी लोग रहेंगे हम भी रहेंगे। हम तो चाहते हैं की तेजी से लोग करें काम। हम तो बार-बार बोल रहे हैं कि हमको कुछ नहीं चाहिए। हम तो बस इतना बोल रहे हैं कि सब लोग एक साथ काम में लगिए। मेरे जाने की बात रही तो हमको सर्दी-खांसी, बुखार हो गया था। इसलिए कहीं जा नहीं रहे थे। बाकी हम तो शामिल होंगे ही। नीतीश से जब यह सवाल किया गया कि देश की मांग है आप नेतृत्व करें तो इसके जब आपने उन्होंने कहा कि नहीं यह सब बेकार है। हमारी नहीं राय है। हम नहीं ई सब चाहते हैं। अब कोई जो बोलना चाहता है तो बोले। हम तो चाहते हैं कि सब लोग साथ आकार काम करें। इसके अलावा जब उनसे सवाल किया गया कि आईएनडीआईए गठबंधन में रीजनल पार्टी की क्या भूमिका होनी चाहिए तो नीतीश कुमार ने कहा कि इसको लेकर आपस में बैठक कर बातचीत की जानी चाहिए लेकिन अभी कुछ भी करना उचित नहीं ना होगा।

# सनातन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा हिंदुस्तान : गिरिराज

**एजेंसी। बेगूसराय**

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों पर कहा कि कांग्रेसी होश में आएं और उनपर देश में उन्माद फैलाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही हिजाब को लेकर भी लालू यादव और नीतीश कुमार पर सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि सम्पूर्ण भारत गौ, गंगा और गायत्री के उपासना करता है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि कांग्रेस एवं उसके सहयोगी यदि दक्षिण भारत-उत्तर भारत की पृथक परिकल्पना कर उन्माद फैलाना चाहते हैं। ऐसा करने वाले होश में आ जाएं, देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता से खिलवाड़ तथा सनातन के अपमान को राष्ट्र अब हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा है कि जो गौ माता का सम्मान करना नहीं जाना, वह गोमूत्र और



गौ माता को क्या जानेगा।भारत के सनातन संस्कृति में गौ माता, गोमूत्र और गाय के गोबर सबका महत्व और सम्मान है। राहुल गांधी और उसके सहयोगी होश में आ जाएं, वह भूले नहीं की हम लोग शंकराचार्य के वंशज हैं। शंकराचार्य ने ही पूरे देश को एक किया था। सनातन से कोई मत टकराएं, सनातन भारत की पहचान है, जो इससे टकराएगा, वह 2024 में साफ हो जाएगा। राहुल गांधी दक्षिण भारत और उत्तर भारत को आपस में लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

### इंदौर में 10 साल में पहली बार पड़ रही है इतनी ठंड

**इंदौर।** इंदौर में ठंड का जोर कायम है। शहरवासी गर्म कपड़ों के बिना घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। 10 सालों में पहली बार इंदौर में इतनी ठंड पड़ रही है। यह सामान्य से 9 डिग्री कम है। वहीं सोमवार रात का तापमान 17.5 डिग्री रहा। इस तरह दिन और रात के तापमान में सिर्फ 2.5 डिग्री का अंतर बचा। इंदौर में मंगलवार को दिनभर सर्द हवाएं चलती रही। लोग ठंड से ठिठुरते रहे। स्कूलों में भी छोटी कक्षाओं के बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। ठंड की वजह से बाजारों में भी असर दिखा और लोग खरीदारी के लिए कम निकले। राजबाड़ा, सराफा जैसे बाजारों में शाम और रात के समय कम भीड़ दिखी। चेन्नई में आए तूफान की वजह से इंदौर में ठंडक बढ़ रही है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आ रही है जिस वजह से मप्र पर भी बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार शाम तक बादल छंटने के आसार हैं। गुरुवार से हल्की धूप निकल सकती है।

**एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4 लाख से अधिक मामले दर्ज**

# बंगाल में एसिड अटैक की सबसे अधिक घटनाएं




**एजेंसी। कोलकाता**

तमाम दावों, प्रतिदावों और कानूनों के बावजूद देश में महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो ना सिर्फ चिंता की बात है बल्कि देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े करती है। एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

एनसीआरबी के अनुसार देश में वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 428278 मामले दर्ज हुए जबकि वर्ष 2020 में इसकी संख्या 371503 थी। वहीं वर्ष 2019 में यह 405326 थी। यह केस आईपीसी और स्पेशल लॉ एक्ट के तहत दर्ज हुई हैं। वर्ष 2020 में देश में लॉकडाउन की स्थिति थी यही वजह है कि अपराध के मामले भी कम दर्ज हुए थे। लेकिन लॉकडाउन समाप्त होने के बाद जिस राज्य में महिलाओं के खिलाफ सर्वाधिक अपराध के मामले दर्ज हुए उसमें नंबर एक पर उत्तर प्रदेश है, जहां 56083 मामले दर्ज हुए। वहीं दूसरे स्थान पर राजस्थान है, जहां 40738 केस दर्ज हुए। तीसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराध के 35884 केस दर्ज हुए। बिहार में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 17950 केस दर्ज हुए जबकि झारखंड में यह आंकड़ा 8110 है। वहीं 2020 में बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं 2021 से अधिक थी। कुल दर्ज केस 36439 थे। देश में पति द्वारा क्रूरता की कुल 136234 घटनाएं हुईं जिनमें पीड़िताओं की कुल संख्या 137956 थी। यानी प्रति लाख पर 20.3 महिलाएं पति की प्रताड़ना या क्रूरता का शिकार हुईं। पति द्वारा क्रूरता किये जाने का भी सबसे अधिक मामला पश्चिम बंगाल में सामने आया जहां 19952 मामले सामने आये और कुल 20052 महिलाएं पीड़ित हुईं।

### एसिड अटैक की सबसे अधिक घटनाएं बंगाल में

एसिड अटैक जैसा घृणित अपराध देश में सबसे ज्यादा 2021 में बंगाल में दर्ज हुआ। यहां कुल 30 मामले सामने आये और 30 महिलाएं एसिड अटैक की शिकार हुईं। देश में कुल 93 केस एसिड अटैक के सामने आये थे, जिनमें 98 महिलाएं पीड़ित हुईं थी। एसिड अटैक के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 18 घटनाएं हुईं और 21 महिलाएं पीड़ित थीं। तीसरे स्थान पर असम है, जहां सात घटना हुई और 9 महिलाएं पीड़ित हुईं। चौथे स्थान पर गोवा और गुजरात हैं जहां छह-छह घटनाएं हुईं और पीड़ित थी इतनी ही महिलाएं हुईं। बिहार में एसिड अटैक की एक घटना सामने आयी और पीड़ित महिला भी एक ही थी जबकि झारखंड में वर्ष 2021 में एसिड अटैक का कोई मामला सामने नहीं आया था। अभी हाल ही में झारखंड के चतरा में एक लड़की और उसकी मां पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है, लड़की को इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है।

# सरयू नदी के गुप्तार घाट पर पंचवटी द्वीप और श्रीराम अनुभव केंद्र की होगी स्थापना



**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही रामनगरी को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में सरयू नदी के पास गुप्तार घाट पर 75 एकड़ में श्रीराम अनुभव केंद्र और पंचवटी द्वीप का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। पंचवटी द्वीप पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का उद्देश्य भारतीय जन मानस को अपनी वैदिक सभ्यता पर गौरव करने को प्रोत्साहित करना है, ताकि वो इसे अपने दैनिक जीवन में भी आत्मसात करके एक स्वस्थ व सुखी जीवनयापन कर सकें। प्रस्ताव के अनुसार राम अनुभव केंद्र के निर्माण के लिए अस्थाई स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्षा ऋतु में इन टेंपरेरी स्ट्रक्चर को डिसमैंटल कर दिया जाएगा एवं इस दौरान श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा। सरयू नदी के निकट होने के कारण योगी सरकार ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के तहत प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि एक हजार एकड़ में फैले पंचवटी द्वीप में 75 एकड़ पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव है।

### अयोध्या में राम मंदिर के लिए पुजारियों की ट्रेनिंग आज से

**अयोध्या।** राम लला मंदिर के पुजारी पद के लिए सभी सनातनियों से मांगे गये आवेदन के आधार पर चुने गए 20 उम्मीदवारों का प्रशिक्षण बुधवार से शुरू होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों ने कहा कि छह महीने का प्रशिक्षण अयोध्या में ट्रस्ट के नवनिर्मित कार्यालय में दिया जाएगा, जिसके बाद अर्चक (पुजारी) पद के लिए उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया जाएगा। ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा, जो उम्मीदवार छह महीने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करेंगे, उन्हें अर्चक (पुजारी) पद के लिए चुना जाएगा। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा, जो उम्मीदवार सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करेंगे, उन्हें पुजारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा और छह महीने के प्रशिक्षण के बाद विभिन्न पदों पर तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण अवधि के दौरान, ट्रस्ट सभी उम्मीदवारों को प्रति माह 2000 रुपये का मानदेय देगा और अयोध्या में उनके लिए भोजन और आवास की व्यवस्था भी करेगा।

**बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला**

# ईडी ने एसएसकेएम अधीक्षक को सुजय भद्र की मेडिकल रिपोर्ट के साथ तलब किया

**एजेंसी। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य संचालित एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस जारी कर करोड़ों रुपए के बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला मामले के सिलसिले में एजेंसी के सॉल्ट स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा। घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि एस.एस.के.एम. अस्पताल के अधीक्षक को स्कूल नौकरी मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्र की नवीनतम मेडिकल रिपोर्ट अपने साथ लाने के लिए कहा गया है। ईडी के अधिकारी बार-बार आरोप लगाते रहे हैं कि भद्र की वॉयस सैंपलिंग जांच कराने में एस.एस.के.एम. अस्पताल के अधिकारियों ने असहयोग किया। इससे पहले मंगलवार को अस्पताल ने ईडी के अधिकारियों को सूचित



किया था कि कोलकाता की एक विशेष अदालत के निर्देश पर उन्होंने भद्र की मेडिकल जांच करने के लिए उपलब्ध मेडिकल बोर्ड की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है, जो वॉयस सैंपलिंग टेस्ट से पहले की जानी चाहिए। इससे पहले, ईडी के अधिकारियों ने भद्र स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करने के लिए कई बार एसएसकेएम का दौरा किया था। लेकिन हर बार उन्हें अस्पताल के अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया कि भद्र अभी भी वॉयस सैंपलिंग परीक्षण से गुजरने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। लेकिन इस बार उनके अस्पताल जाने की बजाय ईडी के अधिकारियों ने चिकित्सा अधीक्षक को अपने कार्यालय में तलब करने का फैसला किया है। अगस्त में उनकी बाईपास सर्जरी के बाद से भद्र दक्षिण कोलकाता में सरकारी एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा स्कूल नौकरियों के मामले की जांच 31 दिसंबर तक समाप्त करने के निर्देश के बाद आवाज का नमूना परीक्षण अनिवार्य हो गया है। हाल ही में, पश्चिम बंगाल विधानसभा में ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के एकमात्र प्रतिनिधि नौशाद सिद्दीकी ने भद्र के जीवन को खतरे पर आशंका व्यक्त की थी।

# बिहार में 4 मिनट में बैंक लुटेरे 16 लाख रुपये लूटकर हुए फरार

**एजेंसी। आरा**

बिहार के भोजपुर जिले में बुधवार को एक बैंक में लूट की अजीबो-गरीब घटना घटी, जहां पुलिस बैंक के बाहर लुटेरों के आत्मसमर्पण के लिए चिल्लाती रही और उससे पहले ही लुटेरे बैंक से 16 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। दरअसल, यह मामला आरा में सर्किट हाउस रोड पर एक्सिस बैंक शाखा की है, जहां से लुटेरे बैंक खुलते ही करीब 16 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे एक्सिस बैंक, आरा में पांच अपराधी हथियार के साथ घुसे थे और बैंक कर्मियों को एक कमरे में बंद कर दिया और काउंटर पर रखे हुए लगभग 16 लाख रुपये लेकर चार मिनट के अंदर फरार हो गए। इस बीच, किसी ने फोन से




सूचना दी की अपराधी बैंक के अंदर हैं। इस पर पुलिस ने बैंक को घेर कर अपराधियों को आत्मसमर्पण के लिए बोलती रही। बाद में पुलिस जब बैंक के अंदर घुसी और बैंककर्मियों को कमरे से निकाला गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की तब पता चला कि अपराधी बैंककर्मियों को एक कमरे में बंद कर कैश काउंटर पर रखे करीब 16 लाख रुपये लेकर फरार हो चुके हैं। पुलिस अब लुटेरों को पकड़ने में जुटी है तथा पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

**60 टीएमसी विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत**

# पीएम मोदी-अमित शाह के अपमान का आरोप

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अपमान करने के आरोप में 60 तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई हैं। भाजाप विधायक और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि ऐसा दुस्साहस बार-बार किया गया। इसलिए पुलिस में दो शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने 'ममता चोर' लिखे टी-शर्ट पहनकर विधानसभा पहुंचने वाले भाजपा विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में कोलकाता के विभिन्न थानों में दो शिकायतें दर्ज की गई हैं। उधर, शुभेंदु अधिकारी ने पर लिखा, टीएमसी चोरों ने पश्चिम बंगाल



विधानसभा परिसर के भीतर गालियां देकर माननीय प्रधान मंत्री और माननीय गृह मंत्री की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास करने का दुस्साहस किया है। इसलिए श्रीमती मालती राव रॉय और श्रीमती सिखा चटर्जी द्वारा द्वारा पुलिस में दो शिकायतें दर्ज करायी गयी है। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने राष्ट्रगान का अपमान करने के आरोप में भाजपा विधायकों को पुलिस द्वारा जारी नोटिसों पर अंतरिम रोक लगा दी थी। एक शिकायत में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने आठ भाजपा विधायकों को नोटिस भेजा था। मामला यूं है कि टीएमसी विधायक काले कपड़े पहनकर केंद्र द्वारा कथित तौर पर फंड रोके जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन पर कथित तौर पर पीएम मोदी और अमित शाह पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप था। जिसके बाद भाजपा विधायकों ने विरोध के रूप में 'चोर-चोर' के नारे लगाए।

### गंगोत्री हाइवे पर बनी ओपन टनल के पीछे हो रहा लगातार भूस्खलन

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाइवे पर बने ओपन टनल के पीछे लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। हालांकि, एनएचआईडीसीएल टनल के नीचे भूस्खलन प्रभावित हिस्से की मरम्मत कर रहा है? लेकिन, टनल के पीछे भूस्खलन प्रभावित हिस्से को बिना उपचार के ही छोड़ दिया गया है। एनएचआईडीसीएल के अधिशासी निदेशक कर्नल संदीप सुदेहरा ने कहा कि ओपन टनल को भूस्खलन की रोकथाम के लिए डिजाइन किया गया है। टनल के पीछे भूस्खलन हो रहा है तो इससे टनल को कोई दिक्कत नहीं है। फिर भी इसे दिखवा लिया जाएगा। बता दें कि साल 2010 में गंगोत्री हाईवे पर चुंगी बड़ेथी क्षेत्र में भूस्खलन जोन सक्रिय था। जिसके बाद 28 करोड़ की लागत से एनएचआईडीसीएल ने इसका उपचार किया था।जिसका कोई फायदा नहीं हुआ था। उसके बाद दोबारा 28.3 करोड़ की लागत से सड़क सुरक्षा गैलरी के तौर पर ओपन टनल बनाई गई।

# सीमा शुल्क विभाग ने बंगाल में 2.25 करोड़ की ड्रग जब्त की, 3 गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी कि उनके अधिकारियों ने उत्तर 24 परगना में भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्रों के पास प्रतिबंधित ड्रग जब्त की है। हालांकि, विभाग के अधिकारियों ने जब्ती की सही तारीख और समय नहीं बताया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान उत्तर 24 परगना जिले के निवासी इयादुल शेख, मोशरफ हुसैन और हसन अली के रूप में की गई है। इनके कब्जे से जो खेप जब्त की गई है, वह भारी मात्रा में ब्राउन-शुगर की है। इसकी ग्रे मार्केट में अनुमानित कीमत करीब 2.25 करोड़ होगी। सूत्रों ने कहा कि जब्त की गई खेप में एसिटिक एनहाइड्राइड है, जो शुद्ध गुणवत्ता के होते हैं और इसलिए इसकी कीमत ज्यादा है। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने कबूल



किया कि उनकी इस खेप को पड़ोसी देश बांग्लादेश में तस्करी करने की योजना थी। जांच अधिकारियों का मानना है कि गिरफ्तार किए गए तीन लोग सीमा पार से ड्रग की तस्करी के एक बड़े रैकेट का महज एक हिस्सा हैं। रैकेट के पीछे के मुख्य मास्टरमाइंड की पहचान करने के लिए जांच जारी है। हाल ही में, बंगाल में प्रतिबंधित ड्रग की एक बड़ी खेप की बरामदगी के बीच, पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के अधिकारियों को ऐसे ड्रग रैकेट के वित्तपोषण में विभिन्न पूर्वोत्तर क्षेत्र-आधारित विद्रोही समूहों की भागीदारी के पक्के सुराग मिले। पुलिस के संदेह का आधार पिछले कुछ महीनों के दौरान जब्त किए गए ड्रग की उच्च गुणवत्ता है। राज्य पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों (ड्रग) के ऐसे शुद्ध गुण उत्तर-पूर्वी भारत से चलने वाले रैकेटों के लिए विशिष्ट हैं।

## एक नजर

### यशवर्धन ने की शानदार बल्लेबाजी, बीबीडी विवि ने जीता मैच

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिविजन में बीबीडी विवि ने गियर क्लब को 92 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में बीबीडी के यशवर्धन सिंह पटेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाये। बीबीडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 229 रन बनाये। शुरूआत बहुत खराब हुई और सलामी बल्लेबाज शुभम मिश्र मात्र एक रन पर आउट हो गये। वहीं दूसरे क्रम के बल्लेबाज ताहिर दो रन बना पाये, जबकि यशवर्धन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह चौका और छह छक्का की मदद से 117 बाल पर 101 रन बनाये। वहीं विवेक राव ने 24 रन का योगदान दिया। गियर क्लब की पूरी टीम 137 रन बनाकर ही पवेलियन वापस लौट गयी। सलामी बल्लेबाज सत्यम ने 22 रन का योगदान दिया। वहीं आशुतोष ने 24 रन बनाये।

### 'कैप्टन साहब' शुभमन गिल ने राशिद खान से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज शुभमन गिल ने ब्रिटेन में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान से मुलाकात की और वह अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) टीम के साथी को देखकर बहुत रोमांचित हुए, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की। अफगान सनसनी ने गिल के साथ एक तस्वीर खिंचवाई, जिन्हें हाल ही में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में आश्चर्यजनक वापसी के बाद आईपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स का नया कप्तान नामित किया था। राशिद की पोस्ट पर माइकल वॉन और टाइटन्स दोनों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं आईं और दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मुलाकात देखकर खुश हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे यह पसंद है। दूसरी ओर, टाइटन्स ने नजर ना लगे लिखा, यह उम्मीद करते हुए कि उनके सितारों पर कोई बुरी नजर नहीं होगी। राशिद की 24 नवंबर को यूनाइटेड किंगडम में पीठ के निचले हिस्से की एक छोटी सी सर्जरी हुई।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जीत के लिए बल्लेबाजी अहम होगी: राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने प्रत्येक खिलाड़ी से दक्षिण अफ्रीका के एक महीने के लंबे दौरे में मैच जिताने वाला योगदान देने को कहा है। भारत रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20, तीन मैचों की वनडे और दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का सामना करने के लिए तैयार है। डरबन में पहले टी20 मैच में सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. द्रविड़ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचों पर बल्लेबाजी करना मुश्किल है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजों के पास जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने के लिए गेम प्लान हो। द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, तो, यह बल्लेबाजी करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह है; आँकड़े आपको यह बताएंगे। यह बल्लेबाजी करने के लिए अधिक कठिन स्थानों में से एक है, खासकर यहां सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में।

# करियर के अंत तक आईपीएल में खेलना जारी रखूंगा : मैक्सवेल



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता टीम के स्टार बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि वह तब तक आईपीएल में खेलते रहेंगे, जब तक चलने में असमर्थ नहीं हो जाते। भारत से स्वदेश लौटने के बाद एक सप्ताह तक आराम करने के बाद, मैक्सवेल गुरुवार रात गाबा में ब्रिस्बेन के खिलाफ बिग बैश लीग के शुरूआती मैच में मेलबर्न स्टार्स का नेतृत्व करेंगे। 35 वर्षीय मैक्सवेल, जो अगले साल फिर से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलेंगे, ने बुधवार को मेलबर्न हवाईअड्डे पर पत्रकारों से कहा, आईपीएल संभवतः मेरे द्वारा खेला जाने वाला आखिरी टूनामेंट होगा, क्योंकि मैं तब तक आईपीएल खेलूंगा जब तक मैं चलने में असमर्थ न हो जाऊं। जिन लोगों से मैं मिला, जिन कोचों के साथ मैंने खेला, जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ आपको कंधे से कंधा मिलाने का मौका मिला, वह टूनामेंट मेरे पूरे करियर के लिए फायदेमंद रहा है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हमारे बहुत से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में भाग ले सकते हैं और वेस्ट इंडीज के समान परिस्थितियों में काम कर सकते हैं, जहां यह थोड़ा सूखा है, यह स्पिन करेगा। मैक्सवेल एक दशक से अधिक समय से आईपीएल से जुड़े हुए हैं, जिसकी शुरूआत 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) से हुई थी। मैक्सवेल की सफलता का सीजन 2014 में आया जब उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए प्रदर्शन किया और 187.75 की स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए। अपने ऊंचे मानकों के अनुसार, 2021 की नीलामी के बाद आरसीबी में आने से पहले अगले पांच वर्षों में उनके पास केवल एक ही अच्छा सीजन था। मैक्सवेल ने आरसीबी द्वारा उन पर लगाए गए विश्वास (और 14.25 करोड़ रुपये) का भुगतान कर दिया है। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 सीजन में क्रमशः 513, 301 और 400 रन बनाए और हर साल उनके स्ट्राइक रेट में सुधार आया। पिछले सीजन में, उन्होंने 183.49 के स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए, जो 2014 के सीजन के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

#### मेरी डिविलियर्स और कोहली से खेल पर काफी बातें हुई

उन्होंने 2017 में वहां अपना एकमात्र टेस्ट शतक लगाया और पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवरों का विश्व कप खिताब जीतने में मदद की। मैक्सवेल ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, आईपीएल संभवतः मेरे द्वारा खेला जाने वाला आखिरी टूर्नामेंट होगा, क्योंकि मैं तब तक आईपीएल खेलूंगा जब तक मैं चलने में असमर्थ हो जाऊंगा। मैं इस बारे में बात कर रहा था कि मेरे पूरे करियर में आईपीएल मेरे लिए कितना अच्छा रहा है जिन लोगों से मैं मिला हूं, जिन कोचों के साथ मैंने खेला है, वे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिनके साथ आपको कंधे से कंधा मिलाने का मौका मिलता है आप रगड़ रहे हैं उन्होंने दो महीने तक एबी (डिविलियर्स) और विराट (कोहली) के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, अन्य खेल देखते समय उनसे बात की, उन्होंने उन दिग्गजों का जिक्र करते हुए कहा, जिनके साथ उन्होंने बैंगलोर ड्रेसिंग रूम साझा किया था। यह सीखने का सबसे बड़ा अनुभव है जो कोई भी खिलाड़ी मांग सकता है।

### क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम के निदेशक बने मोइन खान

**कराची।** क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मोइन खान को आगामी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन नौ के लिए टीम निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। इससे पहले, मोइन खान ने लगातार आठ वर्षों तक मुख्य कोच के रूप में कार्य किया था। यह उनके कोचिंग नेतृत्व के तहत था, ग्लेडियेटर्स ने 2019 में चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया और दो मौकों पर उपविजेता बनकर उभरे। एक्स पर क्वेटा ग्लैडियेटर्स ने लिखा, क्वेटा ग्लैडियेटर्स के मालिक नदीम उमर और टीम प्रबंधन ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और '92 विश्व कप विजेता मोइन खान को टीम निदेशक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। एचबीएल पीएसएल ड्राफ्ट 2024 बुधवार, 13 दिसंबर 2023 को लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में होने वाला है।

# मैचवीक 8 में लगा गोलों का शतक प्रशंसकों को मिला भरपूर रोमांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के आठवें मैचवीक में हुई गोल-वर्षा सुर्खियों में रही, क्योंकि टीमों ने कुछ रोमांचक हाई-स्कोरिंग मुकाबले खेले और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। केरला ब्लास्टर्स एफसी ने अंतिम क्षणों में वापसी करते हुए चेन्नइयन एफसी के खिलाफ 3-3 से ड्रा खेलकर एक अंक हासिल किया, पंजाब एफसी ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और आईएसएल के सीजन 10 में यह एक यादगार सप्ताह था। आईएसएल सीजन 10 को शुरू हुए दो महीने से थोड़ा अधिक समय बीत चुका है, ऐसा प्रतीत होता है कि टीमें सुसंगठित इकाइयों के रूप में काम करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में आ रही हैं और उसी के परिणामस्वरूप मैदान पर फ्री-फ्लोइंग फुटबॉल में दिखाई दे रही है।

**आईएसएल 2023-24 का 100वां गोल! :** पंजाब एफसी ने गुरुवार को श्री कांतिरावा स्टेडियम में मेजबान बेंगलुरू एफसी को 3-3 से ड्रा पर रोकने के लिए जबर्दस्त प्रदर्शन किया। हालांकि, उस हाई-स्कोरिंग थ्रिलर में निखिल प्रभु के शुरूआती गोल ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की, क्योंकि उनका यह गोल मौजूदा आईएसएल सीजन का 100वां गोल था। अब तक, इस सीजन में खेले गए 44 मैचों में 114 गोल किए गए हैं, जो कि औसतन प्रति मैच 2.59 स्ट्राइक है। सीजन की शुरूआत तेज हुई, टीमों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के परिणामस्वरूप बेहद नजदीकी मुकाबले खेले गए। हालांकि, इस सप्ताह क्लबों की ओर से अपनी बंदिशों को तोड़ने का काफी प्रयास किए गए और इससे कुल मिलाकर उनको बड़े अंतर से जीत हासिल हुईं।

**कोलकाता के दिग्गजों के लिए पहला मैच :** मोहन बागान सुपर जायंट्स और ईस्ट बंगाल भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिष्ठित क्लब हैं। उनकी फैन फॉलोइंग गहरी जड़ें जमा चुकी है और यकीनन किसी से भी कम नहीं है। उनका अच्छा प्रदर्शन ही आमतौर पर भारत में फुटबॉल के लिए अच्छा साबित हो सकता है। ये दोनों क्लब इस सप्ताह अपने कुछ उदासीन परिणामों के साथ मैदान पर उतरे थे। मैरिनर्स घरेलू मैदान पर एएफसी कप के मुकाबले में ओडिशा एफसी से 2-5 से हार गए थे, जबकि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने दो महीने से अधिक समय से कोई भी आईएसएल मैच नहीं जीता था। आईएसएल विजेता अनुभवी कोचों से उत्साहित होकर, इन टीमों ने मजबूत प्रतिक्रिया देते हुए जोरदार वापसी की।

#### आईएसएल 2023-24



#### हाई-स्कोरिंग मुकाबले देखकर रोमांचित हुए फैंस

कोच्चि और कोलकाता भारत के दो प्रमुख व लोकप्रिय फुटबॉल केंद्र हैं, जबकि बेंगलुरू देश के भीतर खेल के मानचित्र पर नई सनसनी पैदा करने वाले स्थलों में से एक के रूप में उभरा है। ये शहर फुटबॉल को गंभीरता से लेते हैं, अपनी टीमों का पूरे जुनून के साथ समर्थन करते हैं, और खेल के प्रति अपने प्यार के कारण इस तरह के रोमांचक मुकाबले देखने के हकदार हैं। उनके लाभ के लिए, वे इस सप्ताह कुछ बेहद मनोरंजनक मुकाबलों के गवाह बने। इनमें चेन्नइयन एफसी द्वारा केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ 3-3 से खेला गया ड्रा और फिर सिटी ऑफ गार्डन्स में पंजाब एफसी और बेंगलुरू एफसी के बीच इसी स्कोर के साथ हुआ ड्रा शामिल है। कार्ल्स कुआड्राट ने साल्ट लेक में हाईलैंडर्स को 5-0 से रौंदकर मैच समाप्त किया।

# आईसीसी और सीडब्ल्यूआई टी-20 विश्व कप से पहले मैच स्थलों का निरीक्षण करेंगे

**एजेंसी। सेंट जॉन्स (एंटीगा)**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए मेजबान यूएसए के शहरों और कैरेबियन के पुष्टि किए गए मेजबान देशों का अपना दूसरा निरीक्षण कर रहा है। सीडब्ल्यूआई के अनुसार, निरीक्षण में विश्व कप और अभ्यास मैचों के लिए सभी मेजबान देशों और स्थानों का व्यापक मूल्यांकन किया जाएगा। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला विश्व कप आयोजन होगा और रिकॉर्ड 20 टीमों को चार समूहों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें प्रतियोगिता में 55 मैच खेले जाएंगे।दूसरी ओर, यह दूसरी बार होगा जब वेस्टइंडीज 2010 में आखिरी बार ऐसा करने के बाद पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। दोनों देशों को 2021 में प्रतियोगिता के संयुक्त मेजबानी अधिकार से सम्मानित किया गया था। ₹मूल्यांकन का मुख्य लक्ष्य प्रत्येक मेजबान देश की गहन समीक्षा करना और खिलाड़ियों और टूर्नामेंट में भाग लेने वाले हजारों प्रशंसकों के लिए सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने में उनकी सहायता करने के लिए प्रत्येक के साथ काम करना है।

# शेन वॉटसन को क्वेटा ग्लेडियेटर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शेन वॉटसन को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के आगामी संस्करण के लिए क्वेटा ग्लेडियेटर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। घोषणा में टूनार्मेंट के उद्घाटन के बाद से ग्लेडियेटर्स का पहला कोच परिवर्तन देखा गया, क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मोइन खान, जिन्होंने आठ साल तक कोच के रूप में कार्य किया, को टीम निदेशक की भूमिका में पदोन्नत किया गया। टीम के मालिक नदीम उमर ने टीम के सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा, शेन संन्यास लेने से पहले देश की प्रीमियर लीग के शुरूआती सीजन में क्वेटा ग्लेडियेटर्स की सफलता का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और टीम को प्रशिक्षित करने और उन गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए उनसे बेहतर कोई विकल्प नहीं है जिनके लिए हम प्रसिद्ध हैं। मैं उन्हें उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं और क्वेटा ग्लेडियेटर्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उनकी क्षमताओं पर विश्वास करता हूं।

### भारत ने न्यूजीलैंड को सडन डेथ में हराया

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने चौथे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तथा पेनल्टी शूटआउट बराबर रहने के बाद सडन डेथ में न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा दिया।निर्धारित 60 मिनट में रोपनी कुमारी (8'), ज्योति छत्री (17') और सुनेलिता टोप्पो (53') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया जबकि इसाबेला स्टोरी (11'), मेडलिन हैरिस (14') और रियाना फो (49') ने न्यूजीलैंड के लिए गोल किया।

# न्यूयॉर्क स्ट्राइकर की लगातार जीत का श्रेय कप्तान कीरोन पोलार्ड को

**एजेंसी। अबू धाबी**

मंगलवार को अबू धाबी टी10 में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए टीम अबू धाबी को 24 रन से हराकर लगातार चौथी दर्ज की। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 26 गेंदों में 41 रन बनाए, और ओडियन स्मिथ ने 7 गेंदों में 17 रन बनाए, स्ट्राइकर्स ने मुश्किल बल्लेबाजी सतह पर 10 ओवरों में 5 विकेट पर 110 रन का कुल स्कोर बनाया। जवाब में अबू धाबी की टीम 10 ओवरों में 5 विकेट पर केवल 86 रन ही बना सकी और 24 रनों से मैच हार गई। सुनील नरेन और मोहम्मद आमिर ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को मुश्किल में डाल दिया। नरेन ने अपने दो ओवरों में 16 रन देकर 2 विकेट लिए, वहीं, आमिर ने अपने 2 ओवरों में सिर्फ 8 रन दिए और दो विकेट हासिल किये। मैच के बाद, नरेन ने कप्तान कीरोन पोलार्ड की तारीफ करते हुए जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया। नरेन ने कहा, मुझे लगता है कि इस



सीजन में यह पूरी तरह से टीम वर्क रहा है। हर दिन एक अलग खिलाड़ी टीम के लिए प्रदर्शन कर रहा है। हर कोई अपना हाथ बढ़ा रहा है। हर कोई हर किसी की सफलता का आनंद ले रहा है और इस सीजन में यही महत्वपूर्ण है। सहयोगी स्टाफ के कारण , हमारे पास एक आरामदायक माहौल है। हम अच्छे अंतर से जीत रहे हैं। हम गेम-दर-गेम जीत रहे हैं। हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैंने कई वर्षों तक पोलार्ड की कप्तानी में खेला है। वह आजकल थोड़ा शांत हैं लेकिन उनका टीम पर अच्छा प्रभाव है। वह सभी पहलुओं के बारे में सोचते हैं और हर मैच में हमारी मदद करते हैं। इस बीच, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आमिर ने कहा कि स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी जीतने के लिए अभी भी कुछ और मैच जीतने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब आप जीतते हैं तो अच्छा लगता है। लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। शीर्ष पर रहने के लिए हमें अपने दोनों मैच जीतने होंगे। हमें इस गति को बनाए रखने की जरूरत है। छोटे प्रारूपों में, हमारे पास गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए, हमें अपना फॉर्म जारी रखना होगा।

### वर्ष 2027 तक स्पेनिश लीग ला लीगा के अध्यक्ष बने रहेंगे जेवियर टेवास

**मैड्रिड।** नेशनल प्रोफेशनल फुटबॉल लीग (ला लीगा) के चुनाव आयोग ने मंगलवार को जेवियर टेवास मेड्रानो के स्पेनिश लीग (ला लीगा) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की। टेवास इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे, जिसे उन्होंने पहली बार 2013 में संभाला था। वह 2027 तक लीग के अध्यक्ष बने रहेंगे। लीग ने कहा कि 14 दिसंबर को टेवास की आधिकारिक तौर पर अध्यक्ष के रूप में पुष्टि की जाएगी। हालाँकि, यदि चुनाव आयोग के प्रस्तावों के खिलाफ कोई अपील दर्ज नहीं की जाती है, तो अपील दर्ज करने की समय सीमा से पहले टेवास को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना जा सकता है। 61 वर्षीय टेवास को लीग के प्रसारण अधिकार बिक्री के सफल पुनर्गठन के साथ-साथ लीग के समग्र वित्त और टीमों के सुधार के लिए जाना जाता है। टेवास स्पेनिश लीग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के आधिपत्य को चुनौती देने में मदद करना चाहते हैं।

# आईसीसी टी-20 रैंकिग में शीर्ष पर पहुंचे भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई बुधवार को आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। बिश्नोई ने फरवरी 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बिश्नोई को हाल ही में घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 4-1 से सफल टी-20 श्रृंखला जीत के दौरान प्लेयर ऑफ द सीरीज नामित किया गया था, उन्होंने 18.22 की औसत से नौ विकेट लिए थे। कुल मिलाकर, बिश्नोई ने 21 टी-20 मैचों में 17.38 की औसत, 14.5 की स्ट्राइक रेट और 7.14 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 34 विकेट लिए हैं। बिश्नोई ने पहली बार 2020 में दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी पुरुष अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में दुनिया का ध्यान खींचा। उस टूनार्मेंट में, जोधपुर के इस लेग स्पिनर ने सभी खिलाड़ियों में सबसे अधिक विकेट (17) लिए और भारत चैंपियन बांग्लादेश के बाद



उपविजेता रहा। बिश्नोई के शीर्ष पर पहुंचने के साथ ही राशिद खान दूसरे, आदिल राशिद और वानिंदु हसरंगा संयुक्त रूप से तीसरे और महेश तीक्ष्णा पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल गेंदबाजों की रैंकिंग में 16 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों के लिए नवीनतम टी-20 रैंकिंग में भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 16 स्थान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के ट्रैविस हेड 16 स्थान के सुधार के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (बल्लेबाजी) और दक्षिण

### कोलंबियाई मिडफील्डर जुआन फर्नांडो क्विंटेरो की नजरें कोपा अमेरिका पर

**ब्यूनस आयर्स।** जुआन फर्नांडो क्विंटेरो को उम्मीद है कि रेसिंग क्लब के साथ उनका प्रभावशाली फॉर्म उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले साल होने वाले कोपा अमेरिका से पहले कोलंबिया की टीम में वापसी दिला देगा। सितंबर में विश्व कप क्वालीफायर में चिली के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद से क्विंटेरो ने कोलंबिया के लिए नहीं खेला है। हालांकि इसके बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी ने फॉर्म में गिरावट पर काबू पा लिया है और 20 जून से 14 जुलाई तक खेले जाने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के सबसे पुराने महाद्वीपीय टूनार्मेंट के लिए मैनेजर नेस्टर लोरेंजो की योजनाओं में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं। क्विंटरो ने सिन्हुआ से बातचीत में कहा, मैं जहां भी संभव हो मदद करने के लिए हमेशा तैयार हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकूंगा और टीम के लिए महत्वपूर्ण बन सकूंगा। क्विंटेरो ने लोरेंजो की जमकर प्रशंसा की, जिन्होंने कतर में 2022 फीफा विश्व कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने में विफलता के बाद पिछले साल जून में रेनाल्डो रुएडा की जगह ली थी।

## नागेश ट्रॉफी

### उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को 83 रनों से हराया

# टी-20 : कर्नाटक ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी। देहरादून**

नागेश ट्रॉफी - पुरुषों के राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर द ब्लाइंड 2023-24 के छठे संस्करण में बुधवार को यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को 83 रनों से हराया, जबकि कर्नाटक ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया।

दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र पर 83 रन से जीत दर्ज की। उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवर में 180/3 रन बनाए और फिर 17वें ओवर में महाराष्ट्र को 97 रन पर ढेर कर दिया। कप्तान गंभीर सिंह चौहान ने 57 गेंदों में 74 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दीपक सिंह रावत ने भी अर्धशतक (26 गेंदों में 58) का योगदान दिया। बुधवार को दूसरे मैच में दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 164/7 का स्कोर बनाया, लेकिन कर्नाटक को लक्ष्य का पीछा करने से नहीं रोक पाई. सुनील रमेश, जिन्होंने एक विकेट भी लिया, ने सनसनीखेज शतक (69 गेंदों में 114) लगाया, जिससे कर्नाटक ने दिल्ली को 13 गेंद शेष रहते हुए हरा दिया। उन्हें प्लेयर



ऑफ द मैच चुना गया। कर्नाटक अब महाराष्ट्र से भिड़ेगा जबकि पांडिचेरी गुरुवार को देहरादून चरण के चौथे दिन यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में दिल्ली से भिड़कर अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा। जम्मू चरण के समापन के बाद, इंडसइंड बैंक नागेश ट्रॉफी ग्रुप बी मैचों के लिए देहरादून में स्थानांतरित हो गई, जिसमें कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र, पांडिचेरी और उत्तराखंड के बीच गहन प्रतिस्पर्धा हुई। देहरादून-लेग सोमवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, पांडिचेरी और उत्तराखंड के एक्शन के साथ शुरू हुआ। नागेश ट्रॉफी का छठा संस्करण 23 नवंबर को जम्मू विश्वविद्यालय में ग्रुप ई की चार टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ शुरू हुआ। टूनार्मेंट 02 फरवरी, 2024 तक चलेगा और लीग चरण 29 दिसंबर, 2023 तक खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया की मुख्य कार्यकारी क्रिस्टीना मैथ्यूज 12 साल बाद पद छोड़ेंगी

**पर्थ।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की मुख्य कार्यकारी क्रिस्टीना मैथ्यूज ने कहा कि वह अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान राज्य में क्रिकेट में भारी बदलाव और समृद्धि के दौर को देखने के बाद मौजूदा सीजन के अंत में पद छोड़ देंगी। यह घोषणा ऑस्ट्रेलिया के ऑप्टस स्टेडियम में देश में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष ग्रीष्मकालीन सत्र के पहले टेस्ट में पाकिस्तान से खेलने से एक सप्ताह पहले की गई है। क्रिस्टीना को ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल क्रिकेट प्रशासकों में से एक माना जाता है। पिछले 12 वर्षों से डब्ल्यूए क्रिकेट का नेतृत्व करना और खेल के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, कोचों और कर्मचारियों के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। क्रिस्टीना ने एक बयान में कहा, ''हमने अभिजात वर्ग से लेकर सामुदायिक स्तर तक जो हासिल किया है। उससे मैं कृतज्ञ हूं और उत्कृष्ट स्वास्थ्य के साथ खेल से अलग होने पर गर्व महसूस कर रही हूं।'

# छह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियन ओपन में वाइल्डकार्ड

**एजेंसी। मेलबर्न**

पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 की चैंपियन डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी को छह ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभाओं के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2024 के लिए मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड से सम्मानित किया गया है। वोज्नियाकी, जिन्होंने 2018 में मेलबर्न पार्क में खिताब जीता था, मंगलवार को साल के पहले ग्रैंड स्लैम आयोजन के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित सात खिलाड़ियों में से एक थीं। अन्य छह प्रतिभाशाली ऑस्ट्रेलियाई किम्बर्ली बिरेल, ओलिविया गैडेकी, तायला प्रेस्टन, जेम्स डकवर्थ, मार्क पोलमैन्स और एडम वाल्टन हैं - सभी खिलाड़ी 2023 में उत्कृष्ट परिणामों के बाद ट्रेंड में हैं। 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के आधिकारिक पॉडकास्ट पर चार साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया लौटने के अपने उत्साह का खुलासा किया है। दो बच्चों की 33 वर्षीय मां ने कहा है कि वह अपने पूरे परिवार



को - जिसमें बच्चे ओलिविया (2) और जेम्स (1) शामिल हैं - मियामी बेस से मेलबर्न लाने की योजना बना रही हैं, जहां वह अपने पति और पूर्व एनबीए स्टार डेविड ली के साथ रहती हैं। वोज्नियाकी ने कहा,मेरे पास मेलबर्न की बहुत सारी अद्भुत यादें हैं, और निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना करियर का सर्वकालिक आकर्षण है। वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 में संन्यास ले लिया था। साढ़े तीन साल दूर रहने के बाद, वोज्नियाकी ने अगस्त 2023 में टेनिस में रोमांचक वापसी की। यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम वापसी से पहले उन्होंने मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में खेला, जहां वह चौथे दौर में अंतिम चैंपियन कोको गॉफ से हार गईं।

## एक नजर

### गौतम अडानी अब दुनिया के 15वें सबसे अमीर शख्स

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के शेयरों में भारी तेजी से 12 अरब डॉलर से अधिक की बढ़ोतरी के बाद अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी अब दुनिया के 15वें सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। नवंबर में अडानी समूह के शेयरों में तेजी के बाद अडानी दुनिया के शीर्ष 20 सबसे अमीर लोगों की सूची में वापस आ गए थे, अब वो 15वें नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अडानी अब 82.5 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 15वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। मंगलवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी के बाद अडानी की संपत्ति में 12 अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल आया। मंगलवार के कारोबार में अडानी ग्रुप का मार्केट कैप 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जो 13.8 लाख करोड़ रुपये है। अडानी समूह ने एक दिन में 1.92 लाख करोड़ रुपये का लाभ जोड़कर अपना अब तक का सबसे अच्छा बाजार प्रदर्शन किया।

### फोनपे के 'शेयर डॉट मार्केट' ने एडवांस इंटेलिजेंस लेयर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** फोनपे प्रोडक्ट शेयर डॉट मार्केट ने बुधवार को प्लेटफॉर्म पर 'डिस्कवर' सेक्शन लॉन्च किया, जो अपनी अत्याधुनिक इंटेलिजेंस लेयर के जरिए बेहतर निवेश अनुभव की सुविधा प्रदान करेगा। शेयर डॉट मार्केट के सीईओ उज्जवल जैन ने कहा, "शेयर डॉट मार्केट का लक्ष्य रिसर्च-बेस्ड प्रोडक्ट्स और एक्सपीरियंस पर ध्यान केंद्रित करके डिस्काउंट ब्रोकिंग को ऊपर उठाना है। हमारी ताकत टेक्नोलॉजी, डेटा, कंप्यूटिंग पावर और इंस्टीट्यूशनल क्वांटिटेटिव रिसर्च में निवेश में निहित है। शेयर डॉट मार्केट की इंटेलिजेंस लेयर एक ट्रेंडसेटर है,इंटेलिजेंस को ब्रोकिंग के साथ जोड़कर डिस्काउंट ब्रोकिंग को ऊपर उठाने के शेयर डॉट मार्केट के विजन के अनुरूप, डिस्कवर सेक्शन क्वांटिटेटिव रिसर्च-बेस्ड इंटेलिजेंस तक बिना रूकावट के एक्सेस सुनिश्चित करता है।

### घरेलू फिनटेक स्टार्टअप जेस्टमनी हो जाएगा बंद

**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स द्वारा समर्थित घरेलू डिजिटल ईएमआई फाइनेंसिंग प्लेटफॉर्म जेस्टमनी खरीदार ढूंढने के कई असफल प्रयासों के बाद परिचालन बंद कर रही है। जेस्टमनी का मूल्य 445 मिलियन डॉलर था और इसने रिबिट कैपिटल, ओमिडयार नेटवर्क, पेयू, श्याओमी और अल्टेरिया कैपिटल जैसे कई निवेशकों से 130 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए थे। टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्टअप के नए नेतृत्व ने कर्मचारियों को मंगलवार को बंद करने के फैसले के बारे में सूचित किया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतृत्व ने कहा, इस महीने के अंत तक स्टार्टअप पूरी तरह से बंद हो जाएगा। जेस्टमनी की ओर से अपना परिचालन बंद करने के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' (बीएनपीएल) स्टार्टअप ने पहली बार इंटरनेट ग्राहकों को छोटे ऋण दिए।

# सोने के मांग में आई कमी से घटी कीमत, चांदी भी पड़ी फीकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार आज दिल्ली में सोना 400 रुपये गिरकर 62850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया वहीं पिछले कारोबार में गोल्ड 63250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा आज चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली।

**लखनऊ में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का रेट 62,820 रुपये है।**

अगर आप आज सोने या चांदी खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए आज अच्छा मौका है। सराफा बाजार में आज सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। चलिए जानते है सोने और चांदी में कितनी गिरावट हुई है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की मांग में गिरावट के कारण बुधवार को सोना 400 रुपये गिरकर 62,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबार में गोल्ड 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,029 डॉलर प्रति औंस पर था। वायदा कारोबार में आज सोने की कीमत 311 रुपये बढ़कर 62,496 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 311 रुपये या 0.5 प्रतिशत बढ़कर 62,496 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जिसमें 16,625 लॉट का कारोबार हुआ। आज चांदी के भाव में भी 400 रुपये की गिरावट देखने को मिली। चांदी आज 400 रुपये टूटकर 78,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।



**विभिन्न शहरों में सोने की कीमत**

- रांची – 22 कैरट का 10 ग्राम सोना 57450 रुपये है।
- दिल्ली – 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 62,820 रुपये है।
- जयपुर – 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 62,820 रुपये है।
- पटना – 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम 62,720 रुपये है।
- कोलकाता – 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम 62,670 रुपये है।
- मुंबई – 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम 62,670 पर बिक रहा है।
- बेंगलुरु – 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 62,670 रुपये का है।
- हैदराबाद – 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 62,670 रुपये का है।
- चंडीगढ़ – 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 62,820 रुपये है।
- लखनऊ – 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का रेट 62,820 रुपये है।

## निफ्टी 21 हजार और सेंसेक्स 70,000 पहुंचने की ओर

**नई दिल्ली।** बाजार में तेजी का माहौल है, लेकिन हाल फिलहाल में बाजार में करेक्शन की भी संभावना है। तेजी के दौरान डीआईआई मुनाफावसूली कर सकते हैं। ऐसा जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है। एफआईआई इस बीच खरीददार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में लगातार गिरावट (10 साल की यील्ड अब 4.20 प्रतिशत से नीचे है) से एफआईआई खरीददारी सुनिश्चित होगी। प्रभुदास लीलाधर की टेक्निकल रिसर्च की वाइस प्रेसिडेंट वैशाली पारेख ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक और आरआईएल जैसे फ्रंटलाइन शेयरों द्वारा मजबूत प्रवृत्ति बनाए रखने के साथ निफ्टी 20,850 क्षेत्र को पार करते हुए नई रिकॉर्ड ऊंचाई बना रहा है, जो सूचकांक को आगे खींच सकता है।

## टाटा मोटर्स ने अपने प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू की

**एजेंसी। रांची**



टाटा मोटर्स ने अपने अत्याधुनिक टाटा प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू कर दी है। इस ट्रक में सबसे बेहतरीन सुरक्षा खूबियां दी गई हैं। ये टिपर ट्रक उच्च उत्पादकता के लिहाज से डिजाइन किए गए हैं। डाइवर और वाहन की सुरक्षा के लिए यह बेहतरीन सुविधाओं और फीचर्स के साथ मिलते हैं। अब प्राइमा रेंज की गाडियां ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए एलएक्स और वीएक्स ट्रिम्स में उपलब्ध हैं। प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक आधुनिक खूबियों से भरपूर है। यह ड्राइवर मॉनिटिरिंग सिस्टम, ऑटोमैटिक ट्रैक्शन कंट्रोल, हिलस्टार्ट असिस्ट, मल्टीमोड़ एफई (फ्यूल एफिशिएंसी) स्विच, कैमरा बेस्ड पार्क असिस्ट सिस्टम, इनबिल्ट टच स्क्रीन इनफोटेनमेंट सिस्टम, फ्यूल मॉनिटरिंग सिस्टम, सुविधा के लिहाज से एडजस्ट की जा सकने वाली ड्राइवर सीट, एववीएसी यूनिट, इंजन ब्रेक और टीएचयू एक्सेल से लैस है। यह स्टैंडर्ड ट्रक 4 जी कनेक्टिविटी और फर्मवेयर ओवर द एयर (एफओटीए) की क्षमता से लैस है। ट्रकों का आदर्श ढंग से प्रबंधन करने के लिए टाटा मोटर्स ने नेक्सट जेनरेशन का डिजिटल सोल्यूशन, फ्रीट ऐज पेश किया है, जिसस ट्कों के संचालन का समय बढ़ता है और स्वामित्व की कुल लागत में कमी आती है। यह प्लेटफॉर्म कारोबारी परिचालन को बेहतर बनाएगा। इसके द्वारा पूरी ट्रिप के प्रबंधन का ध्यान रखा जाएगा, साथ ही खर्च की निगरानी और मेंटेनेंस का शेड्यूल भी तय किया जाएगा। ड्राइवरों, ट्रकों के मालिकों और उपभोक्ताओं से उनकी जरूरतों के बारे में फीडबैक लेकर यह ट्रक बनाया गया है । टाटा प्राइमा ने दुनिया भर में ट्रिप को आदर्श समय में पूरा करने, ईंधन बचाने की क्षमता और चुनौतीपूर्ण हालात में अपने स्थायित्व को साबित किया है।

# फोर्ब्स 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में सीतारमण लगातार 5वीं बार शामिल

**निर्मला सीतारमण के अलावा चार अन्य भारतवंशी महिलाएं सूची में शामिल**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में जगह बनाई है। फोर्ब्स की सूची में चार भारतवंशी महिलाओं को शामिल किया गया है। फोर्ब्स की शक्तिशाली महिलाओं की सूची में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 32वें स्थान पर हैं। यह लगातार 5वीं बार है, जब निर्मला सीतारमण ने इस सूची में जगह बनाई है। पिछले साल वो इस सूची में 36वें स्थान पर रही थीं, जबकि 2021 में उनको 37वां स्थान मिला था। इस बार की रैंकिंग में महिलाओं के वैश्विक परिवेश में योगदान, महिलाओं तक शिक्षा उनके अधिकारों के लिए काम और जेंडर संबंधी हिंसा को कम करने के आधार पर दी गई है। दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में यूरोपीय आयोग की प्रमुख उसुर्ला वॉन डेर लेयेन पहले स्थान पर हैं। दूसरे स्थान पर यूरोपीय सेंट्रल बैंक की बॉस क्रिस्टीन लेगार्ड और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमल हैरिस तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में अन्य तीन भारतवंशी महिलाओं में एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नादर मल्होत्रा का 60वें स्थान, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन सोमा मंडल 70वें स्थान और बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ का 76वां स्थान है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी बिजनेस मैगजीन हर साल दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी करती है। फोर्ब्स चार प्रमुख मैट्रिक्स के आधार पर यह रैंकिंग निर्धारित करता है, जिसमें पैसा, मीडिया, प्रभाव और प्रभाव के क्षेत्र शामिल है। पॉलिटिकल नेताओं के लिए पत्रिका ने जीडीपी और जनसंख्या को मानक के तौर पर लिया है। वहीं, कॉर्पोरेट लीडर्स के लिए राजस्व, मूल्यांकन और एंप्लॉइज की संख्या को लिया है।



## पेटीएम ने क्रेडिट बिजनेस का किया विस्तार, उपभोक्ताओं व्यापारियों को दिए लोन

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी मोबाइल भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी पेटीएम ने बुधवार को कहा कि वह बड़े बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी में अपने क्रेडिट बिजनेस का विस्तार करेगी। वह कम जोखिम वाले व्यक्तियों को बिजनेस लोन की पेशकश करेगी। मजबूत पोर्टफोलियो प्रदर्शन और लोन देने की व्यापक स्वीकार्यता के कारण, पेटीएम ने पिछली तिमाही में जब इस दिशा में काम करना शुरू किया तो उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा, जैसे-जैसे लोन देने का बिजनेस बड़ा हो रहा है, हम पर्सनल और बिजनेस लोन की पेशकश के लिए विस्तार के नए अवसर देख रहे हैं। हम जोखिम और अनुपालन के सख्त पालन के साथ-साथ लोन देने वाले भागीदारों के लिए उच्च पोर्टफोलियो गुणवत्ता उत्पन्न करने पर फोकस करना जारी रखेंगे।

## हाईकोर्ट : गो फर्स्ट आरोपों पर हलफनामा दाखिल करे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नकदी संकट से जूझ रहे गो फर्स्ट के रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) से अवमानना कार्रवाई की मांग करने वाली एक पट्टादाता की याचिका के जवाब में हलफनामा दाखिल करने को कहा। पट्टादाता का आरोप है कि आरपी ने विमान के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया है। अदालत ने अक्टूबर में विमान पट्टेदारों को कई महीनों से आराम से खड़े अपने विमानों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मियों को नियुक्त करने की अनुमति दी थी। 5 जुलाई को एक अंतरिम आदेश में अदालत ने पट्टादाताओं को महीने में कम से कम दो बार अपने विमानों का निरीक्षण करने और रखरखाव करने की अनुमति दी थी। मामले की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने अक्टूबर में गो फर्स्ट के आरपी से विमान, इंजन और एयरफ्रेम के रखरखाव के संबंध में दस्तावेज अपने पट्टादाताओं के साथ साझा करने को कहा था। न्यायमूर्ति गंजू ने मंगलवार को कहा कि अदालत के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए और चेतावनी दी कि यदि अनुपालन नहीं हुआ तो उसे अगला आदेश का सामना करना पड़ सकता है। कोर्ट ने विमान का रखरखाव न होने पर चिंता जताई और इसे सभी पक्षों को प्रभावित करने वाली समस्या बताया। पट्टादाता, डीएई (एसवाई 22) 13 आयरलैंड नामित गतिविधि कंपनी ने आरपी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग करते हुए एक याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया कि विमान का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा था।




## अमेजन पे ने हियरिंग और स्पीच इंपेयर्ड ग्राहकों के लिए केवाईसी सेवा शुरू की

**नई दिल्ली।** समावेशन की ओर बढ़ते हुए एमेजॉन पे ने हाल ही में हियरिंग और स्पीच इंपेयर्ड ग्राहकों के लिए एक वीडियो साईन लैंग्वेज केवाईसी सेवा लॉन्च की, जिसमें संकेत की भाषा द्वारा संचार किया जाएगा। यह भारत में डिजिटल पेमेंट्स के क्षेत्र में एक अग्रणी अभियान है। कंपनी ने यह अभियान अमेजन पे के कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच साईन-लैंग्वेज में टू-वे वीडियो संचार संभव बनाने के लिए शुरू किया। इसका उद्देश्य उन लोगों के लिए केवाईसी प्रक्रिया को आसान और डिजिटल भुगतान को ज्यादा समावेशी बनाना है, जो साईन लैंग्वेज में बात करते हैं। यह इनोवेटिव अभियान डिजिटल भारत के प्रति एमेजॉन की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, और इससे सुनिश्चित होता है कि उनकी सेवाएं सभी के लिए समावेशी और उपलब्ध हैं, जो एक डिजिटली सशक्त भारत के विस्तृत लक्ष्य के साथ मेल खाता है।

## विदेश

# भारत का एक और दुश्मन ढेर, सीआरपीएफ पर हमले का मास्टरमाइंड था हंजला

**एजेंसी। कराची**

2015 में जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बीएसएफ के काफिले पर हमले की साजिश रचने वाला आतंकवादी हंजला अदनान को मार गिराया है.वह 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी था. बताया जा रहा है कि हंजला को उसके घर के सामने ही मार दिया गया है.

**लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी हंजला अदनान की कराची में हत्या :** भारत के दुश्मन को पाकिस्तान में ढेर कर दिया गया है. कराची में इंडिया का एक और बड़ा दुश्मन मार गिराया. 2015 में जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बीएसएफ के काफिले पर हमले की साजिश रचने वाला लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी हंजला अदनान को मार गिराया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, उसे अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारी है.

**हंजला अदनान को बंदूकधारियों ने निशाना बनाया :** हंजला अदनान को 3 दिसंबर की रात अनजान बंदूकधारियों ने निशाना बनाया था. हंजला को कुल चार गोलियां मारी गई थी. अदनान को उसके घर के बाहर ही गोली मारी गई, जिसके बाद उसे कराची के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया. हंजला की हत्या लश्कर तैयबा और हाफिज सईद के लिए बड़ा झटका के रूप में देखा जा रहा है.फिलाहल अभी तक ये पता नहीं चल सका है कि इस हत्या के पीछे कौन है.






**भारत के खिलाफ पाकिस्तान ने रची थी साजिश**

हंजला अदनान 2015 में जम्मू के उधमपुर में बीएसएफ के काफिले पर हमले का साजिश करने वाला था. इस हमले में 2 जवान शहीद हो गए थे और 13 जवान घायल हो गए थे. 2016 में पंपोर में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले के पीछे भी हंजला को ही मास्टमाइंड माना गया था. इस हमले में 8 जवान शहीद हो गए थे. हंजला ने पाकिस्तान में बैठकर इन हमलों की साजिश रची थी. माना गया था कि हंजला अदनान लश्कर चीफ हाफिज सईद के साथ मिलकर इन हमलों की साजिश रच रहा था.

## जेनिन छापे में 2 सुरंग शाफ्ट, 3 बम बनाने वाली लैब मिली

**तेल अवीव।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि मेनाशे क्षेत्रीय ब्रिगेड, डुवदेवन इकाई, लोटार और सीमा पुलिस के जवानों ने वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी शिविर में रात भर अभियान चलाया, जिसमें 10 वांटेड फिलिस्तीनियों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान दो सुरंग शाफ्ट और तीन बम बनाने वाली लैब का भी पता चला। इस दौरान कई हथियार और अन्य उपकरण जब्त किए गए। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने कहा कि इजरायली सैनिक क्षेत्र में फिलिस्तीनी बंदूकधारियों के साथ भिड़ गए। उन्होंने सशस्त्र संदिग्धों और विस्फोटक उपकरण फेंकने वालों पर जवाबी गोलीबारी की।

## इजरायल समर्थक नेता सुशीला की कांग्रेस दावेदारी का विरोध

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राज्य ओरेगॉन में इजरायल समर्थक तीसरे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में भारतीय-अमेरिकी सुशीला जयपाल की उम्मीदवारी का विरोध कर सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में ये कहा गया है। प्रमिला जयपाल की बड़ी बहन सुशीला ने पिछले महीने कहा था कि वह जिले के प्रतिनिधि अर्ल ब्लूमेनॉयर की जगह लेना चाहती हैं, जिसमें पोर्टलैंड के कुछ हिस्से शामिल हैं, और यह एक डेमोक्रेटिक गढ़ है। यहूदी अंदरूनी सूत्र की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व मल्टनोमाह काउंटी आयुक्त की कांग्रेस की उम्मीदवारी पोर्टलैंड यहूदी नेताओं को चिंतित करने वाली है। विवाद का एक प्रमुख स्रोत 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के कुछ दिनों बाद मल्टनोमाह काउंटी बोर्ड की बैठक से पैदा हुआ है। बैठक के दौरान, सुशीला जयपाल ने पोर्टलैंड ब्रिज को इजरायली ध्वज के रंगों - नीले और सफेद - में रोशन करने के लिए समर्थन दिखाने की मांग करने वाले प्रस्ताव को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया।



## शिक्षा

## भारतीय स्कूल स्वीकार्य से अच्छे स्तर पर पहुंचे गए

# दुबई में भारतीय निजी स्कूलों में 90 हजार छात्र

**एजेंसी। दुबई**

अमीरात के निजी शिक्षा नियामक ने नवीनतम भारतीय स्कूल निरीक्षण के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि दुबई में भारतीय निजी स्कूलों में नामांकन में एक साल में लगभग 9,000 की वृद्धि हुई है। द नेशनल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में भारतीय निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 2022-23 में 94,499 हो गई, जो पिछले शैक्षणिक वर्ष के 85,588 से अधिक है।

दिल्ली प्राइवेट स्कूल दुबई की प्रिंसिपल रश्मी नंदकेओलियार ने बताया कि महामारी के दौरान हमारे जैसे स्कूलों में अचानक भारी संख्या में नामांकन हुए। हमारे पास ऑनलाइन क्लासेस थी, हम कुछ और विद्यार्थियों को समायोजित कर सकते थे। अब हम पूरी क्षमता पर हैं और हमारे पास एक भी स्थान नहीं है।नंदकेओलियार ने द नेशनल को बताया, बहुत से लोग दुबई जा रहे हैं क्योंकि यह एक बहुत ही सुरक्षित जगह है और हमारे जैसे बजट स्कूल बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से उनकी मांग की जाएगी। अक्टूबर में, अधिकारियों ने कहा कि दुबई में निजी स्कूल के विद्यार्थियों की कुल आबादी एक साल में रिकॉर्ड 39,000 बढ़ गई है। उस समय के आधिकारिक आंकड़ों से पता चला कि अमीरात में 365,000 से अधिक छात्र नामांकित थे, जो नवंबर 2022 में 326,000 से अधिक है। निरीक्षण के नतीजों से पता चला कि चार भारतीय स्कूल स्वीकार्य से अच्छे स्तर पर पहुंच गए हैं और किसी भी स्कूल की रेटिंग में गिरावट नहीं आई है। दिल्ली प्राइवेट स्कूल और द मिलेनियम स्कूल एकमात्र ऐसे स्कूल थे जिन्हें कल्याण के लिए उत्कृष्ट दर्जा दिया गया था, जबकि नाद अल शीबा क्षेत्र में जेम्स मॉडर्न एकेडमी को शामिल किए जाने के लिए उत्कृष्ट दर्जा दिया गया था। ज्ञान और मानव विकास प्राधिकरण के महानिदेशक अब्दुल्ला अल करम ने कहा, "हमारा लक्ष्य दुबई को शिक्षा के लिए एक वैश्विक गंतव्य में बदलना है।



## 6जी के अनुसंधान और विकास को गति देगा चीन

**बीजिंग।** चीनी उद्योग और सूचनाकरण मंत्रालय से मिली खबर के अनुसार चीन नयी किस्म वाले वाई-फाई और साइबर की कुंजीभूत तकनीकों का अध्ययन मजबूत कर 6जी तकनीक के अनुसंधान व विकास को गति देगा। चीनी उप उद्योग व सूचनाकरण मंत्री चांग युनमिंग ने बताया कि उद्योग व सूचनाकरण मंत्रालय विभिन्न पक्षों के साथ 6जी के भावी मांग अध्ययन, तकनीकी अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाएगा और 6जी बढ़ाने के लिए आईएमटी-2030 कार्य दल स्थापित करेगा और 6जी के सृजनात्मक विकास के लिए नीतिगत समर्थन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 6जी नयी पीढ़ी वाला स्मार्ट और चतुमुर्खी डिजिटल बुनीयादी ढांचा है, जिसे वैश्विक उद्योग, अध्ययन और उपभोग जगतों की समानता, बुद्धिमत्ता और सहयोग की जरूरत है। चीन 6जी के वैश्विक एकीकृत मापदंड की स्थापना को बढ़ाएगा।

## पेज एक के शेष

### 5 लाख का...

सिंह पर सरकार की ओर से 5 लाख रुपये इनाम भी घोषित था। उन्होंने बताया कि प्रदीप सिंह पर लातेहार के अलावा राज्य के अन्य थाना क्षेत्र में कुल 23 नक्सली हिंसा के मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली से पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। एसपी ने बताया कि प्रदीप सिंह की गिरफ्तारी में एसपी संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर गौरव सिंह, राज रोशन सिन्हा, मोहम्मद शाहरुख, रोहित कुमार महतो, दिवाकर धोबी, देवानंद कुमार, कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, निर्मल बेक समेत अन्य पुलिस के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। एसपी ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी को पुरस्कृत करने के लिए विभाग से अनुशंसा की जा रही है।

### दिल्ली में 17 दिसंबर को...

लालू की पार्टी राजद की नीतीश की पार्टी जदयू से गठबंधन है। उस गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश हैं। ऐसे में अब देखना है कि नीतीश क्या कहते हैं। इसी तरह से अखिलेश यादव तो लालू के रिश्तेदार हैं। ऐसे में अखिलेश 17 दिसंबर को आते हैं या ईडी व सीबीआई के डर से नहीं आते हैं। रही बात ममता की तो वह इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद की दावेदार बनना चाहती हैं। ऐसे में देखना है वह क्या करती हैं। और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल की हालत तो और भी विचित्र है, वह कुछ भी कह व कर सकते हैं। इसी तरह देखिए अब झारखंड के मुख्यमंत्री की व्यस्तता कहीं और पहले से होती है या नहीं। वैसे उनका बयान आ चुका है कि वे नहीं जा रहे । भाजपा की जीत पर भी उनका बयान दिलचस्प था कि जो काम करेगा जीतेगा ही जैसा कुछ टीवी चैनलों में दिखाया गया। लेकिन शरद पवार व उद्धव ठाकरे तो व्यस्तता रहेगी भी तो अपना तय कार्यक्रम टालकर 17 दिसंबर की बैठक में आएंगे।

### अनमोल जीवन को...

पता चला है कि नींद की गड़बड़ी आत्मघाती विचार और व्यवहार से जुड़ी है।

सभी आत्महत्याओं में से 20% मामलों में कीटनाशक विष का उपयोग किया जाता है और अत्यधिक जहरीले, अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लागत प्रभावी साबित हुए हैं, ऐसे प्रतिबंधों की सिफारिश डब्ल्यूएचओ द्वारा की जाती है। अन्य उपायों में आग्नेयास्त्रों तक पहुंच को प्रतिबंधित करना, दवा पैकेजों के आकार को कम करना और कूदने वाले स्थानों पर अवरोध स्थापित करना शामिल है। कुछ संस्थाएं भारत में भी कार्यरत है जो बच्चों में परीक्षा के तनाव से लेकर प्रेम प्रसंग तथा अन्य कारणों से लेकर बड़ों तक को ऑनलाइन परमर्श देकर उन्हें जीने की प्रेरणा देता है। सबसे बड़ी बात है परिवार का सहयोग,लगातार संपर्क और किसी भी सदस्य के व्यवहार में आ रहे बदलाव गुमसुम रहने जैसे मामलों में उससे खुलकर बात करनी चाहिए और जीवन के अनमोल होने का बोध कराना चाहिए ताकि वह अपनी समस्याओं का हल ढूंढ सके। ज्यादातर मामलों में समाधान रहते हुए भी किसी ने उन्हें समझाया नहीं जैसे मामले होते हैं।




## एक नजर

### संवेदनशील मामलों में बेंचों के बदलाव पर सीजेआई को पत्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित संवेदनशील मामलों की सूची पर नाराजगी व्यक्त की है। दवे ने पत्र में कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत की विभिन्न पीठों के समक्ष ऐसे कई मामले देखे हैं जो पहली बार सूचीबद्ध होने पर और या जिनमें नोटिस जारी किया गया था, उन्हें उन पीठों से हटाकर अन्य पीठों के समक्ष सूचीबद्ध किया जा रहा है।

### यासीन मलिक के मौत की सजा की याचिका पर सुनवाई फरवरी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख यासीन मलिक को मौत की सजा देने की मांग वाली एनआईए की याचिका पर सुनवाई 14 फरवरी 2024 तक के लिए टाल दी। यासीन आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने तिहाड़ जेल के जेल अधीक्षक को सुनवाई की अगली तारीख पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मलिक को जेल से पेश करने का भी निर्देश दिया।

### सूखाग्रस्त कर्नाटक की आर्थिक मदद करे केन्द्र : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कर्नाटक में किसान सूखे से परेशान हैं। ऐसे में किसानों को वहां आर्थिक सहयोग की जरूरत है। खड़गे ने आज सदन में आसन के माध्यम से केन्द्र से कर्नाटक को आर्थिक मदद देने का अनुरोध किया।

## गोमूत्र राज्य वाले टिप्पणी को लेकर लोकसभा में हंगामा

# डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने मांगी माफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी गोमूत्र राज्य वाले टिप्पणी पर जोरदार हंगामा हुआ जिसे देखते हुए सदन की कार्रवाई 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में अपने विवादित बयान के लिए माफी मांग ली। हंगामे के बाद डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने हिंदी बेल्ट को लेकर दी गई विवादित टिप्पणी के लिए सदन में माफी मांगी। सांसद सेंथिल ने कहा, कि अनजाने में मेरे द्वारा दिए गए बयान से अगर कुछ वर्गों की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं इसे वापस लेना चाहूंगा। इन शब्दों को हटाने का मैं अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें इसका अफसोस है। दरअसल सदन में प्रश्नकाल के दौरान डीएमके नेता टीआर बालू पूरक प्रश्न पूछने के लिए खड़े हुए थे, तभी केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने डीएमके सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार के हिंदी बेल्ट वाले राज्यों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर सांसद सेंथिल ने अपने विवादित बयान पर सदन से माफी मांग ली। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन के लिए विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा। सेंथिल कुमार के बयान पर गिरीराज सिंह ने भी सख्त आपत्ति जताई थी।



### विस चुनाव जीते भाजपा के 10 सांसदों ने दिया इस्तीफा


हाल के चुनावों में विधानसभाओं के लिए निर्वाचित भाजपा के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दो और सांसद भी जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफा देने वाले सांसदों में 9 लोकसभा से और एक राज्यसभा से हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल शामिल हैं। मध्य प्रदेश से जीतने वाले नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और गोमती साई ने जीत हासिल की है। राजस्थान से राज्यवर्धन राठौर, महंत बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा ने जीत दर्ज की है। किरोड़ी लाल मीणा राज्यसभा से सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और सांसद महंत बालक नाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया। वह जल्द ही इस्तीफा देंगे। भाजपा ने इस बार के विस चुनावों में कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 को जीत हासिल हुई और बाकी 9 सांसद चुनाव हार गए।

### केंद्र ने 1.29 लाख करोड़ के अतिरिक्त व्यय की मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के दौरान किसानों को अधिक सब्सिडी देने और ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के बढ़े खर्च की पूर्ति के लिए 1.29 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट के लिए लोकसभा से मंजूरी मांगी।

## 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में 45 हजार लोगों की जान गई

### लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयक पारित



**लोकसभा** ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया। मंगलवार को विधेयक पर चर्चा आरंभ हुई थी जो आज भी जारी रही। चर्चा का उत्तर देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक सालों से अधिकारों से वंचित विस्थापितों और सम्मान के लिए लड़ रहे वर्ग को अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण देने के लिए लाया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधायकों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के चलते जम्मू-कश्मीर में 45 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस अनुच्छेद को नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2019 में उखाड़ फेंका है। गृहमंत्री ने कहा कि वर्तमान विधेयकों का उद्देश्य सकारात्मक है और वह सभी से सर्वसम्मति से इसे पारित करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के दौर में राज्य से 46 हजार 631 परिवार विस्थापित हुए थे। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों के दौरान 41 हजार 844 परिवार विस्थापित हुए थे। विधेयक का उद्देश्य इन लोगों को सम्मान के साथ उनका अधिकार देना है। गृहमंत्री ने इस दौरान 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आए बदलावों का विस्तृत ब्योरा दिया।

### पीओके का ममाला यूएन में ले जाना नेहरू की गलती

गृहमंत्री ने अपने भाषण में पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के दो निर्णयों को उनकी ऐतिहासिक गलती बताई और इनके लिए उन्होंने अंग्रेजी के बलंडर शब्द का प्रयोग किया। इस शब्द पर विपक्ष ने अपनी आपत्ति जताई और कुछ सदस्यों ने सदन से वर्कआउट किया। गृहमंत्री ने कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री नेहरू ने इन्हें अपनी गलती कहते हुए स्वीकार किया है। गृहमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से 1947 की लड़ाई के दौरान संघर्ष विराम की घोषणा समय से पहले थी। ऐसा नहीं किया गया होता तो पाक अधिकृत कश्मीर इस समय भारत में होता। साथ ही नेहरू जी को इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र नहीं लेकर जाना चाहिए था। अगर जाना चाहिए था भी तो चार्टर 35 की जगह 51 के तहत जाना चाहिए था। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 जम्मू और कश्मीर आरक्षण अधिनियम, 2004 में संशोधन करता है।

# दक्षिण भारत में मिचौंग का कहर, अब तक 12 की मौत, कई राज्य अलर्ट पर

**एजेंसी। चेन्नई**

चक्रवात मिचौंग दक्षिण भारत में बीते कई दिनों से कहर बरपा रहा है। इस चक्रवात के कहर के कारण दक्षिण भारत में अब तक कम से कम 12 लोगों की मौत हो चुकी है। तमिलनाडु और ओडिशा में भयंकर तबाही मचाने के बाद मिचौंग चक्रवात ने 90 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ आंध्र प्रदेश में दस्तक दी।

बता दें कि चेन्नई में मिचौंग का सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया है। चेन्नई शहर विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की जान चली गई है। बचावकर्मी बाढ़ वाले इलाकों में फंसे निवासियों को बचाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। तूफान ने संपत्ति और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचाया है, हजारों एकड़ में फैली फसलें फसलें भी बर्बाद हो गईं हैं और सैकड़ों घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। तूफान के कारण प. बंगाल में भारी बाशि हुई है जबकि बिहार झारखंड में भी बारिश हो रही है।

**हाई अलर्ट पर हैं कई राज्य :** मिचौंग चक्रवात के चलते आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा में अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और नुकसान का आकलन करने और प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**140 ट्रेनें और 40 उड़ानें हुई रद्द :** प्रभावित अनकापल्ली जिले में 52 पुनर्वास केंद्र स्थापित किए गए हैं और 60,000 से अधिक लोगों को रहने की व्यवस्था की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार देर रात तक तूफान की गति घटकर 65-75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। आंध प्रदेश में चक्रवात मिचौंग के चलते मंगलवार को 140 ट्रेनें और 40 उड़ानें रद्द कर दी गई।

## अनुराग ठाकुर का विपक्ष के तानों पर निशाना, कहा-

# सनातन धर्म, हिन्दुओं व हिन्दी से विपक्ष को नफरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर ने आईएनडीए गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इनके नेताओं का सनातन धर्म, हिन्दुओं और हिन्दी भाषी लोगों के खिलाफ बयान सुनियोजित साजिश है। उन्होंने बुधवार को संवाददाताओं से चर्चा में ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ सरकार चला रहे हैं और विपक्ष हिन्दू और सनातन धर्म से नफरत करते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है।



ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हार के बाद दुर्व्यवहार पर उतर आई है। ईवीएम की आलोचना कर रही है। देश की संस्कृति और पहचान को मिटाने की साजिश रच रही है। कुछ लोग 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग के साथ खड़े हैं, लेकिन भाजपा देश को बंटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके घमंडिया गठबंधन की सोच हिंदुत्व और सनातन धर्म का अपमान करने की है। दिग्विजय सिंह समेत विपक्षी नेताओं के ईवीएम पर सवाल उठाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। हार स्वीकार करने के बाद वे कभी पराजय के कारण पर विचार नहीं करते। कांग्रेस नेता ईवीएम को दोष देते रहते हैं और सनातन धर्म और हिंदुओं की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को बांटने का बीज बोने का काम कांग्रेस और उनके सहयोगी दल कर रहे हैं। यह अहंकार नहीं तो और क्या है। यह विभाजन की साजिश और क्षेत्रवाद की राजनीति है। कांग्रेस की सोच दशार्ती है कि बांटों और राज करो। उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या उनका समर्थन अपने सहयोगी दलों पर नहीं है , जो हिन्दू के खिलाफ ऐसी सोच रखते हैं। क्या मजबूरी है कि घमंडिया गठबंधन भारत के टुकड़े टुकड़े देखना चाहती है। ऐसी क्या मजबूरी है कि देश को बांटना जरूरी है। ईवीएम पर ठीकरा फोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन सारे सवालों के जवाब कांग्रेस नेताओं को देना चाहिए।

# बुशरा के थे इमरान खान के साथ 'अवैध संबंध'

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

बुशरा बीबी के साथ पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की शादी को उनके पूर्व पति खावर फरीद मनेका ने पाकिस्तानी अदालतों में चुनौती दी है। खावर फरीद मनेका के नौकर ने आरोप लगाया है कि बुशरा बीबी के इमरान खान के साथ अवैध संबंध थे और दोनों किसी बहाने मनेका के आवास पर बंद कमरे में मिलते थे। खावर फरीद मनेका के नौकर ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराते हुए कहा, "वह उस समय कई बार चश्मदीद गवाह था,



जब खान और बुशरा बीबी मेनका के आवास पर यौन संबंध बना रहे थे।' खावर फरीद मनेका के एक पुराने कर्मचारी मुहम्मद लतीफ सिविल जज के सामने पेश हुए। जहां उन्होंने दावा किया कि पीटीआई के पूर्व अध्यक्ष बुशरा बीबी के घर आते थे और दोनों एक साथ एक कमरे में जाते थे।

# गंगोत्री हाइवे पर बनी ओपन टनल के पीछे हो रहा लगातार भूस्खलन

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

गंगोत्री हाइवे पर बने ओपन टनल के पीछे लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। हालांकि, एनएचआईडीसीएल टनल के नीचे भूस्खलन प्रभावित हिस्से की मरम्मत कर रहा है? लेकिन, टनल के पीछे भूस्खलन प्रभावित हिस्से को बिना उपचार के ही छोड़ दिया गया है। एनएचआईडीसीएल के अधिशासी निदेशक कर्नल संदीप सुदेहरा ने



कहा कि ओपन टनल को भूस्खलन की रोकथाम के लिए डिजाइन किया गया है। टनल के पीछे भूस्खलन हो रहा है तो इससे टनल को कोई दिक्कत नहीं है। फिर भी इसे दिखवा लिया जाएगा। बता दें कि साल 2010 में गंगोत्री हाईवे पर चुंगी बड़ेथी क्षेत्र में भूस्खलन जोन सक्रिय था। जिसके बाद 28 करोड़ की लागत से एनएचआईडीसीएल ने इसका उपचार किया था। जिसका कोई फायदा नहीं हुआ था। उसके बाद दोबारा 28.3 करोड़ की लागत से सड़क सुरक्षा गैलरी के तौर पर ओपन टनल बनाई गई। लेकिन, साल 2021 में जब ये ओपन टनल पूरी तरह तैयार हो गई तो अगस्त में इसमें भूस्खलन हुआ।




## 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के सीक्वल को लेकर कैटरीना ने जोया से की बात



**फरहान अख्तर** की फिल्म दिल चाहता है से तीन दोस्तों की कहानी और रोड ट्रिप हिंदी फिल्मों में आने लगी और ट्रेंड बन गई। इसके बाद ऐसी कई फिल्में आईं लेकिन दिल चाहता है को टक्कर देने वाली फिल्म जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की चर्चा आज भी हो रही है। 12 साल बाद भी फैंस को यह फिल्म याद है। हाल ही में इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने इसके सीक्वल को लेकर कमेंट किया है। कैटरीना ने कहा, 'हम सभी जोया से इस फिल्म के सीक्वल का निर्देशन करने के लिए कह रहे हैं। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसके बारे में बात की जा रही है, बल्कि मुझे लगता है कि यह वास्तव में उस फिल्म का एक बेहतरीन सीक्वल बन सकता है। कैटरीना से पहले जोया ने भी इस फिल्म के सीक्वल को लेकर कमेंट किया था। जोया ने कहा, 'यह फिल्म हमारे लिए बहुत करीब और महत्वपूर्ण है। इसलिए अगर मुझे वास्तव में दूसरे एपिसोड के लिए पर्याप्त अच्छा प्लॉट मिल जाए, तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगी। हम सिर्फ पैसा कमाने के लिए दूसरा भाग नहीं बनाना चाहते।

## फिल्म 'फाइटर' में अनिल कपूर का फर्स्ट लुक जारी




**साल** 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फाइटर' को लेकर फैन्स का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। दर्शकों की जिज्ञासा बढ़ाते हुए निमार्ताओं ने अब फिल्म में अनिल कपूर के लुक से भी पर्दा उठा दिया है। अनिल फिल्म में एक्टर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह के रूप में दिखाई देंगे, जो अपने कॉल साइन 'रॉकी' के नाम से मशहूर हैं। फिल्म 'फाइटर' में कमांडिंग ऑफिसर के रूप में अनिल कपूर का किरदार गहराई और गंभीरता का एक मास्टरक्लास है, जो एक ईमानदारी, ताकत, समर्पण और कमिटमेंट को दशार्ता है। "रॉकी" में उनका किरदार एक 'फाइटर' की भावना को पूरी तरह से दशार्ता है और दर्शकों को एक मनोरंजक सिनेमाई अनुभव का वादा करता है।

## बेटी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में शामिल हुआ शाहरुख खान का पूरा परिवार

**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान की बेटी सुहाना जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। वह नेटफ्लिक्स की 'द आर्चीज' से मनोरंजन जगत में कदम रखेंगी। फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में फिल्म के कलाकार अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। शाहरुख खान भी अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद थे। शाहरुख खान के साथ सुहाना, गौरी, आर्यन और अबराम भी मौजूद थे। इस दौरान के कई वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस सेरेमनी में अबराम खान ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। फिलहाल सोशल मीडिया पर अबराम खान की ही चर्चा हो रही है। जोया अख्तर की 'द आर्चीज' 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। मंगलवार रात




फिल्म के कलाकारों के लिए एक विशेष प्रीमियर रखा गया। इसमें कैटरीना कैफ, जूही चावला और अमिताभ बच्चन समेत कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं, लेकिन इवेंट में शाहरुख खान और उनके परिवार ने सबका ध्यान खींचा। पूरा खान परिवार अपनी बेटी की पहली फिल्म के लिए उत्साहित था।

## साइबर खतरा | 20 प्रतिशत ने ऑनलाइन फ्रॉड में पैसे खोने की बात स्वीकारी

# 72%भारतीय ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए

**47 प्रतिशत ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य या दोस्त के साथ धोखाधड़ी हुई**

**22 फीसदी का मानना है कि बैंकों को उनके घाटे की भरपाई करनी चाहिए**

**26 प्रतिशत चाहते हैं कि सरकार घोटाले के नुकसान को वहन करे**

**एजेंसी। मुंबई**

यूगोव ने नवंबर में एक ई-सर्वेक्षण किया। जिसमें दावा किया गया है कि हाल के दिनों में 72 प्रतिशत भारतीय विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन घोटालों/धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। सर्वेक्षण में शामिल



लोगों में से 20 प्रतिशत ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में पैसे खोने की बात स्वीकार की, जबकि 47 प्रतिशत ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य या दोस्त के साथ धोखाधड़ी की गई। लगभग 28 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने तर्क दिया कि वे ऐसे ऑनलाइन ठगों से बच गए हैं, जबकि 10 प्रतिशत ने 'पता नहीं' मोड में जवाब दिया। घोटाले फर्जी नौकरी रैकेट, ऑनलाइन शॉपिंग, निवेश घोटाले, बैंक/कार्ड फि शिंग, लॉटरी या नकली पुरस्कार प्रस्ताव, सरकारी या सोशल मीडिया धोखा, धोखाधड़ी वाले ऋण, डेटिंग/रोमांस लालच और नकली दान आदि प्रकार के थे। सर्वेक्षण में ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सूची में टॉप (27 प्रतिशत) पर हैं। इसके बाद लिस्ट में फर्जी नौकरी की पेशकश (26 प्रतिशत), बैंक/कार्ड फि शिंग (21 प्रतिशत), निवेश घोटाले (18 प्रतिशत), आकर्षक लॉटरी धोखाधड़ी (18 प्रतिशत), सोशल मीडिया धोखाधड़ी और ऋण प्रस्ताव (प्रत्येक 17 प्रतिशत), नकली दान और सरकारी फि शिंग (प्रत्येक 12 प्रतिशत) और डेटिंग ऐप धोखाधड़ी (11 प्रतिशत) है। टॉप तीन प्रकार की धोखाधड़ी में से, मिलेनियल्स ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों से सबसे अधिक प्रभावित (33 प्रतिशत) हुए हैं, जबकि जेनजेड फर्जी नौकरी/रोजगार प्रस्तावों से (31 प्रतिशत) प्रभावित हुआ है। हालांकि, बड़ी संख्या में भोले-भाले भारतीयों को एक या एक से अधिक घोटालों में धोखा दिया गया है, केवल 30 प्रतिशत ने संबंधित अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करने की जहमत उठाई और 48 प्रतिशत ने दावा किया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के 1,022 लोगों को कवर करने वाले त्वरित सर्वेक्षण में उन्हें अपना पैसा वापस मिल गया। हालांकि, शेष लोगों ने ऐसे घोटालों में खोने की शिकायत नहीं की, जबकि 46 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें अपना खोया हुआ पैसा वापस नहीं मिला। दोष तय करने के पहलू पर, 26 प्रतिशत चाहते हैं कि सरकार घोटाले के नुकसान को वहन करे। जबकि 23 प्रतिशत ने कहा कि उपभोक्ता जिम्मेदार हैं, 22 फीसदी का मानना है कि बैंकों को उनके घाटे की भरपाई करनी चाहिए और 4 फीसदी चाहते हैं कि टेलीकॉम कंपनियों को जवाबदेह बनाया जाए।